रांची
गुरुवार
20.10.2022
कार्तिक कृष्ण पक्ष 10
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-255 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

बड़प्पन वह गुण होता है जो किसी पद से नहीं बल्कि गुणों और संस्कारों से प्राप्त होता है। परायों को अपना बनाना मुश्किल नहीं, मुश्किल तो अपनों को अपना बनाये रखना है।




## ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक हामिद अख्तर को बुधवार को उपस्थित होने का नोटिस भेजा था, लेकिन वह एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। वहीं, इस संबंध में उन्होंने कोई पत्राचार भी एजेंसी से नहीं किया है। वहीं, गुरुवार को इस मामले में सीएम आवास के सुरक्षा के प्रभारी को उपस्थित होना है। पुलिस मुख्यालय ने इस मामले में सुरक्षा के प्रभार में वरीय पदाधिकारी को उपस्थित होने का निर्देश दिया है। ऐसे में सीएम आवास की सुरक्षा के वरीय प्रभारी डीएसपी विमल कुमार को उपस्थित होना है। विमल कुमार के अलावे दो अन्य डीएसपी भी सीएम आवास के सुरक्षा प्रभार में हैं। गौरतलब है कि 18 अक्टूबर को ईडी ने दो अलग-अलग मामलों में हामिद अख्तर और सीएम आवास के सुरक्षा प्रभारी को नोटिस भेजा था।

▸▸ **आज सीएम के सुरक्षा प्रभारी को होना है हाजिर**

**परेशानी में फंस सकते हैं जेल अधीक्षक :** जेल अधीक्षक हामिल अख्तर अमित अग्रवाल के अलावे ईडी के केस में बंद दूसरे आरोपियों को लाभ पहुंचाने के मामले में फंस सकते हैं। ईडी के केस में बंद आरोपियों के जेल में संचार उपकरणों के इस्तेमाल की सूचनाएं मिली हैं, वहीं जेल में वीवीआईपी सुविधाएं भी कई आरोपियों को मिलने की जानकारी ईडी को मिली है। इसके अलावे ईडी ने अमित अग्रवाल के वकालतनामा में गड़बड़ी करने को लेकर जेल अधीक्षक का समन किया है। सुप्रीम कोर्ट में दायर अमित अग्रवाल के वकालतनामा में 12 अक्टूबर की तारीख पर जेल अधीक्षक की सत्यापित हस्ताक्षर थी, जबकि इस तारीख को अमित अग्रवाल ईडी की रिमांड पर थे।

**कागजात देने गये जयपुरियार :** ईडी ने अवैध खनन मामले में सीए जयपुरियार से कुछ जानकारियां मांगी थी। बुधवार को सीए जयपुरियार ईडी कार्यालय पहुंचे, इसके बाद संबंधित दस्तावेज जमा कराया। जयपुरियार के यहां राजनीतिक परिवार से जुड़े कागजात, प्रेम प्रकाश की संपत्तियों की जानकारी समेत कई दस्तावेज व डिजिटल डिवाइस 24 अगस्त की छापेमारी में बरामद की गयी थी।

### निशिकांत-बाबूलाल ने कसा तंज

ईडी की कार्रवाई को लेकर सांसद निशिकांत दूबे और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सरकार व नौकरशाही पर तंज कसा। निशिकांत दूबे ने ट्वीट कर कहा कि झारखंड में अनिल झा ने जेल में बंद दलाल प्रेम प्रकाश के कलेक्शन एजेंट के तौर पर ईडी के सामने बयान में मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे का भी नाम बड़ी प्रमुखता से बताया। वहीं, बाबूलाल मरांडी ने भी ट्वीट कर निशाना साधते हुए लिखा कि ईडी की जांच में नित्य नये हो रहे हैरान करनेवाले खुलासे से लगता यही है कि कौरवों की तरह लूट मंडली का नाश होता तय है।

### मुख्यमंत्री ने चतरा में 67 योजनाओं की रखी आधारशिला, 42 योजनाओं की दी सौगात

## सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का चल रहा महाअभियान : सीएम

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** हमारी सरकार सिर्फ योजनाएं नहीं बना रही हैं, बल्कि उसे जन-जन तक पहुंचा रही है। आप इन योजनाओं से जुड़कर खुद सशक्त, स्वावलंबी और खुशहाल बने तथा राज्य के विकास में सहभागी बनकर उसे गति दें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को चतरा के जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह आपकी सरकार है और आपके दुःख-दर्द, तकलीफ, परेशानी और का समस्याओं के समाधान के लिए 24 घंटे काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएं कागज-कलम में दम तो नहीं तोड़ रही है। योजनाएं सही तरीके से धरातल पर पहुंच रही है या नहीं। इस देखने के लिए ही इस कार्यक्रम में शामिल हो रहा हूं। पंचायतों में आयोजित हो रहे इन शिविरों की एक ओर मुख्यालय के स्तर पर पोर्टल के माध्यम से समीक्षा की जा रही है। वहीं, वरीय अधिकारियों को भी विशेष रूप से शिविरों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये हैं।

▸▸ **लाभुकों के बीच 104 करोड़ 02 लाख 42 हजार रुपये की बांटी परिसंपत्ति**

▸▸ **मुख्यमंत्री ने कहा- स्कूलों में शिविर लगाकर बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जायेगा**

### स्कूली बच्चियों को समर्पित है किशोरी समृद्धि योजना




**मुख्यमंत्री** ने कहा कि 11 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना को लांच किया गया। यह योजना स्कूली बच्चियों को समर्पित है। इस योजना से नौ लाख बच्चियों को जोड़ने का लक्ष्य है। अब स्कूलों में शिविर लगाकर बच्चियों को किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया जायेगा। वहीं, छात्रवृत्ति की राशि में तीन गुना तक इजाफा किया गया है। इसके अलावे छात्रावासों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। यहां चौकीदार और रसोइया होंगे। यहां रहनेवाले विद्यार्थियों के अनाज की भी व्यवस्था करने पर सरकार विचार कर रही है। निजी विद्यालय की तर्ज पर मॉडल स्कूल खोले रहे हैं। यहां बच्चों को निशुल्क अंग्रेजी माध्यम से गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों-मजदूरों को अब अपने बच्चे-बच्चियों के पढ़ाई-लिखाई की चिंता करने की जरुरत नहीं है। आप अपने काम करें। आपके बच्चों की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने सोनाहातू थाना क्षेत्र में दुकान में घुसकर महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म और सामान की चोरी करने के मामले का खुलासा कर लिया है। इस वारदात को अंजाम देनेवाले चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मनषा महतो, ललित महतो, कमलेश महतो और एक नाबालिग शामिल है। पुलिस आरोपियों के पास से चोरी किया गया सामान व 40 हजार नगदी भी बरामद कर ली है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बीते 17 अक्टूबर को सोनाहातू थाना क्षेत्र की रहनेवाली एक महिला अपनी दुकान बंद कर कुछ काम से गयी थी। लौटने पर आरोपी दुकान के भीतर थे। महिला को देखते ही आरोपियों ने उन्हें पकड़ लिया। उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इस दौरान दुकान के अलमीरा में रखे 40 हजार नगदी और 20 हजार रुपये का सामान लेकर भाग निकले। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस छापेमारी कर मंगलवार को चारों आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन के सिर पर चुनावी मुसीबतों का पहाड़

\- कृष्णमोहन सिंह

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस का 24 वर्ष बाद चुनाव हुआ। जिसमें 80 वर्षीय मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने से 14 वर्ष छोटे 66 वर्षीय शशि थरूर को 6825 वोट से हराकर उनसे लगभग सात गुना वोट पाकर जीत हासिल की। खड़गे को 7897 वोट मिले जबकि थरूर को 1072 वोट ही मिल पाये। 416 वोट खारिज कर दिये गये। 9,385 कांग्रेस नेताओं ने वोट दिया। खड़गे भारी मतों से जीत तो गये, पर क्या वह सामने खड़ी पहाड़ जैसी चुनावी चुनौतियों को पार कर पायेंगे? यह चुनौती है हिमाचल प्रदेश व गुजरात। हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव होने की घोषणा हो गयी है। हिमाचल के 68 विधानसभा सीटों पर एक बार में ही 12 नवम्बर को मतदान है। मतगणना आठ दिसम्बर को है। वहां के चुनाव के कुछ दिन बाद ही गुजरात विधानसभा का चुनाव होना है। जिसकी घोषणा चुनाव आयोग ने अभी नहीं किया है। इधर, कांग्रेस के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

▸▸ **कैसे लगायेंगे हिमाचल प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक में बेड़ा पार**



### खड़गे का राजनीतिक सफर

\- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्म कर्नाटक के बीदर जिले के वारावत्ती इलाके में एक किसान परिवार में हुआ था। गुलबर्गा के नूतन विद्यालय से उन्होंने स्कूली शिक्षा पूरी की और फिर यहां सरकारी कॉलेज से स्नातक की डिग्री ली। यहां वह स्टूडेंट यूनियन के महासचिव भी रहे। गुलबर्गा के ही सेठ शंकरलाल लाहोटी लॉ कॉलेज से एलएलबी करने के बाद वकालत करने लगे। 1969 में वह एमकेएस मील्स कर्मचारी संघ के विधिक सलाहकार बन गये। तब उन्होंने मजदूरों के लिए लड़ाई लड़ी। वह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष चुने जाने पर खड़गे को दी बधाई

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में निर्वाचित होने पर मल्लिकार्जुन खड़गे को बुधवार को बधाई दी। श्री मोदी ने ट्विटर पर अपने संदेश में कहा कि श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में उनकी नयी जिम्मेदारी के लिए मेरी शुभकामनाएं। उनका आगे का कार्यकाल फलदायी हो।

## घोर नक्सल प्रभाव वाले इलाके में सीआरपीएफ डीजी पहुंचे, बैठक कर जवानों का बढ़ाया हौसला

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में नक्सल अभियान को लेकर सीआरपीएफ डीजी डॉ. एसएल थाउसेन ने घोर नक्सल प्रभाव वाले ट्राइजंक्शन के रेंगरा कैंप का दौरा किया। माओवादियों के प्रभाव वाले रेंगरा में डीजी सीआरपीएफ सड़क मार्ग से गये। वहां पुलिस जवानों के साथ बैठक कर उनकी हौसलाअफजाई की। इसके बाद वापस रांची लौटे। रांची लौटने के बाद पुलिस मुख्यालय में उन्होंने डीजीपी नीरज सिन्हा समेत पुलिस के नक्सल अभियान से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान सारंडा, ट्राइजंक्शन के इलाके के साथ-साथ बूढ़ापहाड़ को लेकर रणनीतिक चर्चा की गयी। राज्य पुलिस व सीआरपीएफ के द्वारा चाईबासा के पोड़ाहाट इलाके में बड़े अभियान की तैयारी है। पौड़ाहाट का इलाका माओवादियों के साथ साथ पीएलएफआई के प्रभाव क्षेत्र का रहा है।

▸▸ **शाम में लौटने के बाद डीजीपी समेत अन्य अधिकारियों के साथ की बैठक**

## सीएम की पहल पर दो दर्जन से ज्यादा परिवारों को मिलेगी जमीन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार प्रदेश के गरीब परिवारों को लेकर बेहद संवेदनशील है। पूर्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची स्मार्ट सिटी एबीडी क्षेत्र के मुसाटोली में वर्षों से रह रहे करीब दो दर्जन परिवारों को बसाने को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग तथा जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिये थे। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के सचिव और राज्य सरकार में नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे के निर्देश पर बुधवार को राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ अमित कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें रांची जिला प्रशासन की ओर से अपर समाहर्ता राजेश बरवार और नामकुम के अंचलाधिकारी विनोद प्रजापति मौजूद रहे। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

▸▸ **बेहतर पुनर्वास के लिए नामकुम सीओ को भूखंड चयनित करने का निर्देश**



## सीमा पर दुस्साहस का देंगे करारा जवाब : प्रधानमंत्री मोदी

### ○ पीएम ने किया डिफेंस एक्सपो का उद्घाटन, कहा- डिफेंस एक्सपो नये भारत की भव्य तस्वीर

**गांधीनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गुजरात दौरे के क्रम में गांधीनगर में आयोजित डिफेंस एक्सपो-2022 का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने भारत की बढ़ती रक्षा उत्पादन क्षमताओं की तारीफ करते हुए कहा कि ये देश का ऐसा पहला डिफेंस एक्सपो है जिसमें केवल भारतीय कंपनियां ही भाग ले रही है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं का प्रदर्शन करना है। पीएम मोदी ने कहा कि डिफेंस एक्सपो का यह आयोजन नये भारत की भव्य तस्वीर खींच रहा है। हमने इसका संकल्प अमृतकाल में लिया है। इसमें देश का विकास है और राज्यों का सहभाग भी है। उन्होंने कहा कि इसमें युवा शक्ति और उनके सपने भी हैं। इसमें विश्व के लिए उम्मीद भी है। पहली बार किसी डिफेंस एक्सपो में भारत की मिट्टी और लोगों के पसीने से बनी अनेक उत्पाद हमारे देश की कंपनियां, हमारे वैज्ञानिक, हमारी युवाओं का सामर्थ्य सरदार पटेल की धरती से दुनिया के सामने हमारे सामर्थ्य का परिचय दे रहे हैं। आनेवाले दिनों में मित्र देशों के लिए सहयोग के अवसर भी मिलेंगे।

**दुनिया की भारत से बढ़ रही हैं अपेक्षाएं :** प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर वैश्विक व्यापार तक, मैरीटाइम सिक्योरिटी एक ग्लोबल प्राथमिकता बनकर उभरा है। ग्लोबलाइजेशन के दौर में मर्चेंट नेवी की भूमिका का विस्तार हुआ है। दुनिया के देशों की भारत से अपेक्षाएं लगातार बढ़ती जा रही है। भारत इनको पूरा करने में जुटा हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सेनाओं की अपेक्षा आज पूरी हो रही है।

### स्वदेशी जेट ट्रेनर एचटीटी-40 का किया अनावरण



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां महात्मा मंदिर सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र में पांच दिवसीय रक्षा प्रदर्शनी 'डेफएक्सपो 2022' के उद्घाटन के बाद स्वदेशी जेट ट्रेनर एचटीटी-40 का अनावरण किया। रक्षा प्रदर्शनी का यह 12वां संस्करण है और इसका आयोजन गौरव की ओर अग्रसर विषय पर किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण विमान को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने डिजाइन तथा विकसित किया है। विमान अत्याधुनिक प्रणालियों से लैस है और इसके सभी फीचर पायलट के अनुकूल हैं। इसके 60 प्रतिशत से भी अधिक कलपुर्जे स्वदेशी हैं तथा इन्हें निजी क्षेत्र की भागीदारी से बनाया गया है। इस तरह यह विमान आत्मनिर्भर भारत का शानदार उदाहरण है। इस विमान का इस्तेमाल उडान प्रशिक्षण, एरोबेटिक्स, इन्स्ट्रूमेंट उड़ान तथा रात्रि उड़ान प्रशिक्षण के लिए किया जायेगा। इससे भारतीय सेनाओं की प्राथमिक प्रशिक्षण जरूरतें पूरी होंगी।

## मजदूरों की हत्या करनेवाला लश्कर-ए-तैयबा का हाइब्रिड आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में ग्रेनेड फटने से दो मजदूरों की मौत के बाद गिरफ्तार किया गया लश्कर-ए-तैयबा का हाइब्रिड आतंकवादी आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान मारा गया। कश्मीर जोन पुलिस ने बुधवार को ट्वीट किया कि गिरफ्तार हाइब्रिड आतंकवादी के खुलासे के आधार पर और पुलिस व सुरक्षा बलों की सिलसिलेवार छापेमारी के दौरान शोपियां के नौगाम में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच एक और संपर्क स्थापित किया गया, जिसमें हाइब्रिड आतंकवादी इमरान बशीर गनी एक अन्य आतंकवादी की तरफ से की गयी गोलीबारी में मारा गया। पुलिस ने कहा कि मुठभेड़ स्थल से अपराध में इस्तेमाल होनेवाली सामग्री बरामद की गयी है, जिसमें हथियार और गोला-बारूद शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि छापेमारी अब भी जारी है। बता दें कि शोपियां के हरमैन में मंगलवार तड़के हुए ग्रेनेड हमले में उत्तर प्रदेश के कन्नौज इलाके के दो मजदूरों की मौत हो गयी थी। पुलिस ने घटना में शामिल होने के आरोप में गनी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया था। हाइब्रिड आतंकवादी वे लोग होते हैं, जो इस तरह के आत्मघाती हमले करने के बाद अक्सर सामान्य जीवन में वापस लौट जाते हैं।



### इस साल सुरक्षबलों ने मार गिराये 168 आतंकी

**जम्मू-कश्मीर** में आतंकी घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सूत्रों की माने तो इसी कड़ी में इस साल अब तक सुरक्षबलों ने 168 आतंकियों को मार गिराया गया है। हालांकि, घाटी में टारगेट किलिंग और विदेशी आतंकियों की तादाद अभी भी सुरक्षा बलों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है।

## न्यूज गैलरी

### जाति सूचक शब्द व मारपीट किए जाने के मामले में दस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

रांची। कांके के सुकुरहुट्टू निवासी राजेंद्र मुंडा ने जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करने और मारपीट किए जाने के मामले में एसटीएससी थाना में दस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में बबलू महतो, सैयद मंसूरी, कलीम अंसारी, जन्नत मंसूरी, कुदरत मंसूरी, इमरोज मंसूरी, शमीम, मनीष महतो, बसंत महतो और शाहीन मंसूरी का आरोपी बनाया है। राजेंद्र की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि सुकुरहुट्टू में उनके पूर्वजों की एक जमीन है। जिस पर आरोपियों की नजर है। 19 सितंबर को बबलू महतो समेत अन्य आरोपी हथियार के साथ जमीन कब्जा करने के लिए पहुंचे। जमीन पर जेसीबी चलाकर नींव खोदने लगे। इसकी जानकारी मिलने पर वे परिवार के साथ मौके पर पहुंचे। विरोध करने पर आरोपियों ने हथियार लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। गाली गलौज किया। जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए मारपीट भी की। एसटीएससी थाने की पुलिस ने मामले की जांच करने के बाद दस अक्तूबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

### युवक लापता, पिता ने रातू थाना में दर्ज करायी गुमशुदगी की रिपोर्ट



रातू। रातू थाना क्षेत्र के संजय नगर निवासी कृष्णा राम के 26 वर्षीय पुत्र मनु राम 17 अक्टूबर से लापता है। मामले को लेकर पिता कृष्णा राम ने रातू थाने में पुत्र की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। पिता ने बताया कि उसका पुत्र सोमवार को दिन के 1 बजे घर से निकला था परन्तु अभी तक घर वापस नही आया है। काफी खोज बिन के बाद भी उसका कुछ पता नही चल पा रहा है । युवक दिमागी रूप से थोड़ा कमजोर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रातू के तिगरा में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजित

रातू। रातू प्रखंड के तिगरा पंचायत में बुधवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर 1239 आवेदन अधिकारियों को सौंपे। आवेदन में से 922 आवेदन का त्वरित निपटारा किया गया वही 317 आवेदन विचारदिन है। कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी के अलावा पंचायत प्रतिनधि व ग्रामीण मौजूद थे। जिसमें महिलाओं की उपस्थिति अधिक थी। कार्यक्रम का संचालन तैयब अंसारी ने किया।

### सहकारी बैंक कर्मचारी संघ के द्वारा मुख्यालय परिसर में दिया शान्तिपूर्ण धरना

रांची। झारखंड राज्य सहकारी बैंक कर्मचारी संघ द्वारा बैंक के मुख्यालय सहित राज्यभर के 105 शाखाओं के कर्मचारियों ने बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से मुख्यालय परिसर में गांधीवादी तरीके से शान्तिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया।

---

भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन की भाजपा ने तय की रूपरेखा, नवंबर में प्रखंड से लेकर जिला मुख्यालयों में करेगी प्रदर्शन

# झारखंड में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा, हेमंत सरकार इसकी पोषक : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरने की रणनीति भाजपा ने बनायी है। भाजपा 7-13 नवंबर तक सभी प्रखंड मुख्यालय व 19-23 नवंबर तक सभी जिला मुख्यालयों में भ्रष्टाचार, अराजकता, तुष्टिकरण, महिला उत्पीड़न, ध्वस्त विधि व्यवस्था, सरकार की वादाखिलाफी को लेकर प्रदर्शन करेगी। बुधवार को प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने हेमंत सरकार को राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार और अराजकता का पोषक करार दिया। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। गांव से लेकर राज्य सरकार में बैठे



नौकरशाह तक इसकी जड़ें फैली हुई है। इन नौकरशाहों को जेएमएम, कांग्रेस और राजद की संयुक्त सरकार का संरक्षण और समर्थन है। स्टेट स्पॉन्सर्ड करप्शन है। चाहे करप्शन का मामला हो, कानून-व्यवस्था, रोजगार, पलायन, विस्थापन का सवाल हो या तुष्टिकरण का सवाल हो , हेमंत सरकार का चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। पूरे राज्य में योजनाबद्ध तरीके से झामुमो, कांग्रेस द्वारा तुष्टिकरण की जा रही है।

दीपक प्रकाश ने कहा कि 7 से 13 नवंबर तक राज्य के सभी 260 प्रखंडों में और 19 से लेकर 23 नवम्बर तक सभी 24 जिलों में भारतीय जनता पार्टी जोरदार प्रदर्शन करेगी। आंदोलन पूरा धारदार होगा। प्रखंड कार्यालय के कार्य को ठप्प किया जाएगा। आंदोलन की तपिश से राज्य सरकार की चूलें हिल जाएंगी। सरकार को एहसास हो जाएगा कि सरकार जनविरोधी की नीतियों पर खड़ी है। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया है। राज्य के 32620 गांवों, 4423 पंचायत के लोग की भागीदारी इसमें सुनिश्चित करने, 29413 बूथों में से 25772 बूथों पर भाजपा का काम है इन सभी बूथों से कार्यकताओं की उपस्थिति कराने का पार्टी का प्रयास होगा। दीपक प्रकाश ने कहा कि कार्यक्रम ऐतिहासिक होगी। हर प्रखंड में पार्टी के सांसद, विधायक, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, कोर कमिटी के सदस्य के रूप में कोई ना कोई एक नेता नेतृत्वकर्ता के रूप में मौजूद रहेगा, यह तय किया गया है। इस दौरान पार्टी के मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह और तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

## कक्षा आठवीं से 12वीं तक एक ही टर्म में होगी वार्षिक परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा आठवीं से 12वीं तक एक ही टर्म में सिर्फ वार्षिक परीक्षा होगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के. रविकुमार की अध्यक्षता में बुधवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में इस पर सहमति बनी। बैठक में तय हुआ कि 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा जहां ओएमआर शीट एवं उत्तर पुस्तिका दोनों पर ली जायेगी, वहीं आठवीं, नौवीं व ग्यारहवीं की परीक्षा सिर्फ ओएमआर शीट पर ली जायेगी।

**40 अंकों की परीक्षा ओएमआर शीट पर ली जायेगी :** बैठक में लिये गये निर्णय की जानकारी देते हुए सचिव ने कहा कि 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में प्रत्येक विषयों में 40 अंकों की परीक्षा ओएमआर शीट पर ली जायेगी, जबकि इतने ही अंकों की परीक्षा उत्तर पुस्तिका पर होगी। इस तरह 40 अंकों के जहां वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे। वहीं, 40 अंकों में अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे जायेंगे। 20 अंक प्रायोगिक परीक्षा या आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर मिलेंगे। वहीं, आठवीं, नौवीं व ग्यारहवीं की परीक्षा में प्रत्येक विषयों में 80 अंकों के सिर्फ वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे तथा 20 अंक प्रायोगिक परीक्षा तथा आंतरिक मूल्यांकन से मिलेंगे।

**दूसरे जिलों के शिक्षक करेंगे प्रायोगिक का मूल्यांकन :** बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रायोगिक परीक्षा का मूल्यांकन दूसरे जिलों के शिक्षकों द्वारा किया जायेगा। बता दें कि विभागीय मंत्री जगरनाथ महतो ने एक ही टर्म में परीक्षा लेने के निर्देश विभागीय सचिव को दिये थे। 10वीं एवं 12वीं की एक टर्म की परीक्षा मार्च में हो सकती है। अन्य कक्षाओं की परीक्षा मार्च-अप्रैल में हो सकती है।

## कार्यक्रम का आयोजन कर सहिया दिवस पूरे उत्साह से मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मांडर।** मांडर रेफरल अस्पताल परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर सहिया दिवस पूरे उत्साह से मनाया गया। इस कार्यक्रम में चिकित्सा प्रभारी डॉ. किशोर कुल्लू ने सभी सहियाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सहिया हर किसी के दुःख में सहयोग करने वाली का नाम है, इन्हें झारखंड की सहिया रुपी माँ के नाम से नवाजा जाना चाहिए।आज स्वास्थ्य विभाग की हर सेवा में इनका सराहनीय योगदान रहता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता सेलिना खलखो और पुष्पा टोप्पो ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम में मांडर प्रखंड के 19पंचायत के सहिया बहने मौजूद थीं। कार्यक्रम में विभिन्न रोगों के बारे में, ग्राम स्वास्थ्य समिति के बारे में और मुक्त रोगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### रातू तिलता रिंगरोड में दो कार की टक्कर, पुलिस ने वाहनों को किया जब्त

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के तिलता रिंग रोड के पास बुधवार की सुबह दो कारो में टक्कर हो गयी। हादसे के बाद कार में सवार कुछ लोगो को मामूली चोट आई है जिसका इलाज रातू के हर्षित अस्पताल में कराया गया। हादसे में दोनों कार क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मारुति आल्टो कार बीआर-02यू5207 को जब्त कर थाना ले आयी है। वही दूसरा कर घटना स्थल पर ही है। मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज होने की सूचना नही है।

### पुलिस ने एक कबाड़ी दुकान में की छापेमारी

**मांडर।** मांडर पुलिस ने बिजुपाड़ा के एक कबाड़ी दुकान में छापेमारी कर मुड़मा जतरा से चोरी हुए एक बाइक को बरामद कर लिया है। साथ ही चोरी का एक ऑटो भी जब्त किया गया है,जिसे काटकर बेचने की तैयारी की जा रही थी।किंतु कबाड़ी संचालक पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा।मांडर व चान्हो पुलिस कबाड़ी संचालक की सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है।

### राष्ट्र विरोधी गतिविधि को रोकने के लिए विहिप बनाएगी सशक्त समाज : अम्बरीष

**रांची ।** विश्व हिंदू परिषद के रांची विभाग अंतर्गत 4 जिले रांची महानगर रांची ग्रामीण रामगढ़ एवं खूंटी जिला की बैठक बुधवार को पूर्वाहन 11:30 बजे से दो सत्रों में रांची सेवा सदन पथ में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के सभागार में हितचिंतक अभियान की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सहमंत्री एवं विशेष संपर्क केंद्रीय सहप्रमुख अम्बरीष सिंह थे। मुख्य वक्ता अम्बरीश सिंह ने कहां संसार में मात्र हिंदू संस्कृति में ही प्रकृति जगत के समस्त जीवो में ईश्वर का वास देखता है, इसलिए पहाड़ों, जंगलों, जीवों को बचाता है, इसलिए यदि प्रकृति को बचाना है तो हिंदुत्व को बचाना आवश्यक है। उन्होंने कहा हिंदू समाज तलवार के चमक एवं पैसों की खनक में पथभ्रष्ट होने वाला नहीं है बल्कि जौहर करने वाले, दीवार में अपने पुत्रों को चुनाकर बलिदान देने वाले पुरखों के वंशज है हिंदूसमाज।


**State Drugs Control Directorate, Jharkhand**
**Dept. of Health , Medical Education & Family Welfare,**
**Govt. of Jharkhand**
**3rd Floor Directorate Building, RCH Campus, Namkom, Ranchi**
**directoratedrug.jharkhand@gmail.com**

**Tender No: SDCD/01/2022-23** **Dated 18/10/2022**

**NOTICE INVITING E-TENDER FOR OUTSOURCING OF AGENCY FOR COMPLETE SANITATION AND HOUSEKEEPING AT STATE DRUGS CONTROL DIRECTORATE, NAMKOM, RANCHI and DRUGS INSPECTOR OFFICES IN ALL DISTRICTS OF JHARKHAND.**

E-tenders are invited in two part system (Technical & Price bid) through e-Tendering process only, from competent & eligible agencies for providing Cleaning, Sweeping, Sanitation {State Drugs Control Directorate, Namkum, Ranchi & Drugs Inspector's Offices in All Districts of Jharkhand} for a minimum period of one year or extendable up to three years if mutually agreed by both the parties.

| A. | Important dates for Tenders | |
|---|---|---|
| 1 | Date of uploading of tender document on website. | **21/10/2022** (The intending bidder may visit NIC website : www.jharkhandtenders.gov.in |
| 2. | Pre bid meeting for discussion on various technical issues regarding terms & conditions for providing manpower. | On **02/11/2022 at 03.00 P.M** at State Drugs Control Directorate, Namkum, Ranchi. All the intending bidders must attend the pre-bid discussion meeting for clarification of their queries & requirements of Authority. No claims will be considered after pre-bid meeting and finalization of tender documents. |
| 3. | Date of start for submission of online e-tenders | **10/11/2022** |
| 4. | Closing date of online submission of e-tenders | **16/11/2022 up to 05.00 P.M** |
| 5. | Opening of technical bid | **17/11/2022 at 05:00 P.M.** All the bidders must have to confirm the submission of original demand draft for tender processing cost Rs. 5,000/- & EMD {**100000/-**} DD. In favour of "**Director (Drugs), State Drugs Control Directorate, Namkum, Ranchi**" Latest tender due date. The tenders of only those bidders will be opened, who have submitted the demand drafts. |

**Note :**
1. For details of tender terms, conditions & specification please visit website : www.jharkhandtenders.gov.in for sample tender paper to attend the pre-bid meeting.
2. Before participating the pre bid the bidders may physically visit **State Drugs Control Directorate, Namkum, Ranchi** premises for assessment of the scope and area of work and they may discuss with **Directorate, Namkum, Ranchi / Authority** regarding their queries.
3. In case on any of the above last date, if announced government holiday, the tender process will continue on the very next working day on the same time and venue.

Sd-
**Director (Drugs)**
**State Drugs Control Directorate, Jharkhand**

PR.NO.280420 Health Med Edu and Family Welfare(22-23):D


## झारखंड-बिहार के किसानों पर सितरंग तूफान का साया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उत्तर भारत में मॉनसून का दौर खत्म होने के बाद अब तूफान का खतरा बढ़ गया है। झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में सितरंग नाम के तूफान का खतरा है। परेशानी की बात यह है कि बिहार-झारखंड में धान की फसल लगभग तैयार है। किसानों ने काफी मेहनत और पैसे खर्च कर धान की फसल को तैयार किया है। ऐसे में साइक्लोन उनके लिये किसी मुसीबत से कम नहीं है। मौसमी बारिश के चंगुल से सीधे चक्रवात की चपेट में आने की संभावना है। अंडमान सागर के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण ने आकार लेना शुरू किया है। कुछ मौसम विज्ञानी भारत के पूर्वी तट के लिए एक संभावित 'सुपर साइक्लोन' के बारे में चेतावनी जारी की है। हालांकि, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि यह बताना जल्दबाजी होगी कि आखिर में क्या होगा। मगर इतना तो तय है कि ओडिशा, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में 23-27 अक्टूबर के बीच बहुत भारी बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। आईएमडी ने ताजा निम्न दबाव क्षेत्र (एलपीए) बनने की पुष्टि की। अगले 48 घंटों में बंगाल की पूर्वी खाड़ी और भारतीय तट की ओर मूव करेगा। बंगाल की खाड़ी में आये साइक्लोन का असर बिहार-झारखंड में दिखता है। तेज हवाओं के साथ बारिश की पूरी संभावना रहती है। ऐसे में बिहार-झारखंड के किसानों को फसल की चिंता सताने लगी है। धान की फसल लगभग तैयार है। ये महीना उसके पकने और कटने का होता है। अगर तूफान का ज्यादा असर दिखा तो फसलों की तबाही तय है।

### आईआईएसएस ने डॉ. सरकार को मानद सदस्यता देने की घोषणा की

**रांची।** इंडियन सोसाइटी ऑफ सायल साइंस (आईआईएसएस), नई दिल्ली ने देश के जाने-माने सायल साइंटिस्ट डॉ. एके सरकार को आईआईएसएस मानद सदस्यता-2022 देने की घोषणा की है। इस आशय की सुचना सोसाइटी के सचिव डॉ. केके बंधोपाध्याय ने मंगलवार को दी। डॉ. सरकार को महात्मा फुले कृषि विद्यापीठ, राहुरी (महाराष्ट्र) में 15-18 नवंबर की आयोजित सोसाइटी के 86 वीं वार्षिक अधिवेशन में मानद सदस्यता-2022 प्रदान किया जायेगा। डॉ. सरकार, जो बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सायल साइंस विभाग के पूर्व चेयरमैन, पूर्व डीन एग्रीकल्चर और प्रभारी कुलपति भी रह चुके है। राज्य के सभी जिलों के जिला एवं ब्लाक लेवल सायल फर्टिलिटी मैप, अम्लीय भूमि प्रबंधन, दीर्घ एवं स्थाई उर्वरक प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के क्षेत्र में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है।

### बुढ़मू प्रखंड के मक्का पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बुढ़मू।** बुधवार को बुढ़मू प्रखंड के मक्का पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने विभिन्न कार्यक्रमों का उद्धघाटन किया। बुढ़मू प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिसद सदस्य रामजीत गंझू , बुढ़मू प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव साहू आदि लोग शामिल हुए। मौके पर बुढ़मू बीडओ एवं सीओ और मक्का पंचायत के मुखिया देवलाल मुंडा, पूर्व उपप्रमुख जगजीवन महतो,पूर्व उपमुखिया कमल किशोर ठाकुर,दशरथ महतो एवं अन्य लोग उपस्थित हुए।

## रांची जिला मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने किन्नर अर्धनारीश्वर को किया सम्मान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन भवन में कन्या पूजन एवं किन्नरों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल मुख्य रूप से उपस्थित थीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर किन्नरों अर्धनारीश्वर का सम्मान का अनुसरण करते समिति की बहनों के द्वारा अतिविशेष, अनुठे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंजू केडिया एवं उर्मिला पाड़िया ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गीता डालमिया, सुशीला गुप्ता, शाखा अध्यक्ष नैना मोर जी ने नरगिस एवं उनकी टीम के 30 किन्नरों, अर्धनारीश्वरों का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया गया सम्मानित किया और उन्हें उपहार स्वरूप साड़ी, चादर, शॉल ,मिठाई का डब्बा,शगुन के 501/और गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल ने कहा कि रामचरितमानस में भी लिखा है कि जब भगवान राम ने धनुष तोड़ा तो उस समय आकाश से देवता गंधर्व और किन्नर भी फूल बरसाने लगे, ऐसे शिव रूप , अर्धनारीश्वर के गुण क्षमता को आगे बढ़ाना समाज और देश का दायित्व है। राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल ने कहा कि इन्हें समाज में इज्जत दिलाने के लिए आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना हमारा उद्देश्य है। नरगिस जी ने कहा कि हम घर-घर बधाई लेकर जाते हैं बदले में प्यार पैसा समान सभी मिलता है,तरह के लोग मिलते हैं कुछ प्यार देते हैं तो कुछ देख कर दरवाजा बंद कर लेते हैं उन्होंने इस अनोखे कार्यक्रम के लिए समिति की बहनों का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया और कहा कि बहनों से इतना प्यार स्वागत सत्कार सम्मान पाकर खुशी से आज मेरी आंखें भर आई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में- मधु सर्राफ, मंजू लोहिया रीता केडिया, रीना सुरेखा, बबीता नार सरिया, रेखा अग्रवाल, सरोज गर्ग, लक्ष्मी पाटोदिया, अरुण गुप्ता, सीमा टांटिया, सुशीला पोद्दार, अनुपमा राजगढ़िया एवं समिति की सभी बहनों का योगदान रहा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)**

**अतिअल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**
**नेशनल कम्पेटेटीभ बिड़िंग**

टेन्डर रेफरेंन्स नं0-प0नि0वि0/राँची (ग्रामीण)-11/2022-23
दिनांक :- 18.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | राँची-पुरूलिया पथ (नामकुम आर.ओ बी. से अनगड़ा सेक्शन) (कुल लम्बाई-17.700 कि0मी0) के existing pavement को चार लेन डिवाईडेड कैरिजवे में चौड़ीकरण कार्य (पुलो के निर्माण सहित) वर्ष 2022-23. |
| 2. | अनुमानित प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रू0 15757.91 लाख (रूपये एक सौ संतावन करोड़ संतावन लाख एवं एकानवे हजार) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 158.00 लाख (रूपये एक करोड अंठावन लाख) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24(चौबीस) महीने |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 21.10.2022 10.30 बजे पूर्वाहन |
| 6. | प्री-बीड मिटिंग की तिथि/समय | 27.10.2022 3.00 बजे अपराहन |
| 7. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय | 03.11.2022 12.00 बजे दोपहर तक |
| 8. | निविदा खोलने की तिथि/समय | 04.11.2022 12.30 बजे अपराहन। |
| 9. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)। |
| 10. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651-2361018 |
| 11. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पपाईन संख्या | 0651-2401010 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट-बढ़ सकती है, जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन (UCAN) निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तों के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची (ग्रामीण)

PR 280439 Road(22-23)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची**

ई-प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना (तृतीय कॉल)

जिसका **PR No. 255948 (Drinking Water and Sanitaion)** 2021-22 है।

**Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-05/2021-22** **Date - 19-10-2022**

| S.No | Name of the Work | Cluster Name | Sub Cluster/Group No. | Block | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2021-22 (on Turn Key Basis) | 1A | 1A (i) | Mandar | 867.05 | 8.68 | 10000.00 |
| 2 | | | 1A (ii) | | 834.84 | 8.35 | 10000.00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | | | 09 Months + 1 months (trial and run) | | | |
| 4 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | | | 20-10-2022 at 05:00 P.M | | | |
| 5 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | | | 28-10-2022 up to 05:00 P.M | | | |
| 6 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | | | 29-10-2022 up to 02:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची। | | | |
| 7 | बीड खोलने की तिथि/समय | | | 29-10-2022 up to 02:00 P.M | | | |
| 8 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची। | | | |
| 9 | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | | | 0651-2491247 | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची

PR280421 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

## न्यूज गैलरी

### डीएसपीएमयू में खुला विश्वविद्यालय का स्टडी सेंटर

रांची। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में बुधवार को झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय का स्टडी सेंटर पहला खुला जिसमें निम्न कोर्स की शुरूआत की गई। इस नए स्टडी सेंटर और पहले स्टडी सेंटर के उद्घाटन के मौके पर झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर टीएन साहू, प्रोफेसर डॉ घनश्याम सिंह, कुलसचिव प्रोफेसर डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य, कुलपति डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, वित्त पदाधिकारी सत्य प्रकाश व जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के समन्वयक डॉ. हरि उरांव समेत अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित मौजूद थे।

### मारवाड़ी कॉलेज में एनएसयूआइ की इकाई का हुआ गठन



रांची। बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन प्रदेशाध्यक्ष आमिर हाशमी के आदेश अनुसार जिला महासचिव पवन कुमार के नेतृत्व में मारवाड़ी कॉलेज में एनएसयूआइ की इकाई गठन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में युवा कोंग्रेस प्रदेश सचिव शादाब खान एवं युवा कोंग्रेस महानगर उपाध्यक्ष कुमार विक्की उपस्थित हुए। एनएसयूआइ पूर्व जिलाध्यक्ष कुमार विक्की ने कोंग्रेस की विचारधारा को बताया और संगठन की विशेषताएं एवं एनएसयूआइ के देश भर में किये जा रहे कार्यों के संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए संगठन से जोड़ा एवं सैंकड़ो छात्र-छात्राओं को एनएसयूआइ की सदस्यता दिलाई। सभी नए पदाधिकारियों को छात्र हित में कार्य करने एवं संगठन को और मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उपस्थित पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमन अहमद, पूर्व उपाध्यक्ष रांची विश्विद्यालय छात्र संघ हुसैन अंसारी एवं सैंकड़ो लोग उपस्थित हुए।

### छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए मेयर ने छठ घाटों की तैयारी व साफ-सफाई का किया निरीक्षण



रांची। छठ महापर्व पर्व को आते ही छठ घाटों की सफाई शुरू हो गयी है। हर संगठन के लोग अपने-अपने स्तर से घटों की सफाई शुरू हो गयी है। रांची की मेयर डॉ. आशा लकड़ा के द्वारा दीपावली और छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए, छठ घाटों की तैयारी एवं साफ-सफाई का निरीक्षण किया जिसकी शुरूआत कांके डैम से किया गया मेयर आशा लाकड़ा नगर आयुक्त शशि रंजन एवं निगम के अधिकारियों के साथ विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण करते दिशा निर्देश दिए ताकि छठ व्रतियों को किसी तरह की परेशानी ना हो मेयर आशा लकड़ा ने कहा रांची में लगभग 70 ऐसे जलासय और डैम है जहां पर छठ महापर्व का आयोजन होता है लोगों को किसी तरह की दिक्कत ना हो इसी को देखते हुए निरीक्षण किया जा रहा है।

### मारवाड़ी कॉलेज में स्नातक नये सत्र के विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण

रांची। मारवाड़ी कॉलेज के स्नातक नए सत्र के सभी संकाय-कला, विज्ञान और वाणिज्य के विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार और शिक्षकों ने नए विद्यार्थियों का कॉलेज परिसर में स्वागत किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को कॉलेज के अनुशासन, उपलब्धियों और नियम-कानून आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी कॉलेज का प्रमुख अंग है और उसकी उन्नति और उसके मार्गदर्शन में कॉलेज प्रशासन हर प्रकार का सहयोग करेगा। कार्यक्रम में डीएसडब्ल्यू डॉ बीबी महतो, डॉ आरआर शर्मा, प्रो शुभांकर आईच समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे। मौके पर विद्यार्थियों को सिलेबस, रूटीन आदि की भी जानकारी दी गई।

### नातिया मुशायरा का आयोजन 29 को

रांची। जाफरिया एजेकुशनल एंड वेलफेयर मिशन की ओर से 29 अक्तूबर को नातिया मुशायरा का आयोजन किया जाएगा। अंजुमन इस्लामिला हॉल में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री आलमगीर आलम होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन समेत अन्य उपस्थित होंगे।

### साइबर अपराधी लगातार लोगों को बना रहे ठगी का शिकार

# बिजली बिल अपडेट करने के नाम पर एक लाख रुपए की अवैध निकासी की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** साइबर अपराधी लगातार बिजली बिल का भुगतान करने के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ताजा मामला बरियातू थाना क्षेत्र का है। मोरहाबादी के हरिहर सिंह रोड निवासी मनोज कुमार मिश्रा से साइबर अपराधियों ने बिजली बिल अपडेट करने के नाम पर 12 मिनट में उनके खाते से एक लाख रुपए की अवैध निकासी कर ली। ठगों ने इस वारदात को बीते 17 अक्तूबर की सुबह अंजाम दिया है। इस संबंध में मनोज ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी फोनकर्ता के मोबाइल नंबर 8918415233 की जांच



की जा रही है। वर्तमान में नंबर का इस्तेमाल करने वाले का नाम व पता निकाला जा रहा है। इसके पुलिस पुलिस तकनीकी सेल की भी मदद ले रही है।

**क्विक सपोर्ट एप डाउनलोड करवाकर उड़े पैसे :** पीड़ित मनोज मिश्रा ने पुलिस को बताया कि एक मोबाइल नंबर से उन्हें 17 अक्तूबर की सुबह 9.50 बजे फोन किया गया। फोनकर्ता ने खुद को बिजली विभाग का अधिकारी बताया। फोनकर्ता ने उनसे कहा कि बिजली बिल को अपडेट कर लें, अन्यथा बिजली काट दी जाएगी। फोनकर्ता ने उनसे अपडेट करने के लिए क्विक सपोर्ट एप को उन्हे मोबाइल में डाउनलोड कराया। ओटीपी मांगा और एटीएम कार्ड का डिटेल अंकित कराया। सुबह 9.53 बजे से 10.05 बजे के भीतर दस हजार, 49 हजार, 50 हजार और 990 रुपए उनके खाते से उड़ गए। इसकी जानकारी उन्हें तब हुई जब उनके मोबाइल पर राशि निकासी का मैसेज आया। इसके बाद वह बैंक के माध्यम से खाते को लॉक करवाया। फिर बरियातू थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया।

### आयुष एडवाइजरी कमिटी के सदस्य बने डॉ.राजीव कुमार

**रांची।** पिछले कई वर्षों से होम्योपैथी एवं आयुष प्रक्षेत्र में निरंतर सेवा देनेवाले डॉ राजीव कुमार को आयुष एडवाइजरी कमिटी का सदस्य बनाया गया है। उनकी सेवा से झारखंड में आयुष नयी उंचाई प्राप्त कर रहा है। उनके चयन पर होम्योपैथिक चिकित्सक एवं होम्योपैथिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं आयुष परिवार के सदस्य डॉ एन।कुमार, डॉ।अजय, डॉ मोना सिंह, डॉ जितेंदर, डॉ रूबी, डॉ बबिता, डॉ चमन आरा, डॉ प्रमोद, डॉ वैभव, डॉ अस्थाना, डॉ यूएस वर्मा, डॉ विवेक, डॉ एसके सिंह, डॉ डीएन तिवारी, डॉ विनोद कुमार महतो, डॉक्टर रानुप्रिया, डॉक्टर क्यू अहमद, डॉक्टर आरिफ, डॉक्टर आबिद, डॉक्टर आनंद कुमार शाही, डॉक्टर साजिद अंसारी ने शुभकामनाएं दी हैं। यह होमियोपैथी के क्षेत्र में इसी तरह आगे बढ़ते रहें और होम्योपैथी को एक नयी उंचाई पर ले जाएं।

## आश्रित आंदोलनकारी फुलमनी को पंद्रह हजार रू की सहायता



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो व कोर कमेटी के सदस्य इजहार राही ने रिम्स में भर्ती लातेहार जिला से झारखंड आंदोलनकारी सुपाड़ी भोक्ता की आश्रित पत्नी फूलमति देवी के इलाज के लिए सहायता राशि 15000 रू प्रदान किया गया। फूलमति देवी को लातेहार जिला में लातेहार सदर अस्पताल मे प्राथमिक इलाज के बाद रांची रिम्स ट्रांसफर किया गया है। उस केंसर रोग होने की संभावना व्यक्त की गई है। झारखंड आंदोलनकारियों ने लातेहार जिला के अध्यक्ष सुखदेव भगत के नेतृत्व में सहायता राशि झारखंड आंदोलनकारियों से संग्रह करके प्रदान की गई. दूसरे सभी आंदोलनकारी एवं सहयोगी गण 980 199 7054 में अपनी ओर से सहायता राशि प्रदान कर सकते हैं।

## चंद्रप्रकाश चौधरी ने बिना ओबीसी आरक्षण निकाय चुनाव कराने के विरोध में सर्वोच्च न्यायालय में दी याचिका

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सर्वोच्च न्यायालय में झारखंड सरकार के खिलाफ अवमाननावाद याचिका दायर किया है। उन्होंने यह अवमाननावाद याचिका झारखंड में बिना ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव कराने के विरुद्ध दायर किया है। इसमें उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव को पार्टी बनाई है। याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार ने पंचायत चुनाव के पहले सर्वोच्च न्यायालय में जो शपथपत्र दायर किया था उसका पालन नहीं किया। उक्त शपथपत्र के विरुद्ध बिना ओबीसी के आरक्षण का निकाय चुनाव कराने का निर्णय ले लिया। मालूम हो कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पंचायत चुनाव से पूर्व सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी आरक्षण लागू करने के संबंध में एक रिट याचिका दायर की थी तब झारखंड सरकार के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को बताया गया था कि ओबीसी आरक्षण से संबंधित ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रियाधीन है और झारखंड सरकार भविष्य में होने वाले चुनाव में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा कर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिए गए निर्देश का अनुपालन करने हेतु कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एक तरफ झारखंड सरकार सर्वोच्च न्यायालय में यह कहती है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिए गए निर्णय का अनुपालन करेगी वहीं दूसरी ओर झारखंड सरकार ओबीसी को आरक्षण दिए बगैर नगर निकाय चुनाव कराने का फैसला लेती है। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि झारखंड सरकार की मंशा ओबीसी के प्रति ठीक नहीं है और यह एक तरफ से अवमानना भी है। उधर, उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव से यह पूछा है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संबंध में दी गई दिशा निर्देश के आलोक में अब तक झारखंड सरकार द्वारा क्या कृत्य कार्रवाई की गई है।

### 43 नये डिप्टी कलेक्टर जिला में लेंगे ट्रेनिंग

**रांची।** कार्मिक विभाग ने संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा-2021 से नियुक्त एवं पदस्थापित 43 उप समाहर्ताओं को जिला प्रशिक्षण के लिए जिला आवंटित कर दिया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। सभी अधिकारियों की हाल में एटीआई में प्रशिक्षण दिया गया था। इनमें से कई अधिकारियों ने योगदान भी दे दिया है। इन्हें ये जिला मिलाः सावित्री कुमारी-धनबाद, अभिनव कुमार-गोड्डा,आशीष कुमार साहू-पलामू, भोला पांडेय-बोकारो, आशा साहु-धनबाद, विवेक कुमार-चतरा, अमृत सिंह-बोकारो, विजय कुमार मंडल-गोड्डा, सौरभ कुमार-चतरा,गौतम कुमार मोदी-दुमका, मो. आफताब आलम-गिरिडीह-अमन कुमार-हजारीबाग, दुर्गा कुमार-कोडरमा, सुमित कुमार मिश्रा-बोकारो-विनय कुमार-हजारीबाग,राहुल कुमार शानू-गढ़वा, आरती मुंडा-खूंटी, संदीप कुमार-लोहरदगा शामिल हैं।

## नेहरू युवा केन्द्र ने रांची मेगा इवेंट का आयोजन कर सैंकड़ो किलो कचरा का किया निपटारा

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** बुधवार को क्लीन इंडिया 2.0 अभियान के तहत नेहरू युवा केन्द्र ( युवा कार्यक्रम मेगा इवेंट मोराबादी में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची के विधायक सीपी सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरव अग्रवाल उपस्तिथ थे। अतिथि के रूप में साई के इंचार्ज बिनोद सिंह तथा डॉ. रणधीर थे। जिसकी अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र के राज्य निदेशक हनी सिन्हा ने की। इस कार्यक्रम की संचालन एसपी सिंह ने की। सर्वप्रथम बापू वाटिका में स्थित महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सशुरूआत किया गया। इसके पश्चात जिसमें रैली निकाल कर जागरूकता किया गया एवम सेकड़ो किलो कचरा एकत्रित किया गया और लोगों को जागरूक किया गया। सीपी सिंह ने कहा की हमें तन के साथ मन की भी सफाई जरूरी है। गौरव अग्रवाल ने कहा की हमें ना तो गंदगी फैलानी चाहिए और ना तो दुसरो को फैलाने देनी चाहिए ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गौरव चुघ, आशिफ, अनुभव चक्रवर्ती, एलुमनाई एसोसिएशन के सदस्य, एन याई के एस स्वमसेवक ,एन एस एस स्वमसेवक, साई के छात्र तथा अन्य लोग उपस्थित थे। अंत मे सी पी सिंह ने सैकड़ो छात्रो को साल में 100 घंटा श्रमदान करने के लिए4 शपथ दिलाया।

### नगर निगम के चुनाव में 808 मतदान केंद्र बने, बुंडू में 16 केंद्रों पर होगा चुनाव

**रांची।** रांची नगर निगम चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन ने निगम और बुंडू नगर पंचायत के मतदान केंद्र भी तय कर दिए हैं। रांची नगर निगम के लिए 808 मतदान केंद्र और बुंडू नगर पंचायत के लिए 16 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के अनुसार जल्द ही इन मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। निवार्ची और सहायक निवार्ची पदाधिकारी के नेतृत्व में सत्यापन और निरीक्षण होगा। एक हजार मतदाताओं का निर्धारण एक मतदान केंद्र पर किया जाएगा। जहां अधिक मतदाता होंगे, वहां सहायक मतदान केंद्र भी बनाया जाएगा। वर्ष 2018 में हुए नगर निगम के चुनाव में कुल 809139 मतदाता थे। इनमें पुरुष मतदाता 429217 और महिला मतदाताओं की संख्या 379426 थी। उपायुक्त के अनुसार मतदाता सूची का विखंडीकरण किया जा रहा है। रांची नगर निगम और बुंडू नगर पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार की जा रही है। इस पर मतदाताओं की आपत्तियां लेकर अंतिम रूप से मतदान केंद्रों का प्रकाशन किया जाएगा। एक जनवरी 2022 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची तैयार की जा रही है। संवेदनशील, अतिसंवेदनशील और सामान्य मतदान केंद्रों की सूची तैयार कर चुनाव आयोग को जल्द भेज दिया जाएगा। चुनाव में सुरक्षाबलों की तैनाती के लिए पहल जारी है।

### दारोगा पिटाई मामले में बाबूलाल ने कहा- राज्य में पुलिस भी सुरक्षित नहीं

**रांची।** धुर्वा थाना में पदस्थापित दारोगा की पिटाई मामले ने राजनीतिक रूप ले लिया है। पूर्व सीएम और बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में पुलिस भी सुरक्षित नहीं है। बाबूलाल मरांडी ने विधि व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए ट्वीट कर आरोप लगाया है कि कल राजधानी के धुर्वा इलाके में गश्ती पर गये दारोगा और जवानों की न सिर्फ पिटाई की गयी बल्कि गाड़ी जलाने की धमकी भी दी गयी। गश्ती दल ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचायी। ये है झारखंड के अपराधियों की हिम्मत। जब पुलिस ही सुरक्षित नहीं तो आम आदमी कितना सुरक्षित है राज्य में। धुर्वा थाना की रात्रि गश्ती गाड़ी पर हमला करने, दारोगा सहित अन्य पुलिस जवान के साथ गाली-गलौज, मारपीट मामले में नितिन कुमार, भोला कुमार, रविंद्र कुमार राय, सचिव कुमार और सुधा देवी पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## युवा अवस्था में संगठन का बड़ा महत्व है, संगठन से मिलती है परिवर्तन लाने की शक्ति : प्रो. विनय भरत

### आजसू का रांची विश्वविद्यालय सम्मेलन 12 नवंबर को

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** युवा अवस्था में संगठन का बड़ा महत्व है, संगठन से युवाओं को परिवर्तन लाने की शक्ति मिलती है। राजनीति में जागरुक युवाओं को बढ़चढ़ कर भाग लेना होगा तभी समाज का नवनिर्माण होगा, हक की आवाज बुलंद होगी। आजसू का हर एक छात्र नेता परिवर्तन, निर्माण, रचना, संघर्ष तथा साधना का मार्ग प्रशस्त करने में सक्षम है। उक्त बातें प्रो. विनय भरत ने अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के रांची विश्वविद्यालय इकाई की बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। प्रो. विनय भरत आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की रांची विश्वविद्यालय इकाई की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने रांची विश्वविद्यालय इकाई अंतर्गत आने वाले विभिन्न इकाइयों की सांगठनिक समीक्षा किया तथा सभी इकाई प्रभारियों को जल्द से जल्द जिला, प्रखंड, महाविद्यालय इकाई गठन हेतु निर्देशित किया। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का रांची विश्वविद्यालय इकाई का सम्मेलन 12 नवंबर को होगा। इस बैठक में रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों के प्रतिनिधि, जिला व प्रखंड इकाई के पदाधिकारी शामिल होंगे। सम्मलेन की तैयारियों हेतु तैयारी समिति का गठन किया गया। तैयारी समिति में नीतीश सिंह को संयोजक, राजकिशोर महतो को सह संयोजक एवं क्रमशः राहुल तिवारी, अभिषेक शुक्ला, दीपक दुबे, सौरभ शर्मा, राहुल पांडे, अंशुतोश कुमार, पंचम मुंडा, मोहित पांडे, सोनू कुमार, अरविंद कुमार, नामित हेंब्रम को संयोजक सदस्य मनोनित किया गया। इस दौरान सभी महाविद्यालय प्रभारियों को 08 नवंबर तक महाविद्यालय इकाई का गठन कर सूची केंद्रीय कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह, उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, सचिव ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, अजीत कुमार, विश्वविद्यालय अध्यक्ष नीतीश सिंह, महासचिव राजकिशोर महतो, जमाल गद्दी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्वामी जी महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर अपने शिष्यों को दीपावली की दी बधाई, कहा-

# सभी प्रेम और ज्ञान का दीपक जलाकर अज्ञानता को करें दूर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज बुधवार को पूर्वाहन 4:30 बजे सुन्दरगढ़ से सड़क मार्ग से संस्था के सत्संग भवन शिवगंज हरमु रोड़ स्थित विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान पहुंचे। गुरु जी महाराज के सत्संग भवन में आगमन होने के साथ ही वहां का वातावरण सतगुरु महाराज की जय श्री प्राणनाथ प्यारे की जय जयकारो से गुंज उठा। सर्वप्रथम गुरूजी महाराज ने 108 दीपक जलाकर सभी सुन्दरसाथ भाईयों एवं बहनों को धनतेरस, रूप चौदस, दिपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दुज एवं छठ्ठ महापर्व की बहुतंबहुत बधाई और शुभकामनाएं दी। गुरूजी महाराज ने कहा की सभी प्रेम और ज्ञान के



दीपक जलाये। दीपावली का अर्थ अक्सर सब यही लगाते हैं की घर में खूब रोशनी करना घर की सफाई करना और खाना और खिलाना पर सच में क्या दिवाली का यही अर्थ है? माना जाता है कि भगवान श्री राम 14 वर्ष का वनवास काटकर इस दिन अयोध्या वापस आए थे। तब सभी अयोध्यावासियों ने खूब खुशियां मनाई थी। घर-घर में दीपक जलाए गए थे और खूब आनंद का माहौल था परस्पर सभी में प्रेम भाव था। जितनी खुशियां वातावरण में थी उतनी उनके दिलों में भी थी क्योंकि उनके राज दुलारे उस दिन घर लौटे थे। पर आज इस त्योहार का असली अर्थ आनंद उत्सव कहीं खो सा गया है। आज लोगों ने इस त्योहार को सिर्फ अर्थ उपार्जन का त्योहार बना दिया है। सभी की बस एक ही कामना रहती है खूब अच्छे से लक्ष्मी पूजन करें और लक्ष्मी जी के लक्ष्मी जी धन के रूप में हमारे घर आए पर लक्ष्मी

> भगवान श्री राम 14 वर्ष का वनवास काटकर इस दिन अयोध्या वापस आए थे। तब सभी अयोध्यावासियों ने खूब खुशियां मनाई थी और घर-घर में दीपक जलाए गए थे।

स्वरूप क्या सिर्फ धन का है? लक्ष्मी जी तो प्रेम और संतोष की मूरत हैं। जहां प्रेम और संतोष होता है वहां लक्ष्मी जी खुद आती हैं और जहां दिलों में बैर होते हैं वहां लाख पूजन करे तो भी नहीं आती।असली धन तो संतोष को प्रेम ही है जिसके पास या धन होता है उसको कभी किसी चीज की कमी महसूस नहीं होती। हम घर के कोने कोने की सफाई करते हैं पर अपने मन को साफ करना भूल जाते हैं। हम सब अपने घर में लाइट और दिपक से खूब रोशनी करते हैं पर अपने अंदर जो क्रोध ईर्ष्या द्वेष रूपी अंधकार है उसे रोशन करना भूल जाते हैं। हमें चाहिए कि दीपावली पर प्रेम और ज्ञान के दीपक भी जलाये। हमारे दिलों में सबके लिए प्यार हो किसी से बैर ना हो और भगवान श्री राम के जीवन से यह भी सीखे की कष्ट तो हर किसी के जीवन में आते ही हैं पर हमें उनका सामना किस प्रकार धीरज रख कर करना चाहिए। कार्यक्रम समापन पर गुरू जी महाराज की चंदन वंदन माल्यार्पण कर गुरू जी महाराज की और राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान की आरती कर गुरू जी सदानंद जी महाराज ने वहा उपस्थित सभी शिष्यों एव आये हुए श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर आज के दिपावली मिलन समारोह को सम्पन्न किया।

### सहायक अभियंता नियुक्ति मामले में सुनवाई नौ नवम्बर को

**रांची।** सहायक अभियंता नियुक्ति की प्रारंभिक परीक्षा में आरक्षण देने के खिलाफ दायर मामले में बुधवार को प्रार्थियों की ओर से दलील पूरी कर ली गयी। अब राज्य सरकार इसमें अपना पक्ष रखेगी। हालांकि अगली सुनवाई नौ नवंबर को होगी। प्रार्थियों ने कोर्ट को पीटी परीक्षा में आरक्षण देने को गलत बताते हुए संशोधित रिजल्ट जारी करने या पहले का रिजल्ट रद्द करने का आग्रह किया गया। जेपीएससी ने सहायक अभियंता की नियुक्ति में कोटिवार रिजल्ट जारी किया है। वहीं, आरक्षित श्रेणी के कुछ अभ्यर्थियों को आरक्षण देते हुए सामान्य श्रेणी में रखा गया है, जबकि पीटी परीक्षा में आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। जेपीएससी की ओर कहा गया कि प्रारंभिक परीक्षा में आरक्षण नहीं दिया गया है। एकल पीठ ने भी जेपीएससी की दलील को सही मानते हुए प्रार्थी की याचिका खारिज कर दी है।

## एक्सपो उत्सव का 25वां संस्करण अभिषेक केडिया बने चीफ को-ऑर्डिनेटर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची ।** जेसीआई राँची के एक्सपो के 25वे संस्करण की तैयारी जोरों पर है। अध्यक्ष सौरव साह ने टीम का गठन किया जिसका नेतृत्व संस्था के पूर्व अध्यक्ष अभिषेक केडिया करेंगे। ज्ञात है की यह एक्सपो का 25वा संस्करण है और संस्था इसे बड़े और नए रूप में करने के लिए तैयार है। इस वर्ष के एक्सपो उत्सव का आयोजन मोराबादी मैदान में 24 नवंबर से 28 नवंबर को किया जाएगा।

एक्सपो टीम : एक्सपो के चीफ कोऑर्डिनेटर-अभिषेक केडिया, एक्सपो के को कोऑर्डिनेटर-तरुण अग्रवाल,सनी केडिया और राहुल टिबरेवाल, एक्सपो कोषाध्यक्ष झ अभिषेक जैन, एक्सपो मीडिया प्रभारी झ सिद्धार्थ चौधरी बनाये गये हैं। इस वर्ष एक्सपो के लिए पूर्व अध्यक्ष की एक टीम भी बनाई गई है जो की मेंटर के रूप में टीम के साथ रहेंगे इनमे विशाल पोद्दार, अनूप अग्रवाल, आनंद धनुका, नारायण मुरारका और अमित खोवाल होंगे।

अध्यक्ष सौरव ने बड़े उत्साह से टीम का नाम बताते हुए कहा की इस वर्ष भी एक्सपो का आयोजन मोराबादी मैदान में किया जाएगा। इस वर्ष उन्होंने कहा कि एक्सपो उत्सव में देशभर से 400 से अधिक स्टॉल धारक आएंगे। यह जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी संकेत सरावगी द्वारा दिया गया है।

## न्यूज गैलरी

### पति की मृत्यु के बाद दो बीमा एलआईसी पॉलिसी की कंपनी ने नहीं दिया भुगतान, उपभोक्ता फोरम में मिला न्याय



**सिमडेगा।** सिमडेगा उपभोक्ता फोरम में पति के मृत्यु के पश्चात एलआईसी की दो बीमा होने के बावजूद भुगतान नहीं करने की शिकायत मामले में पीड़िता को न्याय मिला जानकारी देते हुए बुधवार को उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2015 में सिमडेगा की मीरा गुप्ता द्वारा अपने पति अशोक गुप्ता के निधन के पश्चात एलआईसी द्वारा दो बीमा पॉलिसी की भुगतान नहीं करने की शिकायत दर्ज कराई थी इस मामले में दो शिकायत 10/15 एवं 11/15 दर्ज की गई थी। दर्ज शिकायत के आलोक में उपभोक्ता फोरम द्वारा एलआईसी कंपनी को नोटिस भेजते हुए इस पर कारण जाने कोशिश की जहां पर उन्होंने कागजातों का हवाला देते हुए टालमटोल किया गया ।इधर उपभोक्ता आयोग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल इस मामले में सुलह कराया और एलआईसी कंपनी द्वारा दोनों बीमा पॉलिसी की कुल 500000 देने का निर्देश साथ ही 2015 से लेकर अब तक की 8 प्रतिशत राशि अतिरिक्त एवं ?25000 मुआवजे के रूप में तथा 90 दिनों के अंदर उक्त राशि नहीं देने पर 2 प्रतिशत अतिरिक्त दर के साथ भुगतान करने का निर्देश दिया।

### ऑटो चालकों की समस्याओं को लेकर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में ऑटो चालक संघ की हुई बैठक



**सिमडेगा।** अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में बुधवार को झारखंड ऑटो चालक संघ की बैठक राजेश सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ऑटो चालको ने कहा कि हमे स्थानीय ऑटो चालकों द्वारा शोषण किया जा रहा है। मनमानी तरीके से सावरी को बैठाते है जब हमलोग इसका विरोध करने पर अलग स्टेशन पर लगाने की बात बोलते है। जिलाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा इस तरह का सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जो की बर्दास्त से बाहर है। अगर आगे से इस तरह का बर्ताव करने पर वीडियो बनाकर रखने की बात की ताकि उस पर कार्यवाही किया जा सके । लॉटरी के माध्यम से नम्बर लगाने की कही ताकि किसी भी ऑटो चालकों परेशानी न हो।उन्होंने ने कहा कि सिमडेगा जिला प्रशासन को कितनो लिखत आवेदन देकर महावीर चौक पर पुलिस चौकी लगाने की बात कही ताकि रोड़ जाम न हो पर अभी तक कुछ सुनवाई नही हुआ है। उन्होंने कहा कि जिले के ऑटो चालाकों की काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रखा है। ना ही सवारियों को धूप बरसात में ठहरने के लिए एक भी यात्री शेड नही होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। न ही यात्रियों के लिए एक भी बाथरूम नही है जिससे काफी परेशानियों का सामना रोज करना पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन को ध्यान ऑटो चालकों आकर्षित कर इनके समस्यओं का समाधान करने की बात कही।

### शिविर में मिला वृद्धा पेंशन, झारखंड सरकार के प्रति जताया आभार




**लोहरदगा/कैरो/सढाबे।** कैरो प्रखण्ड के सढाबे गांव के रहनेवाले बुजुर्ग सुकरा उरांव, को वृद्धा पेन्सन नहीं मिले थे आज उन्हें आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में सर्वजन पेन्सन योजना से वृद्धा पेन्सन का स्वीकृति पत्र मिला तो चेहरे में खुशी की झलक दिखाई दी और उसने सरकार को धन्यवाद कहा। आज वक्त पर कैरो प्रखण्ड के सढाबे पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में वृद्धा पेन्सन स्वीकृत किया गया । इस ने बताया कि आज तक पेन्सन नहीं मिला था और आज गांव में ही पेन्सन का कागज मिला इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद।

### ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़े बिना क्षेत्र का विकास संभव नहीं : बीडीओ



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के तुतलो पंचायत में बुधवार को आपकी योजना आपके सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनरेगा जॉब कार्ड, पशु शेड की स्वीकृति पत्र, सावित्रीबाई फुले महिला समृद्धि योजना, कंबल, धोती साड़ी सहित अन्य योजनाओं के लाभुकों के बीच संबंधित सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बेड़ो डॉ प्रवीण कुमार ने कहा प्रत्येक ग्रामीण को योजनाओं से जोड़े बिना क्षेत्र के विकास का सपना साकार नहीं किया जा सकता है। आवश्यकता अनुसार ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की, सीडीपीओ नायाब जेबा सहित अन्य पदाधिकारीयों ने सरकार के विभिन्न योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं मुखिया गंगी कुमारी, पंचायत समिति सदस्य इसरत प्रवीण, पूर्व पंचायत समिति सदस्य असलम अंसारी, पंचायत स्वयं सेवक कुलदीप उरांव, दुबराज खान, सहित अन्य ने अपने विचार रखें। वहीं विधायक के निर्देशानुसार पंचायत स्थित विद्यालय और आंगनबाड़ी केन्द्रों का पदाधिकारीयों द्वारा निरीक्षण किया गया।

---

### कालीपुर गांव में हाथियों का उत्पात जारी, बीडीओ-सीओ ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

# हाथियों के आतंक से ग्रामीण भयभीत, फसलों को रौंदा

नवीन मेल संवाददाता

**कुडू - लोहरदगा।** लोहरदगा - लातेहार जिले सिमाना के आस पास के गांवों में करीब तीन दर्जन की संख्या में विचरण कर रहे जंगली हाथियों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। शाम होते ही जंगली हाथियों के

> ▸ अधिकारियों ने किसानो को हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का मुआवजा के लिए वन विभाग कार्यालय में आवेदन करने को कहा

चिघाड़ से आसपास के गांव दहल रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार 28 से 30 को संख्या में हाथियों का यह झुंड अभी भी जंगल में डेरा डाले हुए हैं। हाथियों द्वारा घर और फसलों को बर्बाद करने की सूचना मिलने के बाद कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह, बीडीओ



मनोरंजन कुमार और थाना प्रभारी अविनव कुमार ने बुधवार को कालीपुर तथा आसपास के गांवों में जाकर हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का जायजा लिया। और ग्रामीणों के साथ बैठक कर हाथियों से सुरक्षा को लेकर चर्चा की एवं बचने के लिए जागरूक किया। किसानों ने अधिकारियों को बताया कि इस वर्ष असमय और काफी कम बारिश होने के कारण बहुत कम खेती हुई है। काफी मुश्किल से जो भी थोड़ा-बहुत धान की खेती हुई है, उसे भी जंगली हाथी बर्बाद कर रहे हैं। अधिकारियों ने किसानो को हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का मुआवजा के लिए वन विभाग कार्यालय में आवेदन करने को कहा है। मौके पर गुड्डू लाल, कुडू थाना के एसआई संजय कुमार, वनरक्षी मुकेश कुमार अनिल कुमार के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित थे।

#### हाथियों का झुंड को भगाने की नही हुई पहल: खतरा बरकरार

गौरतलब है कि खलाड़ी ब्लॉक रास्ते क्षेत्र में प्रवेश किये हाथियों के इस झुंड ने 16 अक्टूबर की रात चंदवा ब्लॉक के बरवाटोली में मोसेमात दहली देवी के घर को तोड़ा, एक गाय के बछड़े को मार डाला और राजरोम गांव में फसल को नुकसान पहुंचाया। फिर दूसरे दिन 17 अक्टूबर को हरगड़ा गांव में विनोद केरकेट्टा के घर को क्षति पहुंचाया और अब तिसरे दिन कुडू क्षेत्र में प्रवेश कर कालीपुर गांव में खेतों में लगे फसल को खाने के साथ साथ पैरों से रौंदकर बर्बाद कर दिया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने हाथियों को गांव से जंगल की ओर खदेड़ा। ग्रामीणों के अनुसार 28 से 30 को संख्या में हाथियों का यह झुंड अभी भी जंगल में डेरा डाले हुए हैं। हालांकि वन विभाग की ओर से फिलहाल हाथियों को भगाने के प्रयास की कोई सूचना नही मिली है। जिससे क्षेत्र वासी हलकान हैं।

### पेड़ गिरने की सूचना पर पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के समीप संचालित अहिल्या देवी पब्लिक स्कूल भवन में विशाल पेड़ गिरने की सूचना जिला आपदा प्रबंधक पदाधिकारी विभाकर कुमार को मिलते ही घटना स्थल पहुंच विद्यालय प्रबंधक व जमीन मालिक से घटना का जायजा लिया। इससे पूर्व अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं थाना प्रभारी ऋषिकांत विद्यालय पहुंच निरीक्षण किया वहीं आपदा प्रबंधक विभाकर कुमार ने कहा कि विभाग की ओर से विद्यालय प्रबंधक को मुआवजा दिया जाएगा। बताते हुए उन्होंने अंचलाधिकारी विजय कुमार से अभिलेख की मांग किया है। जिससे नियम संगत कारवाई करते हुए विद्यालय प्रबंधक को मुआवजा मुहैया कराया जा सके और दोषियों पर कारवाई वहीं ग्रामीणों में चर्चा है। कि प्रखंड परिसर में करीब सौ पेड़ था। जिसे संवेदक के द्वारा निविदा के आधार पर कटाई किया गया। परंतु विद्यालय के समीप विशाल पेड़ छोड़ा गया था। यह जांच का विषय है।

## जियो मैक्स, बेती और एफसीडीसी की टीम ने खिताब पर जमाया कब्जा

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** पांच दिवसीय मनी प्राइज फुटबॉल टूनार्मेन्ट का हुआ समापन। प्रखंड क्षेत्र के मुरकी तोड़ार पंचायत अन्तर्गत डाँडू चौकनी के खेल मैदान में आयोजित पाँच दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेन्ट का समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारम्भ किया गया। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि थाना प्रभारी ऋषिकान्त ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल प्रतियोगिता में जो टीम खेल भवना से अनुशासन के साथ खेलती है। वही टीम का जीत होता है। साथ ही कहा कि खेल को खेल की भवना के साथ लक्ष्य ले कर खेलें। फुटबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 24,बालिका वर्ग में 8 और 35 वर्ष से ऊपर के खिलाड़ियों का 8 टीमो ने भाग लिया था। जिसमे फाइनल मैच में बालक वर्ग में जियो मैक्स नदिया की टीम ए जे स्टाइल को



ट्राइब्रेकर में पराजित कर विजय हासिल कियाद्ध वही बालिका वर्ग में गुमला जिला अन्तर्गत घघरा प्रखंड के एफ सी बेती पतराटोली ने 1 - 0 से जी एफ सी इचरी को पराजित किया और 35 वर्ष से ऊपर वर्ग में एफ सी डी सी ने डी डी टी को हरा कर खिताब पर कब्जा जमाया। वही सभी विजेता टीम को अतिथियों द्वारा पुरस्कार स्वरूप नगद राशि दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर एस आई संतोष कुमार, मुरकी तोड़ार पंचायत उप मुखिया नैना कुमारी, अलौदी पंचायत उप मुखिया गोपाल उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### लतरातु पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़े ग्रामीण

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाना लक्ष्य : मुन्ना

नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** कई महीनों से दौड़ रहा चमरा उरांव के आवेदन पर लापुंग प्रखंड के लतरातु पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान मुहर लग गई और ऑनस्पॉट आवेदन को निष्पादित किया गया। लतरातु पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान 1227 आवेदनों में से 479 मामलों का निष्पादन किया गया जबकि 747 मामले लंबित अथवा प्रक्रियाधीन बताया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना बडाईक ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार राज्य के अंतिम पायदान पर खड़े



ग्रामीणों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने सरकार की योजनाओं के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि हेमंत सोरेन की सोच और उनकी समझ के कारण सरकार गांव के ग्रामीणों के दरवाजे तक पहुंच रही है। इस मौके पर मुखिया अलका तिर्की ने कहा कि लतरातु पंचायत को लापुंग प्रखंड का आदर्श पंचायत के रुप में परिणत करना और पंचायत के सभी लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना उनका लक्ष्य है। वहीं जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा कि लापुंग के प्रशासनिक पदाधिकारी और कर्मचारियों के प्रयासों का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लतरातु पंचायत उनका गृह पंचायत है। यहां के लोगों की समस्याओं का समाधान जल्दी से किया जाएगा। यह उनकी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने पंचायत प्रतिनिधियों तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी के साथ मिलकर कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा, अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विजय रंजन तिर्की, सीडीपीओ पूजा कुमारी, पशुपालन पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी अपनी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया अलका तिर्की के अलावे समाजसेवी सुजीत तिर्की, पंचायत समिति सदस्य भोले उरांव, उपमुखिया सुखदेव उरांव, पंचायत सचिव महेंद्र साहु, ग्राम प्रधान ललित उरांव , संदीप उरांव, जोहन उरांव,अमित नायक आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### लेटाबेड़ा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# सरकारी योजनाओं सहित अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर लोगों ने दिया आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के लेटाबेड़ा में आपकी योजना सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन । इस मौके पर पारम्परिक लोक नृत्य के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया साथ ही फूलमाला एवं गुलदस्ते देकर अतिथियों का सम्मानित किया गया। अतिथियों ने दीप जलाकर एवं फीता काटकर कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। मौके पर ने फूलों झानो योजना के तहत अनिता बिलुंग, निकिता टेटे, प्रभा डुंग डुंग, जसिंता डुंग डुंग रेणु इंदवार, मगडली कुल्लू कुल्लू को दस-दस हजार का चेक दिया गया नया जॉब कार्ड कॉस्मॉस सोरेंग, रंजीत सिंह, स्टीफन कुल्लू,अलिसा कुल्लू, संतोष टेटे को दिया गया। अम्बेडकर आवास गोमती देवी एवं इतवारी देवी को



दिया गया । इसके साथ कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा के, पशुधन के , फूलों झानो के, मनरेगा के, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के, स्वास्थ्य जांच, चापाकल मरम्मत , प्रमाण पत्र, 15वे वित्त के एवं अन्य आवेदन ग्रामीणों ने दिया । इस मौके पर मुख्य रूप से, जिला कार्यपालक दंडाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, अंचल अधिकारी बलिराम मांझी, प्रमुख सुनीता केरकेट्टा, मुखिया बिनोद बड़ाईक, मुखिया सुरजन बड़ाईक के साथ सभी विभाग के पदाधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## बीरु में पांच दिवसीय नायक फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड के बीरु स्थित हाईस्कूल मैदान में लक्ष्मी पूजा के अवसर पर बुधवार को नायक फुटबॉल क्लब की ओर से पांच दिवसीय टूर्नामेंट की शुरूआत की गई कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक के जिला प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, जिला कांग्रेस प्रवक्ता रणधीर रंजन, विधायक प्रतिनिधि तिलका रमन, वार्ड पार्षद शशि गुड़िया एवं विकास केसरी के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए टूनामेंट की शुरूआत की। टूर्नामेंट की शुरूआत कुलुकेरा एवं जवाहर नवोदय विद्यालय सिमडेगा के बीच आयोजन किया गया जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय सिमडेगा ने दो गोल की बढ़त बनाते हुए कुलुकेरा की टीम को पराजित



किया। वहीं दूसरा मैच घोचोटोली बनाम मैनाबेड़ा के बीच में हुई जिसमें घोंचोटोली की टीम 1-0 से जीत दर्ज की । चलो तीसरा मैच फरसा बेड़ा बनाम कोलेबिरा के बीच आयोजित किया गया। समाचार लिखे जाने तक टूनामेंट जारी थी इधर आयोजन को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से अध्यक्ष सोनू नायक ,उपाध्यक्ष कुलदीप माझी सचिव बिरजू केरकेट्टा तथा दीपक कच्छप वही कोषाध्यक्ष संजीव की भूमिका है।

### सड़क दुर्घटना में एक घायल, रांची रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग दिघिया गांव के समीप बाइक सवार 45 वर्षीय दिलीप कुमार पिता बालकिशुन बड़ाईक खूंटी कर्रा वर्तमान पता लोहरदगा के भंडारा निवासी अज्ञात चार चक्का वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना बुधवार कि सुबह करीब 10:30 बजे की है। जहां घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने घटना की सूचना एंबुलेंस 108 को फोन कर दिया गया। जिसके बाद एंबुलेंस 108 के चालक सूरज कुमार ने सड़क दुर्घटना में घायल दिलीप कुमार को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल दिलीप कुमार का प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के प्री-पब्लिसिटी कार्यक्रम का आयोजन आज से

# विभिन्न स्कूलों में प्रदर्शनी के बारे में दी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की कड़ी में सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की स्थानीय ईकाई केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद द्वारा स्वच्छ भारत अभियान 2022 और आगामी सरदार पटेल के जन्मोत्सव ' एकता दिवस' (31 अक्टूबर) के अवसर पर कल 20 अक्टूबर से दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। स्टील गेट के समीप स्थित पंचायत भवन परिसर में 20-21अक्टूबर 2022 तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का उद्घाटन धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह के द्वारा किया जायेगा। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक राज सिन्हा, उपायुक्त, धनबाद संदीप सिंह, डीआईजी सीआईएसएफ विनय काजला, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार,



सिविल सर्जन धनबाद डॉ आलोक विश्वकर्मा, आदि प्रमुखता से मंचासीन रहेंगे। प्रदर्शनी के उद्घाटन से पूर्व प्री-पब्लिसिटी कार्यक्रम के तहत आज विभिन्न स्थानीय स्कूलों में प्रदर्शनी के बारे में बताया गया और छात्र छात्राओं को इसे देखने हेतु आमंत्रित किया गया। उनके बीच पेंटिंग, निबंध और रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोला कुसुमा, धनबाद, और डीएवी कोयला नगर के छात्र-छात्राओं ने अमृत महोत्सव और स्वच्छ भारत अभियान पर निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं इन्हीं दो विषयों पर आधारित रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता में क्रमशः झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय एवं मध्य विद्यालय, सरायढेला, कोलवाशरी के छात्रों और छात्राओं ने भाग लिए। स्वच्छता जागरूकता के लिए आवासीय बालिका विद्यालय कोला कुसुमा में छात्राओं ने परिसर की सफाई की और उसके उपरांत सामूहिक रूप से हाथों की सफाई कैसे विधिवत करें, उसे भी दशार्या। रंगोली में कुमारी रिया और पायल की टीम प्रथम, कुमारी आस्था और दिया कुमारी द्वितीय तथा रिंपा और दीक्षा तृतीय स्थान पर रहीं। पेंटिंग में तृप्ति कुमारी प्रथम, ध्रुव कुमार द्वितीय तथा नितेश कुमार को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इन सभी विजेताओं को कल अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा और प्रतिभागिता सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। इन दो दिनों में प्रदर्शनी में आने वाले बच्चों व दर्शकों के लिए भी स्थल पर प्रतियोगिताएं होंगी। कल होने वाले कार्यक्रम में वक्ताओं के उद्बोधन के साथ साथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे जिसमें विभाग से जुड़े कलाकारों एवं स्कूली बच्चों। द्वारा गीत, नाटक और नृत्य प्रस्तुत किये जाएंगे।

## केरसई में भाजपा एसटी मोर्चा की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**केरसई।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा केरसई मंडल का बैठक बुधवार को अध्यक्ष रविन्द्र कुमार बड़ाईक के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत स्तर तक एसटी मोर्चा का विस्तार पर विचार विमर्श किया गया।मंडल अध्यक्ष मानकी लाल ने कहा कि हमारे झारखण्ड राज्य में संगठन में एसटी मोर्चा का कार्य बहुत महत्वपूर्ण होता है। क्यूंकि पंचायत चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक जनजातीय लोगों का बहुत बड़ा योगदान होता है। इसलिये जनजातीय मोर्चा को पंचायत स्तर तक मजबूत करना बहुत जरुरी है। जिससे कि पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में हमारे प्रतिनिधि चुन कर आ सके और आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भी हमारे जनप्रतिनिधियों का जीत सुनिश्चित हो सके। बैठक को सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता और जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार ने भी सम्बोधित किया। बैठक में मंडल महामंत्री सुधीर मझी, बुलेश्वर प्रसाद, शंकर बड़ाईक, जिला कार्य समिति सदस्य खिरोधर प्रधान, सागर पहान, लखिंदर साय आदि उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### पुलिस निरीक्षक संघ समाजसेवियों ने छठ घाट का लिया जायजा



**बरही।** महापर्व छठ में अब कुछ ही दिन शेष रहे हैं। ऐसे में छठ घाट सफाई एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना प्रशासन सहित समाजसेवियों की पहली जिम्मेदारी बनती है। इसी उद्देश्य से पुलिस निरीक्षक ललित कुमार बरही के वरिष्ठ समाजसेवी यों के साथ विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यू कॉलोनी स्थित सूर्य मंदिर व स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट का निरीक्षण कर विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार का कोई दिक्कत ना हो इन सभी बातों का प्रशासन ध्यान रखेगी महापर्व के पहले छठ घाट, रास्ता की सफाई, प्रकाश की व्यवस्था आदि समस्याओं को दूर कर लिया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में उनके साथ बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, रमेश ठाकुर, छोटन ठाकुर, राज सिंह चौहान, गुरुदेव गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

### पदमा प्रखंड कार्यालय में चूजा का वितरण

**पदमा।** पदमा प्रखंड कार्यालय में बुधवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत प्रखंड के मुर्गी पालकों के बीच चूजा का वितरण किया गया। प्रखंड में इन दिनों पशुपालकों का रुझान मुर्गी पालन के प्रति काफी बढ़ा है। कम लागत में मुर्गी पालन कर लाभान्वित हो रहे हैं। मौके पर सीओ मोजाहिद अंसारी, प्रमुख वीणा देवी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ नकुल मोदी, ललन कुमार यादव उर्फ लालू, भरत पांडेय, लाभुक निनोद मेहता, दीपक मेहता, पूर्णिमा देवी, टेकनी देवी, साबित्री देवी, रूबी कुमारी, अभिमन्यु कुमार मेहता, बबिता कुमारी, शकुंतला देवी, सबिता देवी, मंजू देवी, सरस्वती देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

### सैनिक स्कूल के लेफ्टिनेंट कर्नल कमांडेंट ने योगाचार्य को किया सम्मानित



**बरही।** बीते 12 से 19 अक्टूबर तक सैनिक स्कूल तिलैया डैम में राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जो 45वीं झारखंड कोबरा वाहिनी राष्ट्रीय कैडेट कोर कोडरमा व हजारीबाग एनसीसी ग्रुप आगोजित किया गया था। शिविर में बरही के योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा सह जिला सोशल मीडिया प्रभारी के द्वारा एनसीसी जवानों को योगाभ्यास करवाते हुए स्वस्थ करने के कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस कार्य हेतु आर्मी के 45वीं झारखंड वाहिनी एनसीसी, कोडरमा, हजारीबाग के लेफ्टिनेंट कर्नल कमांडेंट मनीष जैन ने योगाचार्य के प्रशिक्षण की तारीफ करते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### किसानों को बीज के विभिन्न प्रभेद व उन्नत तरीकों से खेती करने की मिली जानकारी




**बरही।** भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र में बड़कागांव, चतरा, हजारीबाग के किसानों को उन्नत तरीकों से खेती कर अधिकाधिक लाभ कमाने व बीज के विभिन्न प्रभेदों की जानकारियां दी गई। इस क्रम में अनुसंधान केंद्र के निदेशक वैज्ञानिक डॉ विशाल नाथ पांडेय व उनकी टीम ने किसानों को क्षेते भ्रमण भी कराया। उस दौरान अनुसंधान केंद्र में पपीता तथा मक्का की नई प्रभेद विकसित करने के लिए चल रहे अनुसंधान व उसके लाभ की जानकारियां भी दी गई। साथ ही किसानों को संस्थान से जुड़े रहने की बात कही गई जिससे समय समय पर उन्हें नई तकनीकी की जानकारी मिल सके। कृषि वैज्ञानिक डॉ संतोष कुमार के द्वारा मक्का की उन्नत खेती जनाकारी देते हुए गुणवत्ता युक्त प्रोटीन मक्का के बारे में भी बताया गया। साथ ही किसानों को विशिष्ट मक्का मीठी मक्का, शिशु मक्का एवं पॉपकॉर्न की खेती कर अधिक धनोपार्जन करने के तरीके बताए गए।

### दीवार रंगने के दौरान गिरने से महिला की मौत

**कोडरमा।** जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत ढाब थाम में दीवार रंगने के दौरान गिरने से महिला की मौत हो गयी। मृतका की पहचान सरिता देवी (उम्र 35 वर्ष पति नरेश यादव, ग्राम ढाब थाम चंदवारा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मगलवार की शाम अपने घरों में रंग पेंट का काम कर रही थी। इसी दौरान अचानक गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर बुधवार को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### दो वर्षों से आवास के लिए लगा रहे हैं गुहार, जनप्रतिनिधि व अधिकारी बेखबर



**बरही।** केदारूत पंचायत अंतर्गत खेरौन ग्राम के गोविंद यादव पीएम आवास के लिए आवेदन देने के बाबजूद भी दो वर्षों से अपने टूटे-फूटे कच्चे मकान में रहने के लिए विवश हैं। आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में एक बार फिर से आवेदन देते हुए उन्होंने आवास की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा वर्तमान और पूर्व दोनों विधायकों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से कई बार आवास दिलवाने की गुहार लगाई। पर किसी ने भी उनकी गरीबी पर रहम नहीं किया और आवास दिलवाने में सहयोग नहीं दिया। नतीजा अपने टूटे आवास में रहने के लिए मजबूर हैं। आवास की आस में एक बार उन्होंने फिर से जनता दरबार में प्रशासनिक पदाधिकारियों से गुहार लगाई है। देखना यह है कि जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक पदाधिकारी कब इस असहाय को आवास उपलब्ध करवाने में सक्षम हो पाते हैं।

---

### उपायुक्त की जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक, कहा

# पूर्व में चिन्हित पर्यटन स्थलों पर अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने व नये पर्यटन स्थलों को चिन्हित करने पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद के गठन के उपरांत बुधवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में परिषद की पहली बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर उपायुक्त ने उपस्थित सभी सदस्यों से कहा कि जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद का गठन करने का उद्देश्य रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व से चिन्हित पर्यटन स्थलों में अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में नए पर्यटन स्थलों को चिन्हित कर उन्हें विकसित करना है। बैठक के दौरान रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखंड के मां छिन्नमस्तिका सिद्धपीठ रजरप्पा में भैरवी नदी पर स्थित पुल पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से कॉज वे बनाने, पतरातू प्रखंड में पलानी झरना में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, साईनेज लगाने, पतरातू लेक रिसॉर्ट के समीप व्यू गैलरी चिन्हित करने, मायाटुंगरी पहाड़ को पर्यटन की दिशा में विकसित करने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने मां छिन्नमस्तिका सिद्धपीठ रजरप्पा मंदिर परिसर में भैरवी नदी के पुल पर सुरक्षा दृष्टिकोण से कॉज वे बनाने को लेकर सहायक अभियंता भवन प्रमंडल रामगढ़ को स्थल निरीक्षण कर संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी, सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार, विधायक प्रतिनिधि रामगढ़ मुकेश यादव एवं विधायक प्रतिनिधि बड़कागांव अमित कुमार, सदस्य कमल किशोर बगड़िया, परमदीप कालरा सहित अन्य सदस्यों के द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों चितरपुर प्रखंड अंतर्गत पोना पर्वत, दुलमी प्रखंड अंतर्गत डेलीपैला धाम, मांडू प्रखंड अंतर्गत चरण पहाड़ी आदि को विकसित करने से संबंधित सुझाव दिया गया जिस पर समिति द्वारा चर्चा के दौरान कई आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीक्षण पुरातत्वविद शिव कुमार भगत ने जिले में कैथा शिव मंदिर, चितरपुर प्रखंड अंतर्गत मारंगमार्चा एवं गोला प्रखंड अंतर्गत डीवीसी चौक के समीप खिरीमठ मंदिर के संरक्षण एवं स्थल को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने हेतु किए जाने वाले कार्यों से संबंधित जानकारी दी। बैठक के दौरान उपरोक्त के अलावा वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एएसआई के पदाधिकारियों, जेटीडीसी के स्थानीय पदाधिकारियों, ट्रांसपोर्ट संघ के उपाध्यक्ष दिनेश कुमार साहू सहित परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### पशु लदा पिकअप वाहन को पुलिस ने किया जब्त चालक को भेजा जेल

**बरकट्ठा।** थाना पुलिस ने बीते रात को एक पिकअप में पशु लदा वाहन समेत चालक को गिरफ्तार किया है। इस बाबत थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। जिसमें कहा है कि मंगलवार की रात्रि गस्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि अवैध मवेशी लोड़ कर पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना का सत्यापन एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु रात्रि गस्ती पदाधिकारी टीनू कुमार के द्वारा बरकट्ठा थाना गेट के सामने जीटी रोड पर बरही के तरफ से आने वाली गाड़ियों का चैकिंग प्रारंभ किया। चैकिंग के दौरान अहले सुबह एक पिकअप संख्या डब्लू बी 39सी1928 को बरही के तरफ से आते देखा गया। पुलिस को देखकर गाड़ी चालक भागने का प्रयास करने लगा परंतु पुलिस ने उसे पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़ाए गए वाहन में कुल 9 मवेशी को क्रूरता पूर्वक एंव क्षमता से अधिक लोडकर ले जाते हुए पाया गया। पुलिस द्वारा पकड़ाए चालक मो0 तस्लीम खान, पिता समीर खान, ग्राम नियामतपुर, थाना कुल्टी, आसनसोल निवासी ने बताया कि उक्त मवेशी को शेरघाटी (गया) से लोड कर आसनसोल ले जाया जा रहा था। इस सबंध में बरकट्ठा थाना कांड संख्या 180/22 दर्ज किया गया है तथा झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम अंकित करते हुए पकड़ाए चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### छठ घाट के निर्माण को लेकर ग्रामीणों का विरोध, कहा- जल्दी हो घाट का निर्माण

## दो सुरक्षित घाट निर्माण किये जा चुके हैं, सभी वहीं अर्घ्यदान करें : निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** पौराणिक छठ घाट निर्माण को लेकर गौरियाकरमा की महिलाएं एक बार फिर विरोध करने भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र स्थित बहादुर डैम पहुंची। सबो का एक ही कहना था कि बहादुर डैम उनलोगों का पौराणिक छठ घाट है। जहां अर्घ्यदान के साथ ग्रामीण दशकर्म इत्यादि भी करते हैं। परंतु अनुसंधान केंद्र के द्वारा छठ घाटो को तहस-नहस कर छोटे छोटे पोखरे बनाकर पूरे क्षेत्र को चहारदीवारी से बंद कर दिया गया है। मुख्य दरवाजा में ताला लगा दिया गया है। जिससे ग्रामीणों को पूजा पाठ करने में दिक्कतें हो रही है। जिसे ग्रामीणों ने विधायक व मुखिया में नेतृत्व में अनुसंधान केंद्र के पदाधिकारियों को पूर्व में भी सूचित किया जा चुका है। परंतु अब तक कोई करवाई नही हुई। अब छठ नजदीक है बाबजूद छठ घाट नही बना है। ग्रामीणों सप्ताह दिन के अंदर छठ घाट निर्माण करने की माँग कर रहे थे। ऐसा नहीं होने चहारदीवारी के पोखरों को विनष्ट कर घाट बना दिया जाएगा, जिसकी क्षति के लिए केंद्र के पदाधिकारी जिम्मेदार होंगे। मौके पर समाजसेवी दुलार प्रसाद यादव, परमेश्वर प्रसाद यादव, शुभम पांडे, किशोर चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे। संबंधित मामले में निदेशक विशाल नाथ पांडे ने बताया कि वर्तमान में बहादुर डैम का पूरा क्षेत्र भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र के द्वारा अधिग्रहित किया जा चुका है। जहां मत्स्य पालन एवं अन्य अनुसंधान हेतु छोटे छोटे तालाब बनाये जा चुके है। जिस जगह वैज्ञानिकों व विद्यार्थियो के द्वारा शोध कार्य किए जाते है। ऐसे में ग्रामीणों के द्वारा उसे तोड़ने की बात करना अनुचित है। महापर्व छठ एवं अन्य कर्मो के लिए अनुसंधान केंद्र के द्वारा दो अलग-अलग घाट भी बनाये गए है। जो चहुँ ओर से सुरक्षित है। परन्तु लोगो के द्वारा उक्त स्थल पर नही जाना समझ से परे है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि वह भी सनातनी है, उन्हें भी महापर्व छठ से आस्था है। उनके कॉलोनी के लोग भी उसी स्थान पर अर्घ्यदान करेंगे। सभी कोई मिलकर महापर्व छठ मनाए। यह केंद्र देश की दूसरी बड़ी अनुसंधान केंद्र है इसे विकसित होने में सहयोग दे।

### एथलीट सपना कुमारी को उपायुक्त ने दी बधाई



**रामगढ़।** रामगढ़ उपायुक्त ने 61वीं राष्ट्रीय ओपन नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के घाटो क्षेत्र की एथलीट सपना कुमारी के 100 मीटर हर्डल्स में रजत पदक जीतने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

### ग्रामीणों से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील



**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर प्रखंड के हरहद पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जिले के वरीय प्रभारी के.के सोन ने 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।इस दौरान लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं के तहत परिसंपत्ति का भी वितरण किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, संबंधित प्रखंड के बीडीओ, सीओ, विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपा



**झुमरीतिलैया।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कोडरमा आगमन पर झारखंड सहायक प्राध्यापक अनुबंध संघ (जेजे कालेज इकाई) के अध्यक्ष राम स्वरूप यादव, उपाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार, डॉ संतोष कुमार एंव सचिव डॉ दीपक कुमार के नेतृत्व सभी शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से मिलकर घंटी आधारित शिक्षकों की समस्या को रखा तथा अनुबंधित सहायक प्राध्यापक का सेवा समायोजन और यूजीसी ग्रेड पे देने की बात रखी। इससे संबंधित एक ज्ञापन भी मुख्यमंत्री को दिया गया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही आप लोगों की समस्या का निदान किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ राजेश कुमार, डा आशुतोष महतो, डा दीपक कुमार, डा मुकेश कुमार, डा सुखदेव यादव, प्रो अनिमेष गौतम, प्रो पवन कुमार, डा नेहा गुप्ता, सहायक सुभाष पासवान मौजूद थे।

### प्रखंड मुख्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर

**चौपारण।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में सरकारी विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों के लिए जांच सह शिविर उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ बीईईओ राकेश सिंह, उमाकांत यादव, उपप्रमुख प्रीति गुप्ता, ताजपुर मुखिया उषा भगत, प्रतिनिधि अभिमन्यु भगत, पंसस अनिल वर्णवाल, नरेशचंद पांडेय संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। उपप्रमुख ने कहा कि सरकार की दिव्यांगों के हित में संचालित योजना सराहनीय है। ऐसे योजना से दिव्यांगों को सामान्य जीवन जीने की सुविधा तथा उत्साहित भी होते हैं। मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु भगत ने कहा कि क्षेत्र के ऐसे दिव्यांग बच्चो को योजना से जोड़ें और सरकार को महत्वाकांक्षी योजना का लाभ पहुंचाएं। बीईईओ राकेश सिंह ने कहा कि एमिलको संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चों का जांचोंपरांत और उपकरण का वितरण किया जा रहा है। उमाकांत यादव ने कहा कि इस योजना के संचालन में सभी शिक्षक सहयोग कंरे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सह परिवर्तन दल सदस्य जनार्दन प्रसाद वर्मा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा देने के लिए समावेशी शिक्षा लागू की गई है। बच्चों में हीन भावना न आए, इसलिए सामान्य बच्चों के साथ ही उनकी शिक्षा देने का प्रयास विभाग द्वारा किया जा रहा है। शिविर में 16 बच्चों को ट्राई साइकिल, ह्वीलचेयर, स्ट्रेचर एवं मिक्स किट का वितरण किया गया। शिविर में 35 दिव्यांग बच्चों की जांच की गई। कार्यक्रम में रिसोर्स शिक्षक गिरधारी महतो, फिजियोथैरेपिस्ट दीपक भारती, शिक्षक कमलेश कुमार कमल, बद्दीउजमा, निशु सिंह, राकेश कुमार, राजेश कुमार, बाबूजान अंसारी, रघुनंदन बरई, मो आरिफ, मो सईद, शशि कुमार, प्रदीप कुमार, पवन कुमार, यशवंत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार का निरीक्षण करने पहुंची एसडीओ

### 338 आवेदन में 37 निष्पादित, तीन रद्द शेष प्रक्रियारत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** एसडीओ पूनम कुजूर ने बुधवार को केदारुत पंचायत मे आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में लगे अभी स्टॉल का जायजा लेते हुए बीडीओ सहित सभी कनीय को जनसमस्या निवारण हेतु आवश्यक निर्देश भी दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार के कैम्प में ऑन स्पॉट 7 लोगो के पीडीएस की समस्या का समाधान, 2 वृद्धा पेंशन, एक विधवा पेंशन, 18 दीदी बाड़ी योजना की स्वीकृति, 3 मनरेगा कार्य हेतु जॉब कार्ड, एक फूलों झानो योजना की स्वीकृति सहित 5 लगान रसीद निर्गत किये गए। शिविर में ही 66 निर्धनों के बीच कंबल भी वितरित किया गया। कुल 338 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे 37 का ऑन स्पॉट समाधान किया गया, जबकि तीन आवेदन रद्द किये गये। वही पंचायत भवन के बगल 2,29,880 रुपये की लागत से बनने वाले पोटो खेल मैदान निर्माण की स्वीकृति दी गया। जिसका उपास्थित अतिथियो ने शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता, विस विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया सरिता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो. प्रवेज, प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक, प्रखंड कंर्मी कर्मी सहित कई जनप्रतिनिधी उपस्थित थे।

## अनेक कल्याणकारी योजनायें सरकार द्वारा किया जा रहा संचालित : शंभू लाल यादव



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** झारखंड सरकार गरीबों की हित में काम कर रही है। कई कल्याणकारी योजनाएं सरकार के द्वारा संचालित किया जा रहा है। उक्त बातें झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव ने प्रखंड के कोनहारा कला में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने हेमंत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत में 3 नवंबर को आयोजित होने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर में शामिल होकर मुख्यमंत्री पशुधन विकास, सर्वजन पेंशन, हरा राशन कार्ड, सावित्री फुले किशोरी समृद्धि, फूलो झानो आशीर्वाद, कंबल वितरण आदि योजनाओं का लाभ उठाएं। झामुमो की हेमंत सरकार लोगों की आकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर आपके दरवाजे पर आ रही है। मौके पर हरा कार्ड धारकों ने सितंबर माह में राशन नहीं मिलने की शिकायत पर उन्होंने कहा कि सितंबर माह और अक्टूबर दोनों माह का राशन तीस अक्टूबर तक लाभुकों को मिल जाएगा। वहीं झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष सह जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने प्रखंड के ग्रामीणों से झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया अब्बास अंसारी एवं संचालन मौलाना अब्दुल क्यूम ने किया। कार्यक्रम में समाजसेवी झामुमो नेता यासीन खान, झामुमो जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता, दशरथ यादव, उपमुखिया प्रतिनिधि रहमत अंसारी, इम्तियाज भारती, अब्दुल हफीज, कासिम अंसारी, जहूर अंसारी, मो मंसूर शाह कादरी, सहजाद अंसारी समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### कोरियाडीह छठ पूजा समिति का हुआ गठन, मुखिया बने मुख्य संरक्षक



**बरही।** धनवार पंचायत के कोरियाडीह में ग्रामीणों के द्वारा बैठक कर छठ पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मुखिया राजेंद्र प्रसाद को मुख्य संरक्षक, अध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष किशोर कुमार, सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अमित कुमार व उप कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मनोनीत किए गए। इसके साथ ही महेंद्र कुमार, विरेंद्र कुमार, मोहन प्रसाद, संजय प्रसाद, विजय प्रसाद, सुरेश प्रसाद, मंटू प्रसाद, देवनाथ प्रसाद, सतीश प्रसाद, संतोष प्रसाद, रवि प्रसाद, दिनेश प्रसाद आदि को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक में दामोदर प्रसाद वर्मा, नरेश कुमार, नागेश्वर प्रसाद,मनोज कुमार, सतीश कुमार, महेश कुमार, निर्मल प्रसाद, तारकेश्वर प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, अनिल कुमार, मोहन प्रसाद, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे। बतौर मुख्य संरक्षक मुखिया ने उपास्थित लोगो से महापर्व छठ को शांति और सद्भावना के साथ मनाने की अपील किया। इसके साथ ही छठ घाट की सफाई सड़कों की सफाई बिजली व्यवस्था इत्यादि दुरुस्त करने पर भी चर्चा किया गया।

### आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 03-दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का होगा उद्घाटन

# उपयोगी जानकारियों से लैस केंद्रीय संचार ब्यूरो का आकर्षक चित्र प्रदर्शनी जागरूकता का बेहतरीन माध्यम : शाहिद रहमान

- प्रदर्शनी का आयोजन बच्चों के लिए उपयोगी साबित होगा प्रिंसिपल, जिला स्कूल विजय कुमार सिंह
- स्वच्छता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर अक्टूबर मास में महात्मा गांधी और सरदार पटेल के जन्मदिन का संस्मरण करते हुए स्वच्छता, राष्ट्रीय एकता, एक भारत श्रेष्ठ भारत, केंद्र सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित शासन के 8 वर्ष आदि पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रादेशिक इकाई रांची द्वारा 20 अक्टूबर 2022 को हजारीबाग के जिला स्कूल ग्राउंड में 03 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा। प्रदर्शनी के उद्घाटन से पहले पूर्व-आयोजन पर गुरुवार को दुसरे दिन जिला स्कूल हजारीबाग में स्कूली छात्र तथा छात्राओं के अलग-अलग टीमों का वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इससे पूर्व आज प्रातः काल पूर्व-आयोजन के मुख्य भाग के तौर पर नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के सहयोग से इंद्रपुरी सिनेमा हॉल के निकट छठ तालाब की सफाई की गई और काफी मात्रा में प्लास्टिक और दूसरे कचरो को तालाब से बाहर किया गया। चित्र प्रदर्शनी के आयोजन व इसके रुप रेखा की जानकारी देने हेतु आयोजित प्रेस वार्ता में बोलते हुए क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सह कार्यालय प्रमुख सीबीसी रांची शाहिद रहमान ने कहा कि उपयोगी जानकारियों से लैस केंद्रीय संचार ब्यूरो का आकर्षक चित्र-प्रदर्शनी जागरूकता का बेहतरीन माध्यम है और हम आशा करते हैं कि हजारीबाग निवासी इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी से लाभान्वित होंगे। जिला स्कूल के प्रिंसिपल विजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रदर्शनी का आयोजन हमारे लिए हर्ष का विषय है और इसमें जिला स्कूल की ओर से हर संभव सहायता दी जा रही है। नेहरु युवा केंद्र के हजारीबाग जिला के कोऑर्डिनेटर श्री रुद्रा ने देश को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नेहरु केंद्र लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी वे आज पाता काल छठ ताला की सफाई की गई आर एक बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा और दूसरे कचरा को तलाश से निकाला गया। प्रेस वार्ता उपरांत स्वच्छता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 09 बरवाटांड़ पारगढा में लगा 25 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर कुछ दिन पूर्व खराब हो गया था। इसकी सूचना लोगों ने नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो को दी। जिसपर उन्होंने तुरंत नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। ट्रांसफ ार्मर का उद्घाटन 19 अक्टूबर को नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने विधिवत रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर किया। उन्होंने कहा कि कि मरार गांव के लोग ट्रांसफार्मर के अभाव में पिछले कई दिनों से अंधेरे में रहने को विवश थे। जिससे घरेलू कार्य से लेकर बच्चों की पढाई तक प्रभावित हो रही थी। कहा लोगों की मांग पर तुरंत बिजली विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर ट्रांसफर्मर उपलब्ध कराया। इससे ग्रामीणों के घरों में बिजली की आपूर्ति आरंभ हो गई है। उन्होंने ग्रामीणों से लगाए गए ट्रांसफार्मर की हिफाजत करने पर जोर देते हुए बिजली की बचत करने की अपील की। कहा कि जरूरत भर ही बिजली का उपयोग करें। मौके पर वार्ड पार्षद शिव शंकर मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार साहू, डब्लू करमाली, वार्ड सचिव सुजीतबेदिया, बबलू मिश्रा, सुरेन्द्र राजवार, मिथिलेश, अजीत बेदिया, प्रदीप कुमार, जगन मुंडा, धनंजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### शंख नदी छठ घाट में ही होगा छठ पूजा का भव्य आयोजन



**सिमडेगा।** शंख नदी छठ घाट सेवा संस्थान के द्वारा घाट का निरीक्षण किया गया। समिति के द्वारा निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी संगम छठ घाट में ही छठ पूजा का आयोजन होगा। छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए पूरी तैयारी की जाएगी। समिति के संस्थापक सदस्य विष्णु वैध और प्रदीप केसरी ने बताया कि छठी मैया की कृपा से पूजा से पूर्व घाट का निर्माण स्वतः हो जाएगा। इसके अलावा समिति के द्वारा भी नदी के पूर्वी किनारे में घाट का निर्माण कराया जाएगा। समिति ने जिले के सभी छठ व्रतियों को उत्साह और आस्था के साथ छठ शंख नदी संगम तट पर पूजा करने के लिए आमंत्रित किया है। मौके पर सुबीर कुमार, विनोद अग्रवाल, चंदन लाल, दुर्गा प्रसाद, अमित अग्रवाल, रवि वर्मा, रोहित प्रसाद आदि उपस्थित थे। इधर समिति के लोगों ने छठ पूजा तक घाट से बालू के उठाव पर रोक लगवाने की मांग की है। इसके अलावा प्रशासन से कुरडेग रोड से शंख घाट तक बने कच्चे सड़क की मरम्मत कराने की भी मांग की है। इधर प्रशासन को जानकारी मिली जिसके बाद शाम में सदर प्रखंड के बीडीओ अजय कुमार रजक और सीओ प्रताप मिंज के द्वारा शंख नदी छठ पूजा घाट का निरीक्षण किया गया। छठ पूजा आयोजन को ले अधिकारियों ने समिति के लोगों से जानकारी प्राप्त किए और आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### घाघरा में खड़े ट्रक में बाइक सवार ने मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा घायल

**घाघरा।** घाघरा थाना के प्रखंड मुख्यालय स्थित पुराना पेट्रोल पम्प के समीप एक खड़े बॉक्साइट लोड ट्रक में बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे घटना स्थल पर ही एक युवक की मौत हो गयी और एक गंभीर रूप से घायल है। गंभीर रूप से घायल युवक के मोबाइल पर फोन आने के उपरांत बात करने पर घायल का नाम सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा निवासी पंकज उरांव के रूप में बताया गया। घायल पंकज को 108 एम्बुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया जहां उसे आनन फानन में सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। जबकी मृतक की पहचान नही हो सकी है। पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में ले लिया है।

### अधेड़ महिला के लापता की सूचना पर सनहा दर्ज कर कारवाई में जुटी पुलिस

**सेन्हा-लोहरदगा।** अरु अन्तर्गत बांध टोली निवासी मुस्तफा अन्सारी की पत्नी अरु बांध टोली से जुरिया जाने के दौरान 17 अक्टूबर को मदीना खातून अपने बहन के घर जुरिया जाने के लिए निकली जो 49 वर्षीय मदीना खातून लापता हो गई। जिसकी सूचना उसके पति मुस्तफा अंसारी को मिलते ही अपने रिश्तेदार एवं सगे संबन्धी में खोजबीन किया परंतु अधेड़ महिला मदीना खातून का कही पता नही चला। जिसके बाद मुस्तफा अंसारी सेन्हा थाना में लिखित आवेदन देते हुए बताया कि मैं अपने पत्नी को लोहरदगा थाना क्षेत्र के जुरिया जाने के लिए 17 अक्टूबर को अरु चौक में टेम्पू बैठाया था। देर शाम तक वह अपनी बहन के घर नही पहुंची जिसे जानने के लिए फोन लगाया तो नही पहुंचने की बात रिश्तेदार द्वारा बताया गया। जिसके बाद हमलोग खोजबीन करना आरम्भ कर दिए। साथ ही बताया कि मेरे पत्नी के पास दो मोबाइल नम्बर 9123206115 तथा 8076447688 है जो बन्द बता रहा है। साथ ही कहा की लापता अधेड़ महिला का हुलिया व पहचान रंग सांवला, ऊंचाई 5 फिट 2 इंच,बाल काला पहनावा लाल रंग का सलवार शूट भाषा नागपुरी बोलती है। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया लापता अधेड़ महिला का लापता होने की सूचना महिला का पति द्वारा लिखित प्राप्त हुआ है। जिस पर संज्ञान में लेते हुए अग्रेतर कारवाई में प्रशासन जुट गई है।

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल



**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के सिलिंगा में सुरेश गोंड, गांव ढोढीबहार, नामक एक व्यक्ति बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों ने लगभग 108 को फोन कर इसकी जानकारी दी जिसके बाद घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### केबल लदा 10 चक्का ट्रक खेत में पलटा

**जलडेगा।** लचरागढ़ से कारीमाटी होते हुए बाड़ीब्रिंगा जाने वाले रोड में कारीमाटी हजारीबेड़ा चुटिया नदी/नाला से ठीक पहले एक बड़ा हादसा हुआ है। बताया गया कि केबल तार लदे एक 10 चक्का ट्रक जिसका नंबर डफ्ना4ह 8577 पलट गया है। फिलहाल ड्राइवर का कोई पता नहीं है। घटना के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार है।

### विधायक ने कांग्रेस के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को दी बधाई

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने कांग्रेस के नए अध्यक्ष चुने जाने पर मल्लिकार्जुन खड़गे को बधाई दी है। उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे के जीत को एतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी के नेतृत्व में कांग्रेस देश में मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। विधायक ने मल्लिकार्जुन खड़गे के आगे तक की सफलता के लिए एवं कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए ईश्वर से प्राथना की है। विधायक ने कहा कि कांग्रेस के सहयोगियों का एकतरफा मल्लिकार्जुन खड़गे जी को समर्थन मिलना सौभाग्य की बात थी। वहीं जिप सदस्?य जोसिमा खाखा ने भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बधाई दी है।

### हल्की आंधी-बारिश से बड़ा पेड़ गिरा दो घर को पहुंचा नुकसान

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के बुधराटोली में हल्की आंधी बारिश के बीच बड़ा पेड़ गिरने से दो लोगों का मकान को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। इधर पीड़ित परिवार के घर टूट जाने से उन्हें रहने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधरा टोली निवासी शफिरा केरकेट्टा एवं नोतरोत सोरेंग के घर के पास बड़ा बरगद का पेड़ अचानक आए आंधी-तूफान से उखड़ कर गिर पड़ा जिसके बाद घर को पूरी तरह से तोड़ दिया इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस नेत्री नोमिता बा पीड़ित परिवार के घर पहुंची और उन्होंने हर संभव मदद देने की बात कही उन्होंने कहा कि जल्द ही इस मामले में अंचल प्रशासन को सूचना देते हुए उचित मुआवजा दिलाया जाएगा वही इधर वार्ड पार्षद ने भी परिवार से मुलाकात करते हुए हर संभव मदद देने की बात कही।

---

जिले के चार पंचायत में आयोजित हुआ आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम

# पंचायत के लोगों ने एलईडी स्क्रीन पर देखा सीएम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन लोहरदगा के कैरो प्रखंड के सढाबे फुटबॉल मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, प्रमुख ,मुखिया सहित अन्य पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा मनरेगा अंतर्गत 25 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य आपके जीवन को सफल व आसान बनाने के लिए है जिससे सरकार की योजनाएं आपके घरो तक आकर आप तक पहुंचाई जाय। जितनी योजनाएं हैं कुछ न कुछ आपके लिए है। स्कूली बच्चों के लिए छात्रवृति योजना है। किशोरियो के लिये सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना हैं। स्वरोजगार के लिए युवक युवतियां मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में आवेदन देकर ऋण प्राप्त कर स्वरोजगार से जुड़ सकते हैं। जिसका सब्सिडी 40 प्रतिशत अधिकतम 5 लाख तक तथा सूद कम है। फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से जुड़कर



महिलाएं जेएसएलपीएस के माध्यम जुड़कर रोजगार कर सकती हैं। जब महिलाएं खुद अपने पैरों पर खड़ी होती हैं तो आत्मसम्मान का अनुभव होता है। उसी प्रकार बुजुर्गों के लिए वृद्धा पेन्सन, दिव्यांगों के लिए पेन्सन, विधवा के लिए पेन्सन, निराश्रित महिलाओ के लिए पेन्सन दी जा रही है। किसानों के लिये केसीसी, हर राशन कार्ड, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, सोना सोबरन धोती साडी वितरण योजना, सहित जितने भी स्टॉल यहां लगे हैं इन सभी स्टॉलों में जाकर आप कैम्प का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आप अधिक से अधिक लाभ उठाएं और कार्यक्रम को सफल बनायें। इस मौके पर सांकेतिक रूप से छात्राओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की छात्राओं, सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्थापेंशन योजना से तथा विधवा पेन्सन का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। पंचायत के 200 वृद्धों को कम्बल प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास की 53 स्वीकृत प्रदान की गई। केसीसी के 5, मनरेगा के 190, नया जॉब कार्ड 2, निर्गत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने एलईडी स्क्रीन में माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन का जीवंत संदेश सुना व देखा जिसका सीधा प्रसारण बुधवार को चतरा जिला से किया जा रहा था। मुख्यमंत्री आज चतरा जिला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। आज लोहरदगा जिला में अन्य आयोजित कार्यक्रम में भंडरा के उदरंगी पंचायत में, लोहरदगा के मनहों पंचायत में, तथा सेन्हा के उगरा पंचायत में कार्यक्रमों में पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, हरा राशन कार्ड, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, केसीसी, प्री एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं सर्वजन पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना की जानकारी दी गई। प्रत्येक पंचायत के कार्यक्रम में योजनाओं के 16 स्टॉल लगाये गये थे।

#### नुक्कड़-नाटक से भी चलाया गया जनजागरूकता अभियान

**जिला** जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से सढाबे पंचायत कैरो के कार्यक्रम में समग्र आदिवासी कला विकास केंद्र के कलाकारों द्वारा राजेश कुमार भगत के नेतृत्व में गीत नाट्य प्रस्तुत किया गया ।लोहरदगा के मनहों पंचायत में सुभद्रा पन्नं के नेतृत्व में, लोक कला मंच,सेन्हा के उगरा पंचायत में प्रज्ज्वलित विहार के कलादल सुनीता कुमारी के नेतृत्व में तथा भंडरा में भंडारी उरांव सांस्कृतिक कला दल के द्वारा गीत संगीत नाट्य, प्रस्तुत किया गया।

---

फूड सेफ्टी ऑफिसर ने की छापेमारी, होटलों में पायी गयी गंभीर अनियमितता

## कुछ होटलों से फाइन वसूला गया साफ-सफाई का दिया गया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** दीपावली और छठ त्यौहार में आम उपभोक्ताओं को शुद्धता और क्वालिटी वाले मिठाई बाजार में सहज उपलब्धता सुनिश्चित होने को लेकर बुधवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी सनी कुमार दास व पूजा कुमारी की अगुवाई में शहरी क्षेत्र के विभिन्न मिठाई दुकानों और होटलों में औचक छापामारी किया गया। इस दौरान होटल दिव्या पैलेस, सागर होटल, शारदा नमकीन, 7 डेज होटल समेत शहर के विभिन्न होटलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान होटल दिव्या पैलेस में अनियमितता पाई गई जिसे एक सप्ताह के अंदर सुधार करने का निर्देश दिया गया। वही 3000 रुपये का फाइन लगाया गया। वही सागर होटल में साफ सफाई में भारी अनियमितता देख उसे भी निर्देश व 5000 रुपये जुमार्ना लगाया गया। सफाई के अभाव में संक्रमण फैलने की आशंका व्यक्त की गई। खाद्य पदार्थ बनाने के दौरान साफ सफाई का विशेष व्यवस्था रखें का निर्देश दिया गया। एक सप्ताह के अंदर अनियमितता मिलने वाले मिठाई दुकानदारों को सुधार के लिए कड़ी हिदायत दी गई। सुधार नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई करने के लिए चेतावनी भी दिया गया। शहर के कुछ होटलों में साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक रहने पर अधिकारियों ने इसकी सराहना किया। शहरी क्षेत्र में औचक निरीक्षण के दौरान कई होटलों से खोवा, पनीर, गुलाब जामुन, रसगुल्ला, दूध समेत अन्य सामग्री का सैंपल लिया गया लिए गए। सैंपल को जांच के लिए रांची नामकुम स्थित लेबोरेटरी भेज दिया गया। होटलों और मिठाई दुकान मैं औचक छापामारी को लेकर मिठाई दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। इस छापेमारी अभियान में, खाद सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी सनी कुमार दास, कार्यपालक दंडाधिकारी पूजा कुमारी, खाद सुरक्षा कार्यालय सहायक रजनीश कुमार, आदि शामिल थे।

---

## नवारीपारा चंडी बारी काली पूजा समिति गठित भव्य तरीके से होगी इस बार काली पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के नवारीपारा चंडी बारी काली पूजा समिति बदला रोड वार्ड नंबर 20 काली पूजा हेतु कमेटी बनाई गई। मुख्य संरक्षक रामसेवक सेनगुप्ता, बालवीर देव, डॉ सत्येंद्र सहाय, डॉक्टर दीपक आदर्श, अध्यक्ष पवन सिंह, उपाध्यक्ष रंजीत नायक, कार्तिक कुमार, विजय सोनी, अमर साहू, हिमांशु ठाकुर, सहसचिव अतुल साहू, रवि कांत सोनी, आकाश सोनी, पवन यादव, कोषाध्यक्ष सौरव सेनगुप्ता आदि का चुनाव हुआ। जरूरत के मुताबिक कमेटी का विस्तार अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष मिलकर करेंगे। नवारी पड़ा चंडी बारी काली पूजा समिति शुरूआती दौर में 2018 से पूजा शुरू किया गया राम प्रसाद सेन गुप्ता एवं मंजुला सेन गुप्ता के द्वारा। तत्पश्चात मोहल्ला के सभी समुदाय वर्ग के लोग माताएं और बहनें मिलकर पूजा करते आ रहे हैं। इस बार इस बार माता का पूजा भव्य तरीके से आयोजन किया जा रहा



है। भव्य मां काली की प्रतिमा, पंडाल, भव्य विद्युत सज्जा आकर्षक होगा। इसकी तैयारी की जा रही है। पूजा के जजमान मंजुला सेन गुप्ता, राम प्रसाद सेन गुप्ता, पुरोहित जय शंकर पांडे होंगे। 24 अक्टूबर 2022 को संध्या के समय माता का पाठ खोला जाएगा। रात्रि में मां काली का भक्ति भाव से पूजा होगी। 25 अक्टूबर को मां का प्रसाद भंडारे के रूप में भक्तजन को प्राप्त होगी। संध्या के समय भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। 26 अक्टूबर को दिन में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात रात्रि 8:00 बजे माता का आरती पूजा के बाद माता को विदा की जाएगी।

---

## फिट इंडिया फ्रीडम रन के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिसई में खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव, फिट इंडिया, राष्ट्रीय एकता दिवस, एक भारत- श्रेष्ठ भारत, क्लीन इंडिया 2.0 के अवसर पर गुमला, सिसई में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र संगठन, गुमला का सहयोग रहा। साथ ही विद्यालय परिसर में फिट इंडिया के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिसई की वार्डन अनिता कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष जुम्मन अंसारी, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य हरि मोहन साहू, नेहरू युवा केंद्र संगठन सिसई के युवा कार्यकर्ता कृष्णा कुमार और केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान उपस्थित रहे। अपने संबोधन में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने स्वच्छता के महत्व



पर जानकारी दी। साथ ही प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे यूनाइटेड इंडिया फॉर स्वच्छता अभियान के बारे में चर्चा की। नेहरू युवा केंद्र संगठन के युवा कार्यकर्ता कृष्णा कुमार ने स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा स्वच्छता के लिए किए जाने वाले प्रयासों एवं इसके फायदों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने उपस्थित छात्राओं से अपील की कि वे अपने घरों एवं विद्यालय की साफ सफाई रखें जिससे वे कई बीमारियों से बच सकेंगे। विद्यालय की प्राचार्या अनिता कुमारी ने छात्राओं से विद्यालय परिसर में सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल ना करने की अपील की और विद्यालय परिसर को हमेशा साफ रखने का प्रण करवाया। अंत में उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता शपथ ग्रहण करवाया। प्री प्रोगाम के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिसई के प्रांगण में खेल कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिस के तहत पहले कबड्डी प्रतियोगिता हुई जिस में टीम रानी लक्ष्मी बाई एवं टीम बचेंद्री पाल के बीच टक्कर का मुकाबला हुआ। उसके बाद कक्षाओं के अनुसार छात्राओं के बीच 200 मीटर रेस का आयोजन किया गया। प्री प्रोग्राम के तहत आयोजित खेल कूद के विजेताओं को 20 अक्टूबर को होने वाले विशेष कार्यक्रम में मुख्य एवं गणमान्य अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिसई की शिक्षिका शोभा मुक्ता कुल्लू, संध्या लकड़ा, पल्लवी कुमारी, प्रमिला लकड़ा, नीलिमा पहान, शिक्षक मोहम्मद अनिसुल्लाह, वसीम अंसारी और केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के अंजनी मिश्रा, अतुल्य रत्न तिर्की एवं संजय साहू की महती भूमिका रही।

---

## पांच सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिला झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत का प्रतिनिधिमंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल 5 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बोकारो इस्पात नगर में आयोजित आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मंच पर जाकर मिला। जिन मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपा उनमें चौकीदारों की रिक्त पदों पर विज्ञापन निकालकर नियुक्ति करने पर रोक लगाना और झारखंड चौकीदार संवर्ग नियमावली 2015 के आलोक में 100, से 120 आवासीय भवनों पर एक चौकीदार नियुक्त करने हेतु बिट सृजित करना सेवा विमुक्त चौकीदारों को सेवा में पुनः योगदान कराना, 1 जनवरी 1990 के बाद सेवानिवृत्त चौकीदारों दफेदार को आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने हेतु अध्यादेश जारी करना या ग्राम चौकीदार संशोधन विधेयक 2022 पारित करना, 31 दिसंबर 1989 को सेवानिवृत्त चौकीदार दफादारो के आश्रितो की नियुक्ति कैबिनेट द्वारा पारित आदेश के आलोक में करना अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति में परीक्षा लेने पर रोक लगाना और आश्रितों में पोता को जोड़ते हुए समय क्षंत करने का अधिकार उपायुक्त को देना प्रमुख रूप से शामिल है। मुख्यमंत्री ने मांग पत्र को गंभीरता से पढ़ा और कहा की चौकीदार दफादारो का काम होगा जल्द से जल्द इन के समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस इस पर प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा की विधायक क्लब रांची में डॉक्टर लोहिया की 55 वी स्मृति दिवस पर आयोजित समारोह में 20 अक्टूबर 2022 से राज भवन के सामने रांची में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया गया है। इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि धरना प्रदर्शन स्थगित कर दीजिए हम चौकीदार का काम करेंगे। इस अवसर पर झारखंड के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता और शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो को भी मांग पत्र सौंपा गया है। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा मिले आश्वासन के बाद 20 अक्टूबर 2022को राज भवन रांची के सामने होने वाला अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड राज्य चौकीदार दफादार के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह, युवा राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश सिंह यादव, सिंटू यादव, अरविंद सिंह, भागीरथ यादव, राजेंद्र प्रसाद, राजेंद्र पासवान, मटुक लाल किसकु आदि शामिल थे। उक्त जानकारी झारखंड राज दफादार चौकीदार पंचायत लोहरदगा जिलाध्यक्ष समसुल अंसारी ने दी।

---

## अवैध लकड़ी तस्करी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला अन्तर्गत चंदकोपा क्षेत्र से अवैध लकड़ी तस्करी मामला में सेन्हा पुलिस कारवाई करते हुए सेन्हा थाना प्रभारी के निर्देश पर तीन व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस संदर्भ में सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि गश्ती के दौरान मंगलवार को अवैध लकड़ी तस्करी करते हुए एक टेम्पु को जप्त किया गया था। जिस पर पुलिस द्वारा नियम संगत कारवाई करते हुए। अवैध तस्करी मामला में संलिप्त तीन आरोपी जो लोहरदगा थाना क्षेत्र के इस्लाम नगर निवासी कमाल अंसारी पिता रोजन अंसारी, ईदगाह मुहल्ला निवासी सदमा अंसारी पिता कमाल अंसारी तथा रांची जिला के बेड़ो थाना अन्तर्गत चचकोपी



निवासी जबरान चौधरी पिता इलयास चौधरी जिसका वर्तमान पता नूरनगर थाना लोहरदगा है। तीनो गिरफ्तार आरोपीयों को पु0आ0नि0 संतोष कुमार एवं शस्त्र बल के निगरानी में जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। कि मंगलवार को गमहार लकड़ी का इमारती बोटा लदा टेम्पू जे एच 08 एच 2573 को जब्त किया गया था। वन विभाग के कर्मियों द्वारा बताया गया। कि जब्त टेम्पू में लदा लकड़ी बोट का कीमत लगभग 50 हजार रुपया बताया गया है।

---

कोचेडेगा में आयोजित हुई 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' के तहत शिविर, बोले उपायुक्त-

# सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीण उठायें लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा ने कोचेडेगा में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में पहुंचीं। उन्होने कार्यक्रम के विशिष शिविर में आये ग्रामीणों को योजनाओं एवं अधिकार के प्रति जागरूक किया वहीं स्टॉल का निरीक्षण किया, स्टॉल में पहुंचे ग्रामीणों से समस्याओं के बारे में जाना साथ हीं समस्या निराकरण की दिशा में पदाधिकारी एवं कर्मी को निर्देशित किया। कार्यक्रम स्थल में लगाये गए स्टॉल निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त की नजर गर्भवती महिला पर पड़ी, उन्होने महिला के समीप जाकर उसके स्वास्थ्य हाल के बारे में जाना। कोचेडेगा जलकी टोली की कमला देबी लगभग 8 माह से गर्भ अवस्था में है। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल के डॉक्टर एवं नर्स को कमला देबी का स्वास्थ्य चेकअप करने को कहा। जहां उनका हिमोग्लोबिन कम पाया गया। आयरन एवं कैल्शियम की गोली दी गई,



साथ में 4 पैकेट ओआरएस दी गई। उपायुक्त ने कमला देवी को मां के साथ-साथ गर्भ में पल रहें बच्चे के स्वास्थ ख्याल रखने की दिशा में आवश्यक सलाह दी। उन्होने सहिया को पोषक क्षेत्र अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य ख्याल रखने की बात कही। गर्भवती महिलाओं का पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा एएनसी जांच शतप्रतिशत करने का निर्देश दिया। सहिया को गर्भवती महिलाओं के घर जाकर समय-समय पर आवश्यक स्वास्थ्य जानकारी लेते रहने की बात कही। उपायुक्त ने कार्यक्रम में सभी ग्रामीणजन को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम एवं योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होने केसीसी ऋण के बारे में बताया, कहा कि कृषि कार्य को बढ़ावा देने हेतु किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण का लाभ लें, और अपने अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाएं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री फुलो-झानो योजना सहित अन्य योजनाओं एवं संबंधित समस्याओं के निराकरण की दिशा में आवश्यक जानकारी दीं। उन्होने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या है, उसे इस विशेष शिविर के माध्यम से संबंधित विभाग के स्टॉलों में आवेदन जमा करें। बिजली बिल से संबंधित जिन समस्याओं के लिए जिला एवं प्रखण्ड जाना पड़ता था, उन समस्याओं का निराकरण हेतु विद्युत विभाग के स्टॉल में आवेदन करें। निराकरण की दिशा में त्वरित कार्रवाई की जाएगी, साथ हीं इसकी जानकारी आप तक अवगत कराया जाएगा। मौके पर विशेष शिविर में परिसम्पतियों का वितरण किया गया। उपायुक्त ने योजना का लाभ ले रहें लाभार्थी को योजनाओं के प्रति औरों को भी प्रेरित करने की बात कही। हाड़िया दारू बेच कर अपना आजीविका चलाने वालीं महिलाओं को मुख्यमंत्री फुलो-झानो योजना के तहत 10 हजार का ऋण मिला। सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र विद्यालय की छात्राओं को दिया गया। जॉब कार्ड सहित अन्य योजनाओं का लाभ हाथों-हाथ दिया गया। इस दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रसारित की गई। वहीं ग्रामीणों को नुक्कड़ नाट्क के माध्यम से योजनाओं एवं कुप्रथा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पुनम कच्छप, जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी पंकज कुमार भगत, सदर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अजय कुमार रजक, सदर अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, जनप्रतिनिधि व अन्य उपस्थित थें।

#### कार्तिक पूर्णिमा मेला को लेकर डीसी व पुलिस अधीक्षक ने किया रामरेखाधाम का निरीक्षण

**उपायुक्त** सिमडेगा आर. रॉनीटा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रामरेखा धाम में आयोजित होने वाले मेला के विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था संधारण की दिशा में स्थल का निरीक्षण किया। उन्होने रामरेधा धाम के पवित्र स्थलों सहित मेला आयोजन के संदर्भ में रामरेखा समिति से जानकारी प्राप्त की। रामरेखा मेला के दौरान सुव्यवस्थति तरीके से विधि-व्यवस्था संधारण की दिशा में अधिकारियों को ससमय आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही।कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर राज्य के साथ - साथ पड़ोसी राज्य से भी श्रद्धालु दर्शन को रामरेखा धाम आते हैं। वाहन पार्किंग की व्यवस्था के साथ-साथ मेले में सुलभ अवागमन हेतु बैरीकेटिंग करने का निर्देश दिया। उन्होने रामरेखा धाम पहुंचने वाले ईद-गिर्द के सड़क आवागमन की सुविधा एवं जगह-जगह वाहन पार्किंग हेतु बहाल की जाने वाली व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर स्थल का निरीक्षण करते हुए पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने रामरेखा धाम का दर्शन किया। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी पाकरटांड़ शक्ति कुंज, अंचलाधिकारी पाकरटांड़ अमित कुमार, थाना प्रभारी पाकरटांड़ अमित कुमार, रामरेखा समिति के तपेश्वर व अन्य उपस्थित थें।

## न्यूज गैलरी

### पलामू एसपी के निर्देश पर चला वाहन चेकिंग अभियान

**उटांरी रोड ।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार जिले के उटांरी रोड थाने की पुलिस ने थाने के समीप बुधवार को विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व थाना प्रभारी शिवकुमार कर रहे थे। थाना प्रभारी शिवकुमार ने बताया कि हेलमेट को छोड़कर वाहन जांच के दौरान सभी कागजात की जांच की गयी। वहीं बिना हेलमेट पहने के लोगों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया। जिसके पास कागजात सही नही पाया गया, उसे जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### आज अंतिम मौका अनुपस्थित अभ्यर्थियों के लिए

**मेदिनीनगर।** कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा इतिहास और नागरिक विषय के वैसे अभ्यर्थियों के लिए आज अंतिम मौका दिया गया है। गौरतलब है कि आयोग के द्वारा सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया में स्टेट मेरिट के द्वारा मेधा सूची तैयार किया जा रहा है। जिसमें इतिहास व नागरिक विषय के अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्र की जांच 11 से 14 अक्टूबर को कराया गया। जिसमें वैसे अभ्यर्थियों जिन्होंने किसी कारणवश अपना प्रमाण पत्र के जांच में शामिल नही हो पाए। उनके लिए आयोग के ओर से अंतिम मौका दिया गया है। हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया में लगभग 18 हजार पदों पर नियुक्ति की जानी है। नियोजन नीति का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण नियुक्ति पर रोक लगाई गई थी । लेकिन 2 अगस्त को नियोजन पर फैसला आने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया शुरू किया गया है।

### वार्ड नम्बर 25 के सभी समस्या को करेंगे दूर:आकाश



**मेदिनीनगर।** शहर के वार्ड नंबर 25 के कुण्ड मुहल्ला निवाशी आकाश कुमार वार्ड पार्षद चुनाव को लेकर जनता से प्रतिदिन रू बरु हो रहे है। नगर निगम वार्ड नंबर 25 के भावी युवा प्रत्याशी आकाश कुमार लोगो से रू बरु होते हुवे कहा कि चुनाव जीतने के बाद जनता का हर संभव मदद करेंगे।उन्होंने कहा कि वे वार्ड नम्बर 25 से वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ रहे है, अगर जनता ने साथ दिया तो हम अपने वार्ड में बेहतर काम करने का दावा रखते हैं जनता इस बार हमे इस चुनाव में जीताकर एक बार काम करने का अवश्य मौका दे। आकाश कुमार ने कहा कि लोग वार्ड पार्षद का चुनाव जीतकर खुद अपना धन इकट्ठा करने में लगे रहते हैं। वार्ड पार्षद द्वारा जनता से हर काम के लिए पैसे की मांग की जाती है। यदि कोई व्यक्ति पैसा नहीं देता है तो ना उसका आधार कार्ड ना राशन कार्ड और ना ही प्रधानमंत्री आवास बन पाता है। उन्होंने कहा कि यदि इस बार जनता हमें साथ देती है तो जनता को किसी भी काम के लिए पैसे देने की जरूरत नहीं है, साथ ही साथ सरकार के द्वारा सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाने का काम करूंगा। वार्ड में किसी भी व्यक्ति को कोई दिक्कत या परेशानी होगी तो उसके लिए मैं संभव उनके दुख सुख में खड़ा रहूंगा।साथ ही साथ भावी उम्मीदवार आकाश कुमार ने अपने वार्ड सहित पलामू वासियों को छठ महापर्व और दीपावली की हार्दिक बधाई दिया।

### स्वच्छ भारत के तहत जीसीपीए कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान

**छतरपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वच्छ भारत अभियान के मद्देनजर गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ साथ कॉलेज के छात्र छात्राओं एवं एन एस एस के स्वयंसेवक ने हांथ में झाड़ू लेकर कॉलेज कैम्पस की साफ सफाई की। इस दौरान छात्रों ने कचड़ा नहीं फैलाने एवं प्लास्टिक बैग प्रयोग नहीं करने का संकल्प लिया। वहीं स्वच्छ भारत अभियान का नारा लगाया। मौके पर प्रभारी प्राचार्य प्रो जितेंद्र कुमार ने कहा कि जिस प्रकार हम स्वस्थ रहने के लिए अपने शरीर पर ध्यान देते हैं । उसी प्रकार अपने आस पास के माहौल को स्वच्छ बनाये। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी राजकिशोर लाल ने कहा कि युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा क्लीन इंडिया 2.0 के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाली पर्यावरण प्रदूषण को रोकना है । इसका शुरूआत हम अपने घर से कर सकते हैं। इसी कड़ी में कॉलेज कैम्पस में यह अभियान चलाया गया । जिसे हमारा सामाज और देश दूषित पर्यावरण से बच सके। प्रो अमित कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज इकाई के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर कैम्प्स को प्लास्टिक मुक्त बनाने का कार्य किया गया। मौके पर प्रो अशोक कुमार अग्रवाल , प्रो जैलेश गुप्ता, इंदु कुमारी, रोहित कुमार, सूर्योदय कुमार, राजमोहन, पंचम कुमार, योगेंद्र विश्वकर्मा, बालमुकुंद पाठक, सुनील पासवान, विनोद यादव, मनोज कुमार, शंकर राम, आनंद कुमार, संजय आदि के साथ कॉलेज के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### सरकार आपके द्वार के तहत मुरमा खुर्द पंचायत में एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**उंटारी रोड।** प्रखंड के मुरमा खुर्द पंचायत भवन परिसर में सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने अपनी अपनी समस्या कर्मियों के सामने रखी। जिसमे लगभग 120 मामले को ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं पीएम आवास योजना , विधवा पेंशन , वृद्धा पेंशन , राशन कार्ड सहित कुल 426 आवेदन जमा हुआ । जिसपर प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने जल्द से जल्द निष्पादन करने की बातें कही । शिविर में बीडीओ ललित राम, प्रखंड प्रमुख अल्का कुमारी, मुखिया रामबचन राम,बीपीओ अरविंद सिंह , प्रधान सहायक प्रीतम प्रफुल एक्का , अनुज कुमार , शर्मिला सिंह , जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता ,बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, आरिफ खान , शिक्षा विभाग बीपीओ रोहित गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थें।

### नगर पंचायत ने शहर में सफाई कार्य शरू किया

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत के द्वारा लगभग एक महीना बाद शहर की सफाई शुरू कर दी गयी है। सफाई नहीं होने से पूरे शहर में जगह-जगह कूड़े का अंबार लग गया था। गंदगी के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। दीपावली और छठ पूजा को लेकर समाजसेवी राजीव रंजन, राजद नेता कमलेश कुमार यादव तथा संतोष प्रजापति सहित कई नेताओं व समाजसेवियों ने सफाई कराने की मांग की थी। जिसे लेकर बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण तथा सिटी मिशन मैनेजर राकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार बुधवार से सफाई कार्य शुरू कराई गयी।

## मझिगावां पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 1070 आवेदन प्राप्त हुए

# 300 आवेदनों की ऑन-द-स्पॉट स्वीकृति मिली

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड के मझिगावां पंचायत भवन के पास बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ गणेश महतो,बिससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक,उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान,विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव,मुखिया बिंदा देवी, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन,कल्याण, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक,जेएसपीएल, कृषि,निर्वाचन,श्रम विभाग सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। बीडीओ गणेश




महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित कराना तथा समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री

### आयोजित कार्यक्रम का लाभ उठाएं : रजक

बीससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक ने ग्रामीणों को शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। एवं सरकार द्वारा चलाए गए महत्वपूर्ण योजना के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक बताया।शिविर में लगाए गए स्टालों में आवेदन देने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी गई।शिविर में 1070 आवेदन प्राप्त हुए।आवेदनों की जांच कर लगभग 300 आवेदन की ऑन स्पॉट स्वीकृति दी गई।मौके पर आजसू नेता गोरखनाथ चौधरी, जीपीएस उमेश कुमार, प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार, अशर्फी राम,प्रधान सहायक सत्यनारायण बैठा, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी विनोद पासवान, उपमुखिया प्रतीक द्विवेदी, लेखपाल अशानंदन राम, पंचायत सेवक केश्वर सिंह,रोजगार सेवक राजेश कुमार ,अरविंद कुमार गुप्ता,अंजनी द्विवेदी,प्रदीप द्विवेदी,नारद राम,मनीष कुमार ,आनंद गुप्ता, नुसाफिर साह,,मयंक विश्वकर्मा,कौशलेश शुक्ला,,लवकुश प्रजापति, सतीश राम,महेंद्र मोची,,रवि हुसैन,छोटन प्रजापति,सुचिन्ता देवी,चंचला देवी,अजंता देवी,सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन साड़ी, धोती-लुंगी योजना, किसान क्रिडेट कार्ड, कंबल वितरण कार्यक्रम के साथ-साथ शिविर में लगाए गए स्टॉल की जानकारी दी गई। बीडीओ ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने की बात कही।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को दी गयी योजनाओं की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार पंचायत सचिवालय के प्रांगण में बुधवार को आपकी योजना, अपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख चंद्रावती देवी, उप प्रमुख शम्भु सिंह, मुखिया प्रमोद कुमार, बीडीओ मुकेश मछुआ, अंचलाधिकारी मेघन महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस अवसर पर जानता दरबार में आपूर्ती विभाग विभाग, पशुपालन, आवास, समाजिक सुरक्षा पेंशन, केसीसी,श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जेएस एलपीएस, बाल बिकास परियोजना, पीएचडी विभाग, कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा अलग अलग शिविर लगाया गया। जहां पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन पत्र सौंपा। वहीं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना ,पीएम आवास, पेंशन, राशन का आवेदन फार्म जामा करने के



लिए आठवीं से बारहवीं तक कि किशोरीयों और ग्रामीणों की भीड़ पुरे दिन लगी रही।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया, कहा की राज्य सरकार गांव के बिकास एवं गरीबों का उत्थान के लिए कई तरह की योजनाएं संचालित किया है। जरूरतमंद लोग कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले इसके लिए सरकार और प्रशासन प्रयासरत हैं। कार्यक्रम के पश्चात जेएस एलपीएस के महिला समुह को स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए 13 लाख रू का चेक दिया गया।

# लुंगटू पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में राशन कार्ड किया सरेंडर

**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया ।** सरकार के आह्वान, कर्तव्य बोध, जनजागृति और सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का असर अब प्रांत के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी देखा जा रहा है। सरकार के द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में एक ओर जहाँ आम लोगों की भारी उपस्थिति दर्ज की जा रही है और बड़ी संख्या में विभिन्न योजनाओं के लाभूक अपनी उम्मीदों को दिशा देने में लगे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर सरकारी योजनाओं से खुद को बाहर लाने की मानसिकता विकसित होने के संकेत भी मिल रहे हैं। आज बसिया के सुदूरवर्ती लुंगटू पंचायत में भी एक ऐसा ही वाकया देखने को मिला जब विभिन्न योजनाओं से खुद को जोड़ने के लिए जुटी भारी भीड़ के बीच एक शख्स सामने आया और खुद को गरीबी रेखा से बाहर आने की घोषणा करते हुए अपना राशन कार्ड सरेंडर कर दिया। अमूमन सरकारी योजनाओं की बात जब भी सामने आती है तो लोग अपनी



आर्थिक हैसियत पर पर्दा डालने की जुगत में भीड़ जाते हैं। ऐसे में मिली हुई सुविधा को अपनी आर्थिक विकास के बल पर परित्याग कर देने का यह उदाहरण यहां तमाम ग्रामीणों व मौके पर उपस्थित अधिकारियों को हैरत में डाल दिया। इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि लुंगटू पंचायत के जोलो गांव के रहनेवाले अजित टेटे ने आज कार्यक्रम स्थल पर अपना राशन कार्ड सरेंडर करके एक नायाब उदाहरण पेश किया। इस घटनाक्रम की अच्छी बात यह है कि श्री टेटे का परिवार कभी अत्यंत जरूरतमंद परिवार की सूची में शामिल था और उनके परिवार के लिए राशन कार्ड लगातार एक जरूरत बनी हुई थी। घर की माली हालत के खराब होने के बावजूद सरकारी सहायता लेना स्वाभिमानी श्री टेटे को प्रारंभ से ही नागवार लगता रहा। समय के साथ उसने पुरूषार्थ का प्रयोग किया और आज जब उसे लगा कि वर्तमान आर्थिक हैसियत के आलोक में खैरात लेना अच्छी बात नहीं है। आज उसने मौका देखा और सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मंच का उपयोग करते हुए मिले हुए राशन कार्ड का परित्याग भी कर दिया। बताते चलें कि श्री टेटे के इस साहसिक कदम की सराहना करते हुए कार्यक्रम स्थल पर ही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता और अनुमण्डल पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर ने संयुक्त रूप से उन्हें प्रशस्ति पत्र दे कर उन्हें सम्मानित करने का काम किया।

### अविराम नर्सिंग कॉलेज में एएनएम की बालिकाओं ने पाई सफलता

**चंदवा।** अविराम ग्रामीण विकास स्वयं सेवी संस्थान कॉलेज ऑफ नर्सिंग हुटाप,चंदवा की ए एन एम सत्र 2020 .22 की बालिकाओं ने प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में अच्छे अंकों के साथ सफलता प्राप्त की है। 87 प्रतिशत अंक के साथ लीमा बबिता सोरेंग कोलेज में सर्वोच्च स्थान पर रही ,द्वितीय स्थान पर सुमन केरकेट्टा, तृतीय पर उर्मिला, चौथे पर ज्योति कुमारी, पांचवे पर सुभद्रा कुमारी, छठे स्थान पर माईकल डुंगडुंग, सातवे पर रिया, अठवे स्थान पर ज्योति भगत, प्रमिला कुमारी, नवम पर अनिमा और दसवें स्थान पर सबिता कुमारी रही उक्त जानकारी शिक्षिका निशा लकड़ा द्वारा दी गई है। अधिकांश सभी प्रशिक्षु डिस्टिंक्शन से उत्तीर्ण हुए। अविराम संस्थान के सचिव इंद्रजीत कुमार ने सभी बालिकाओं और अभिभावकों समेत शिक्षको को बधाई दी।

### पर्सनैलिटी डेवलपमेंट को लेकर सात दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया।** बसिया इंटर महाविद्यालय के सभागार में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के आलोक में आज पर्सनैलिटी डेवलपमेंट को लेकर सात दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया। जिले के उपायुक्त के निर्देश पर जिला कौशल पदाधिकारी के आदेशानुसार इस कार्यक्रम के लिए बसिया इंटर महाविद्यालय का चयन किया गया है। बताते चलें कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह अपने आप एक अनुठा प्रयोग है और गुमला जिले के अंदर पहली बार बसिया जैसे ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले किसी कस्बे का चयन इस तरह के कार्यक्रम के लिए किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए रिसोर्स पर्सन के रूप में महिन्द्रा प्राईड क्लास के प्रतिनिधि डेमियल मैक ने बताया कि विभिन्न सत्रों में आयोजित होने वाले सात दिवसीय इस आयोजन में छात्र छात्राओं को पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, लीडरशिप और लाईफ स्कील की बारिकियों से अवगत कराया जाएगा।

इस कार्यक्रम के पहल से यहां महाविद्यालय कर्मियों और पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के बीच काफी उत्साह का माहौल दर्ज किया गया जबकि इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षाओं में अध्ययनरत कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय के छात्र छात्राओं के विभिन्न समूहों को व्यक्तित्व विकास, लीडरशिप और लाईफ स्कील के विभिन्न आयामों की गहन जानकारी देने की शुरूआत की गई है। आज के इस सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य केदारनाथ नाथ दास, प्रो०लक्ष्मी नारायण गोराई, प्रो०बसंती साहु, प्रो०इंद्रदेव भगत, प्रो०सीमा कुमारी, प्रो०एन.ए.होरो, प्रो०देवीदयाल साहु सहित बड़ी संख्या छात्र छात्राओं की उपस्थिति दर्ज की गई।

# शिविर में मिले आवेदनों का तत्काल निष्पादन किया जा रहा है: बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के छेंचा पंचायत सचिवालय में बुधवार को पंचायत स्तरीय आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, 20सूत्री अध्यक्ष अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, राजद अध्यक्ष अली हसन अंसारी, मुखिया मंजू देवी समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों के समस्याओं के निदान हेतु लगाए गए अलग-अलग स्टाल में 489 पेंशन, राशन कार्ड प्राप्त करने कंबल प्राप्त करने, पीएम आवास, जॉब कार्ड, मनरेगा रोजगार समेत अन्य आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 132 आवेदन का शिविर में ही निष्पादन किया गया। बाकी आवेदनों का संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। जिसका जल्द ही



निष्पादन करने की बात प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कही। कार्यक्रम में बीडीओ ने सावित्री फुले बाइ किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी दी। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, जेएसएलपीएस बीपीएम अभय कुमार, मुखिया भुनेश्वर सिंहा, पूर्व मुखिया भुनेश्वर सिंह, कमलेश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कुशदंड ग्राम सरकार आपके द्वार में समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने दिया आवेदन

# सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना का लाभ उठाएं: अनंत

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखण्ड के कुशदण्ड ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में बुधवार को ₹आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिप सदस्य रानी बाला, प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, मुखिया रेखा कुमारी ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव ने कहा कि बेरोजगारों के लिए मुख्यमंत्री



रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत 25 लाख तक चालीस प्रतिशत सब्सिडी के साथ ऋण, पढ़ने वाली बच्चियों के लिए सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना जिसमे कक्षा 8व9 के छात्राओं के लिए 2500,कक्षा 10, 11,12 के लिए 5000- 5000 रुपये तथा 18 से 19 वर्ष के किशोरियो के लिए एक मुश्त 20000 रूपए, गरीबों के लिए स्वास्थ्य लाभ योजना जिसमे 25000 रुपये तक का लाभ सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है।

### बीडीओ ने योजनाओं की दी जानकारी

बीडीओ श्रवण राम ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से देते हुये कहा कि आप सभी अपनी समस्याओं को लिखित रूप से सम्बंधित विभाग के लगे स्टॉल पर जमा करावें। आपकी समस्याओं का समाधान शीघ्र करने की दिशा में पहल किया जायेगा। बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने कहा कि डीलर द्वारा लाभुकों को कम मात्रा में अनाज नही मिलना चाहिये। सुना जाता है कि डीलर द्वारा प्रत्येक लाभुक को एक किलोग्राम अनाज कम दिया जाता है,जो गलत है।

मौके पर सीडीपीओ रीना साहू,प्रखण्ड पंचायत राज समन्वयक कौशल कुमार,पीएम आवास के प्रखण्ड समन्वयक स्नेहा सिंह,इरफान अख्तर,उषा देवी, सीआरपी प्रशांत कुमार देव, रोजगार सेवक अम्बिका प्रसाद,पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह, सुनील कुमार, आरती कुमारी,महिला पर्यवेक्षिका माया गुप्ता, अंचल निरीक्षक दुखन राम,अंचल कार्यालय सहायक इरफान अख्तर सहित विभिन्न विभाग के पदाधिकारी, कर्मी व बड़ी संख्या में पंचायत की महिला, पुरुष उपस्थित थे।

## लगातार मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे है झोलाछाप डॉक्टर

# चिकित्सक की लापरवाही ने मरीज की ली जान, ग्रामीणों ने काटा बवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** झोलाछाप डॉक्टर लगातार मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामला श्री बंशीधर नगर मे स्थित अहिपुरवा मोड़ के समीप में अवस्थित अंबे सेवा संस्थान क्लिनिक में मंगलवार कि सुबह 10:00 बजे इलाज के लिए पहुंची रमुना थाना क्षेत्र के बहियार गांव निवासी शिव रतन पासवान के 52 वर्षीय पत्नी बैजंती देवी की मौत हो गई।

### अंबे हॉस्पिटल में इलाज कराने के लिए आया था : पति

घटना के संबंध में मृतिका के पति शिव रतन पासवान ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ अंबे हॉस्पिटल में इलाज कराने के लिए आया था जहां डॉ जितेंद्र कुमार मौर्य ने महिला के पेट में पथरी होने की बात कहते हुए इसे तुरंत ऑपरेशन कराने को कहा। डॉ० ने ऑपरेशन करने के लिए मरीज से 35 हजार रुपया मांगा गया। पैसा जमा करने के बाद डॉ जितेंद्र कुमार मौर्य ने अपने कंपाउंडर

### अस्पताल के बाहर धरना पर बैठ गये आक्रोशित ग्रामीण, हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग



रोशन कुमार, नर्स सकीना व एक अन्य के साथ रात्रि 10:00 बजे ऑपरेशन करने लगे। इसी दौरान अचानक महिला की स्थिति बिगड़ गई। जबकि परिजनों ने डॉक्टर से मरीज को रेफर कर देने की बात कही लेकिन डॉक्टर ने नहीं किया इसके बाद अहले सुबह में महिला की मौत हो गई। मौत होने के बाद डॉक्टर ने महिला को बेहतर इलाज कराने की बात कहते हुए बनारस ले जाने लगे। इसका विरोध करने पर डॉक्टर ने मृतिका के पति के साथ मारपीट कर उसे रूम में बंद कर दिए और उसके पैकेट से 15 हजार रुपए लूट लिया गया। घटना के बाद शिव रतन पासवान वाले स्थानीय थाने में आवेदन देकर झोलाछाप डॉक्टर पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। घटना की सूचना मिलने पर गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह,अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, डॉ दिनेश कुमार, थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार घटनास्थल पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली। वही सीएस ने अस्पताल के ओटी, मरीज वार्ड में घूम कर जांच किया। जांच के दौरान अस्पताल के कई कागजात व अन्य सामग्री को जप्त किया गया। वहीं अस्पताल को सील कर दिया गया।

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चिकित्सक के क्लीनिक में जमकर बवाल काटा. घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा दिया। देखते ही देखते अस्पताल के बाहर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। परिजन अस्पताल में रोने बिलखने लगे। वही आक्रोशित हुए ग्रामीणों ने अस्पताल के बाहर धरने पर बैठ गए। धरने को समर्थन दे रहे जिप सदस्य बाला रानी,जदयू के जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश बबलू, भाजपा नेता लाला पासवान,प्रमोद राम, झामुमो नेत्री किरण देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया. आक्रोशित लोगों ने स्वास्थ्य विभाग होश में आओ हत्यारा डॉक्टर को गिरफ्तार करो, अवैध क्लीनिक को बंद करो आदि के नारे लगा रहे थे आक्रोशित ग्रामीणों को फर्जी अस्पताल और फर्जी डॉक्टर के विरुद्ध गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा था। ग्रामीणों की मांग पर गढ़वा सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह घटनास्थल पहुंचकर क्लीनिक को सील करने के बाद ही मामला शांत हुआ।

**क्या कहते है सीएस**

इस संबंध में गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि महिला के साथ घटना अत्यंत दुखद है। महिला को हर हाल में न्याय मिलेगी .वही मुआवजे को भी दिलाने के लिए भरपूर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल अंबे सेवा संस्थान क्लीनिक को सील कर दिया गया है। वही संचालक और संस्था पर प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में अवैध क्लिनिक, जांच घर, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड नहीं चलने दिया जाएगा जल्द स्वास्थ्य विभाग की टीम इसपर कार्रवाई करेगी।

सम्पादक की कलम से...

## लचर व्यवस्था का जवाबदेह कौन?

**झारखंड** के गिरिडीह में भोजन खिलाने वाली एजेंसी बेलगाम हो गयी है। ऐसे में कहा जा सकता है कि स्वास्थ विभाग की लापरवाही के कारण यह सब हो रहा है। बगैर टेंडर ही परोसा जा रहा है मरीजों को खाना। ऐसे में सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था की बानगी है। विभाग की एक गड़बड़ी पिछले दो माह से चर्चा का विषय बना हुआ है। क्योंकि पिछले दो माह से बगैर टेंडर के सदर अस्पताल और मातृत्व शिशु स्वास्थ इकाई में एक ही एजेंसी मरीजों के बीच भोजन परोस रही है। हर माह स्वास्थ विभाग से डेढ़ से दो लाख का भुगतान उठा रही है। फिलहाल स्वास्थ विभाग बगैर टेंडर के उसी एजेंसी से खाना बनाने और मरीजों के बीच वितरण कराने के लिए मजबूर है। ऐसे में सवाल उठता है कि ऐसा कैसे हो रहा है। बगैर सत्ता और अधिकारियों की मिलीभगत ऐसा क्या हो सकता है। लिहाजा, एजेंसी ब्रेफिक हो कर मरीजों के बीच खाना बांट भी रहा है। हालांकि एक माह पहले ही खुद सत्तारुढ़ दल झामुमो के जिला कमेटी ने एक मामले में सदर अस्पताल के सुविधाओं का जायजा लिया, तो यह बात निकल कर सामने आयी कि एजेंसी जीएस इंटरप्राइजेज द्वारा सदर अस्पताल के जिस जर्जर भवन में हर रोज तीनों वक्त का खाना बनाता है। वो जर्जर तो है ही साथ ही सफाई की कोई खास व्यवस्था भी नहीं है। लिहाजा, झामुमो के शिष्टमंडल भी यह देखकर चौंक गया कि एजेंसी इतनी लापरवाही के बीच खाना कैसे बना रही है और मरीजों के बीच वितरण कैसे कर रही है। वैसे उस वक्त झामुमो के शिष्टमंडल को सिविल सर्जन से यह भी जानकारी मिली कि अब जल्द ही इस कार्य के लिए नया टेंडर होना है, लेकिन एक माह बीतने को है ना तो टेंडर ही हुआ है ना ही हालात में कोई सुधार। ऐसे में कहा जा सकता है कि इस स्थिति में कभी भी अनहोनी घटना घट जाये तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। अस्पताल सूत्रों की मानें तो स्वास्थ विभाग की और से खाना बनाने के लिए नया टेंडर जारी कर रखा है। नये निविदा के लिए गिरिडीह के उसी पुराने एजेंसी के साथ तीन नये एजेंसियों ने मैन्अुली टेंडर भी डाल रखा है। लेकिन टेंडर की प्रक्रिया पिछले दो माह से लटकी हुई है। लेकिन क्यों, यह बताने में सिविल सर्जन ने हाथ खड़े करते हुए कहा कि जो होना है वो रांची से होना है। उनके हाथ में कुछ नहीं है। लिहाजा, इस मामले में वो कुछ नहीं कह सकते। अस्पताल सूत्रों की मानें तो पुराने एजेंसी के जिन तीन एजेंसियों ने टेंडर डाला है उसमें पुरानी एजेंसी जीएस इंटरप्राइजेज के साथ गिरिडीह की तीन और बंगाल के कोलकाता की एक एजेंसी शामिल है। स्वास्थ विभाग का दर तीनों के वक्त के भोजन के लिए सौ रुपए प्रति थाली है। जबकि तीन एजेंसियों ने 98 रुपये के दर से नये निविदा में टेंडर पेपर डाला है। अब तीनों नई एजेंसियां स्वास्थ विभाग टेंडर खुलने का इंतजार कर रही है। लेकिन स्वास्थ विभाग उपर के हुकुमरानों के कारण नये टेंडर खोल नहीं पा रहा है। लिहाजा, स्वास्थ विभाग के इसी कमजोरी का फायदा उठाकर पुरानी एजेंसी जीएस इंटरप्राइजेज बगैर टेंडर के ही मरीजों के लिए खाना बनाकर उनके बीच वितरण कर रही है और हर माह दो लाख का भुगतान भी उठा रही है। यह माजरा सिर्फ एक जगह का नहीं है,अपितु कई जगहों पर ऐसा हो रहा है। इससे कहा जा सकता है कि मरीजों के स्वास्थ्य के प्रति विभाग का यह रवैया संवाद हीनता को दर्शाता है।

## आज का इतिहास

**2010 :** कन्नड़ फि ल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता के. एस. अशवाथ का निधन।
**1839 :** ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने यमन के शहर अदन को जीत लिया।
**1905 :** बंगला साहित्यकार देवेन्द्रनाथ टैगोर ने आखरी सांस ली।
**1910 :** जर्मनी तथा बोलिविया के वाणिज्यिक तथा दोस्ताना समझौता समाप्त।
**1920 :** अलेक्जेंडर मिलरैंड ने फ्रांस में सरकार का गठन किया।
**1921 :** मध्य अमेरिकी देशों कोस्टारिका, ग्वाटेमाला, होंडुरस तथा अल सल्वाडोर ने समझौते पर हस्ताक्षर किये।
**1927 :** ब्रिटेन की सरकार ने अपनी सेना चीन भेजने का निर्णय लिया।
**1938 :** जनरल मोटर्स ने डीजल इंजन का बड़े स्तर पर उत्पादन शुरू किया।
**1941 :** ब्रिटेन ने अफ्रीकी देश इराटीरिया के खिलाफ आक्रमक रूख अपनाया।
**1941 :** ब्रिटेन की सेना ने अफ्रीकी देश सूडान के कसलफ पर कब्जा किया।
**1942 :** जापान की सेना ने बर्मा पर हमला किया।
**1949 :** कैरेबियाई देश क्यूबा ने इजरायल को मान्यता दी।
**1966 :** इंदिरा गांधी भारत की चौथी प्रधानमंत्री चुनी गयी।
**1981 :** अमेरिकी तथा ईरान के बीच समझौते के तहत 52 अमेरिकी बंधकों को रिहा किया गया।
**1990 :** ओशो के नाम से मशहूर रजनीश का पुणे में निधन।
**1995 :** हिन्दी साहित्यकार उपेंद्रनाथ अश्क का निधन।
**2007 :** जवाहर लाल नेहरू पुरस्कार ओमान के सुल्तान काबूस बिन सईद बिन तैमूर अल सईद को प्रदान करने का फैसला।
**2012 :** प्रसिद्ध संगीतकार तथा भारतीय, पाश्चात्य संगीत के उस्ताद एंथनी गोंजाल्विस का निधन।
**2013 :** स्काटलैंड के ग्लेन कोए में हिमस्खलन में चार पर्वतारोहियों की मौत।
**2013 :** नासा के क्यूरियोसिटी रोवर को मंगल ग्रह पर कैल्शियम जमा मिला।
**2015 :** राजनीतिक विचारक एवं लेखक रजनी कोठारी का निधन।
**1778 :** जेम्स कुक 'हवाई द्वीप समूह' की खोज करने वाले पहले यूरोपियन बने।
**1782 :** अमेरिकी राजनेता डेनियल वेब्सटर का जन्म।

# मौसम के बदलाव का है असर

> अक्तूबर माह में भी भारी बारिश के कारण देश के कई राज्यों में काफी तबाही हुई है। फसलों को काफी नुकसान हुआ है, जिसके चलते आने वाले दिनों में महंगाई बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। अक्तूबर मध्य में भी भारी बारिश होने से डेंगू जैसी बीमारियां भी बढ़ रही हैं। 'क्लाइमेट ट्रेड्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई से सितंबर के दौरान मानसून प्रायः झारखंड, बिहार तथा पश्चिम बंगाल के रास्ते उत्तर प्रदेश से होकर आगे बढ़ता है, मगर इस वर्ष इसने उत्तर भारत में प्रवेश के अपने परंपरागत मार्ग गंगीय मैदान क्षेत्र के बजाय मध्य भारत का रास्ता पकड़ा। मध्य भारत से होते हुए राजस्थान की ओर बढ़ गया।

ऐसे में यह गंभीर सवाल खड़ा होता है कि आखिर मानसूनी बारिश अपना व्यवहार क्यों बदल रही है? अति वर्षा और बाढ़ की स्थिति के लिए जलवायु परिवर्तन के अलावा विकास की विभिन्न परियोजनाओं के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई, नदियों में अवैध खनन आदि प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं, जिससे मानसून प्रभावित होने के साथ-साथ भू-क्षरण और नदियों द्वारा कटाव के चलते तबाही के मामले बढ़ रहे हैं। इस साल मानसून की शुरूआत से ही देश के विभिन्न हिस्सों में मूसलाधार बारिश, बाढ़, बादल फटने, बिजली गिरने और भू-स्खलन से तबाही का सिलसिला शुरू हो गया। देश के कई इलाके बारिश के लिए तरसते रहे, तो अनेक इलाकों में आसमानी आफत टूटती रही। इससे बहुत सारे लोगों की मौत हो गई। यह पर्यावरण असंतुलन का ही दुष्परिणाम है कि साल-दर-साल बरसात में तबाही की तीव्रता बढ़ रही है। अक्तूबर माह में भी भारी बारिश के कारण देश के कई राज्यों में काफी तबाही हुई है। फसलों को काफी नुकसान हुआ है, जिसके चलते आने वाले दिनों में महंगाई बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। अक्तूबर मध्य में भी भारी बारिश होने से डेंगू जैसी बीमारियां भी बढ़ रही हैं। 'क्लाइमेट ट्रेड्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई से सितंबर के दौरान मानसून प्रायः झारखंड, बिहार तथा पश्चिम बंगाल के रास्ते उत्तर प्रदेश से होकर आगे बढ़ता है, मगर इस वर्ष इसने उत्तर भारत में प्रवेश के अपने परंपरागत मार्ग गंगीय मैदान क्षेत्र के बजाय मध्य भारत का रास्ता पकड़ा। मध्य भारत से होते हुए राजस्थान की ओर बढ़ गया, जिसके चलते इस वर्ष उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार तथा पश्चिम बंगाल में काफी कम बारिश हुई, जबकि मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात तथा कुछ अन्य इलाकों में खूब बारिश हुई। इस रिपोर्ट के मुताबिक मानूसन के तरीके में दूसरा बड़ा बदलाव यह देखा गया कि इस बार अधिकांश 'सिस्टम' बंगाल की खाड़ी में निर्मित हुए, जिसके चलते शुरूआती बारिश तमिलनाडु और कर्नाटक में काफी ज्यादा हुई, जबकि अरब सागर से लगते तटीय इलाकों में कम बारिश हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मानूसन में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर दोनों ही ओर से कम दबाव का क्षेत्र तथा चक्रवाती परिसंचरण निर्मित होते हैं, जो समूचे भारत में मानसूनी बारिश करते हैं। मगर अरब सागर में बनने वाले सिस्टम घटने से मानसून का मिजाज बिगड़ रहा है। मानसून के दौरान महीने के अधिकांश दिन अब सूखे निकल जाते हैं, तो कुछ दिनों में ही इतनी बारिश हो जाती है कि लोगों की मुसीबतें कई गुना बढ़ जाती हैं। जलवायु विज्ञानियों का मानना है कि वैश्विक तापमान के कारण मानसून प्रभावित हुआ है और इसी कारण भारत में मानसून की विदाई के समय मानसूनी बारिश का सिस्टम बन रहा है। इसी के चलते अक्तूबर के महीने में भी इस साल भारी बारिश हुई। 1971 से 2009 के दौरान मानसून के छंटने के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर मौसम विभाग द्वारा 2020 में मानसून के छंटने की तारीख 17 सितंबर निर्धारित कर दी गई थी, लेकिन देश के कई राज्यों में अब मानसून की अवधि लगातार लंबी हो रही है। सामान्य तौर पर भारत में मानसून सितंबर मध्य में वापस लौटने लगता है, जिसे 'मानसून विड्राल' कहा जाता है। इस दौरान बारिश खत्म होने के साथ ही नमी में कमी दर्ज की जाती है और देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में बारिश का धीरे-धीरे कम होना जारी रहता है। उत्तर पश्चिम भारत में जहां अक्तूबर के पहले सप्ताह में ही मानसून बाद की बारिश की गतिविधियां समाप्त हो जाती थी, वहीं यह सिलसिला अब अक्तूबर के तीसरे सप्ताह तक जारी रहने लगा है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक सामान्य तौर पर मानूसन समूचे भारत से 5 अक्तूबर तक विदा हो जाना चाहिए। उत्तर पश्चिमी राज्यों में मानसून प्रायः राजस्थान में करीब डेढ़ महीने और पूर्वी उत्तर प्रदेश में करीब तीन महीने रहता था, मगर अब यह राजस्थान में दो महीने और पूर्वी उत्तर प्रदेश में करीब चार महीने तक टिक रहा है। उत्तर भारत में अब बारिश के मौसम को सोलह दिनों तक विस्तारित किया जा चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक इस साल मानसून कई जगहों पर देर से पहुंचा, जिसके चलते देश के पश्चिमी हिस्सों में सितंबर तक सक्रिय रहा और इसी सक्रियता का असर मानसून के लौटने की प्रक्रिया पर पड़ा है।

■ योगेश कुमार गोयल

# चलती रही जंग तो कितना महंगा होगा जीना

रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को कई महीने हो चुके हैं। तुर्की की मध्यस्थता में कई बैठकों के बाद भी दोनों देश पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। इस युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा प्रणाली पर काफी गहरा असर पड़ा है। तेल और गैस उत्पादक देशों से सप्लाई में रुकावट के साथ उत्पादन क्षमता भी प्रभावित हुई है। पूरी दुनिया में इसके कारण तेल और गैस के दाम बढ़े हैं। इस बीच ओपेक समूह के 13 देशों और प्लस समूह के 10 देशों ने नवंबर से अपनी उत्पादन क्षमता में 20 लाख बैरल घटाने का फैसला किया है। ओपेक देशों में सबसे बड़े तेल उत्पादक सऊदी अरब का दबदबा है, तो ओपेक प्लस में रूस की चलती है। रूस की रिजर्व आर्मी में तेल व गैस सेक्टर में काम कर रहे लोगों की भर्ती से संकट दोगुना होता दिख रहा है। इसके चलते भारत सहित तेल और गैस आयात करने वाले देशों के माथे पर शिकन दिखने लगी है। आइए देखते हैं कि इसका भारत पर क्या असर होगा। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत अपनी कुल जरूरत का 0.2 फीसदी तेल ही रूस से आयात करता था। मगर जुलाई में रूस से समुद्र के रास्ते तेल के सबसे बड़े आयातक के तौर पर भारत ने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। आंकड़ों से समझा जाए तो इस वक्त भारत और चीन जितना तेल रूस से आयात कर रहे हैं, वह यूरोप के 27 सदस्य देशों से भी ज्यादा है। अप्रैल से अब तक भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात करीब 50 फीसदी बढ़ा है। अगस्त तक रूस से भारत का तेल आयात अपने उच्चतम स्तर पर था। हालांकि, अगस्त-सितंबर में आयात का आंकड़ा नीचे आया है। इसके बावजूद भारत इस वक्त रूस से प्रतिदिन 10 लाख बैरल से ज्यादा तेल खरीद रहा है। ऐसे में अगर रूस से तेल आयात में कमी होती है, तो इसका प्रभाव आम लोगों पर पड़ने वाला है। बढ़ती महंगाई के बीच तेल के दामों में बढ़ोतरी हो सकती है। शेयर बाजार पर भी तेल-गैस संकट का असर पड़ता दिख रहा है। घरेलू शेयर बाजार विदेशी फंड की चाल के साथ कच्चे तेल के भार से भी प्रभावित होता है। ऐसे में ओपेक के फैसले और वैश्विक बाजार में कच्चे तेलों के दाम बढ़ने की आशंका से आने वाले महीनों में भारतीय शेयर बाजार डुबकी लगा सकता है। **बढ़ता बोझ :** दुनियाभर में सप्लाई चेन में दिक्कतों के चलते महंगाई बढ़ी है। दुनिया भर की हर करेंसी डॉलर के आगे पस्त हो रही हैं। इससे आयात और महंगा होता जा रहा है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 640 अरब डॉलर से घटकर 532 अरब डॉलर पर आ चुका है। डॉलर के मुकाबले रुपया के कमजोर होने से महंगाई भी काबू से बाहर हो रही है। अमेरिका में महंगाई 40 साल के उच्चतम स्तर पर चली गई, तो वहां के सेंट्रल बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरें बढ़ाने का सिलसिला शुरू किया। ऐसे में भारत में भी खुदरा महंगाई दर में बढ़ोतरी हुई और आरबीआई ने ब्याज दरें बढ़ाने का सिलसिला शुरू किया जो अभी तक जारी है। रेपो रेट 1.90 फीसदी तक बढ़ाया जा चुका है। सितंबर में महंगाई दर फिर से 7.41 फीसदी पर जा पहुंची है जिसके चलते ईएमआई और महंगी हो सकती है **सबका हाल खराब :** एक आंकड़े के मुताबिक यूक्रेन-रूस युद्ध से पहले यूरोपीय देश रूस से प्रतिदिन करीब 14 लाख बैरल तेल लेते थे। यह आंकड़ा अब 10 लाख बैरल से नीचे आ गया है।

■ संदीप भूषण

# कांटे की चुनावी लड़ाई

हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव इस मायने में अहम हैं कि आजाद भारत में हिमाचल का यह पहला चुनाव होगा जब कांग्रेस के दिग्गज नेता वीरभद्र सिंह की अनुपस्थिति में यह चुनाव होगा। हिमाचल में इससे पहले सभी चुनावों में वीरभद्र सिंह ने ही कांग्रेस का नेतृत्व किया। हिमाचल प्रदेश में 68 सदस्यीय विधानसभा के चुनावों की तारीखों को ऐलान के साथ ही चुनावी शंखनाद हो गया है। देखा जाये तो हिमाचल का चुनाव कोरोना काल के बाद पहला चुनाव भी है जिसमें किसी तरह का कोविड प्रोटोकॉल नहीं होगा। हम आपको याद दिला दें कि कोरोना काल में 2020 में बिहार, 2021 में असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और इस साल की शुरूआत में उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में चुनाव कराना आयोग के लिए कड़ी मशक्कत का काम रहा था। जहां तक हिमाचल के राजनीतिक परिदृश्य की बात है तो हम आपको बता दें कि हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। हिमाचल प्रदेश के हालिया वर्षों के राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें तो यहां जनता एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस को सरकार बनाने का मौका देती रही है। लेकिन भाजपा ने सत्त में लौटने के लिए पूरी जान लगा रखी है। भाजपा का दावा है कि वह उत्तराखण्ड की तरह ही हिमाचल में भी नया चुनावी इतिहास लिखेगी। उल्लेखीनय है कि इस साल हुए उत्तराखण्ड विधानसभा चुनावों में भी भाजपा स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में लौटी थी। जबकि उत्तराखण्ड की जनता भी इससे पहले एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस को सरकार बनाने का मौका देती रही है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव इस मायने में अहम हैं कि आजाद भारत में हिमाचल का यह पहला चुनाव होगा जब कांग्रेस के दिग्गज नेता वीरभद्र सिंह की अनुपस्थिति में यह चुनाव होगा। हिमाचल में इससे पहले सभी चुनावों में वीरभद्र सिंह ने ही कांग्रेस का नेतृत्व किया। उनके निधन के बाद कांग्रेस की प्रदेश इकाई विभिन्न धड़ों में बंटी हुई है। हाल ही में कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष समेत कई और नेता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। कांग्रेस ने यहां चुनाव प्रचार भी उस दिन शुरू किया जिस दिन चुनाव की तिथियों का ऐलान हुआ जबकि भाजपा यहां दो महीने पहले से रोड शो और जनसभाएं कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार यहां के दौरे कर रहे हैं। एक दिन पहले ही उन्होंने राज्य को वंदे भारत एक्स्त्रपेस ट्रेन देने के साथ ही विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी और दो जिलों में जनसभाओं को भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री हाल ही में कुल्लू दशहरा उत्सव में भी शामिल हुए थे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी लगातार हिमाचल प्रदेश का दौरा कर रहे हैं। कांग्रेस की तरह यहां भाजपा में कोई गुट नजर नहीं आ रहा है। बल्कि पूरी पार्टी एकजुट नजर आ रही है। यहां मुख्यमंत्री उम्मीदवार को लेकर भी कोई उठापटक नहीं दिखाई दे रही है। माना जा रहा है कि निवर्तमान मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को ही भाजपा दोबारा मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बना सकती है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी हिमाचल प्रदेश के विभिन्न इलाकों का दौरा कर रहे हैं। हिमाचल में अब तक मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही होता आया है लेकिन इस बार आम आदमी पार्टी भी मैदान में है। आम आदमी पार्टी अपनी मुफ्त रेवड़ी वाली संस्कृति से हिमाचल के लोगों को भी लुभाने की कोशिश कर रही है इसलिए देखना होगा हिमाचल की जनता इस पार्टी को कितना आशीर्वाद देती है। हिमाचल प्रदेश में विकास जहां मुख्य चुनावी मुद्दा है वहीं पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग भी तेजी पकड़ रही है। केंद्र की मोदी सरकार ने हाल ही में हिमाचल में हाटी समुदाय को जनजाति का दर्जा दिया था। माना गया था कि सरकार के इस फैसले से सिरमौर जिले की 1.60 लाख से अधिक की आबादी लाभान्वित होगी क्योंकि चार विधानसभा क्षेत्रों- रेणुका, शिलाई, पच्छाद और पांवटा के बड़े भू-भाग पर रहने वाले लोगों को इसका लाभ मिलेगा। वैसे हिमाचल में अभी तक की राजनीतिक स्थिति यही दर्शा रही है कि यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है। कांग्रेस जिन आंतरिक संकटों से जूझ रही है यदि उसके बीच हिमाचल में वह कुछ कर पाई तो यकीनन उसके लिए उत्साह की बात होगी लेकिन यदि भाजपा अपनी सत्ता बरकरार रखने में सफल रही तो उसका विजय रथ और आगे बढ़ जायेगा।

■ नीरज कुमार दुबे

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
### अथ प्रथमोऽध्यायः

वसिष्ठकी बात सुनकर ब्रह्माजी अपने उस पुत्रसे बोले- तुम मित्रावरुणके तेज हो, अतः इन्हींमें प्रवेश करके स्थिर हो जाओ। कुछ समय बाद तुम उन्हींसे अयोनिज पुत्रके रूपमें प्रकट होओगे; इसमें सन्देह नहीं है। इस प्रकार पुनः शरीर प्राप्त करके तुम धर्मनिष्ठ, प्राणियोंके सुहृद, वेदवेत्ता, सर्वज्ञ और सबके द्वारा पूजित होओगे ॥ 55-57 ॥

पिताके ऐसा कहनेपर वसिष्ठजी प्रसन्नतापूर्वक पितामह ब्रह्माजीकी परिक्रमा करके और उन्हें प्रणाम करके वरुणके वासस्थानको चले गये। वसिष्ठजीने अपने उत्तम देहका त्याग करके मित्र और वरुणके शरीरमें जीवांशरूपसे प्रवेश किया ॥ 58-59 ॥

हे राजन! किसी समय परम सुन्दरी अप्सरा उर्वशी अपनी सखियोंके साथ स्वेच्छापूर्वक मित्रावरुणके स्थानपर आयी ॥ 60 ॥

हे राजन! उस रूपयौवनसे सम्पन्न दिव्य अप्सराको देखकर वे दोनों देवता कामातुर हो गये और समस्त सुन्दर अंगोंवाली उस मनोरम देवकन्यासे कहने लगे हे प्रशस्त अंगोंवाली! विवश तथा व्याकुल हम दोनोंका तुम वरण कर लो और हे वरवर्णिनि। तुम अपनी इच्छाके अनुसार इस स्थानपर विहार करो। उनके इस प्रकार कहने पर वह देवी उर्वशी मन स्थिर करके मित्रवरुणके घरमें उन दोनोंके साथ विवश होकर रहने लगी। प्रिय दर्शनवाली वह अप्सरा उन दोनोंके भावोंको समझकर वहीं रहने लगी ॥ 61-64 ॥

दैववशात वहाँ रखे हुए एक आवरणरहित कुम्भमें दोनोंका वीर्य स्खलित हो गया; और हे राजन। उसमेंसे दो अत्यन्त सुन्दर मुनिकुमारोंने जन्म लिया। उनमें पहले अगस्ति थे और दूसरे वसिष्ठ थे। इस प्रकार मित्र और वरुणके तेजसे वे दोनों ऋषिश्रेष्ठ तपस्वी प्रकट हुए ॥ 65-66 ॥

महातपस्वी अगस्ति बाल्यावस्थामें ही वन चले गये और महाराज इक्ष्वाकुने अपने पुरोहितके रूपमें दूसरे बालक वसिष्ठका वरण कर लिया ॥ 67 ॥

जनमेजय बोले- आपने वसिष्ठकी शरीर प्राप्तिका वर्णन किया; निमिने पुनः किस प्रकार देह प्राप्त की; यह मुझसे कहिये ॥ 1 ॥

व्यासजी बोले- हे राजन! वसिष्ठने जिस प्रकार पुनः शरीर प्राप्त किया, उस प्रकार निमिको शापके बाद पुनः देह नहीं मिली ॥ 2 ॥

जब वसिष्ठजीने शाप दिया तो राजाके द्वारा यज्ञमें वरण किये गये ब्राह्मण और ऋत्विज विचार करने लगे- ॥ 3 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# ध्यान हटी तो दुर्घटना घटी

आंकड़े बताते हैं कि सड़क दुर्घटना में मरनेवालों की संख्या ज्यादातर युवाओं की होती है, जिनमें अधिकांश हेलमेट नहीं पहननेवालों की है। इतना कुछ होने के बावजूद बिना हेलमेट व तीन सवारी बैठाये युवको को बाइक चलाते आम तौर पर देखा जा सकता है। आज कल के युवाओं में ज्यादातर यह देखा जाता है कि युवा वर्ग के लोग गाड़ी चलाते समय अपने मोबाइल को अपने कानों से दबा कर बाइक चलाते हुए बात करते है। जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। वैसे तो प्रशासन के द्वारा बार बार हेलमेट लगाने को लेकर जांच की जाती है। साथ ही गाड़ी चलाते हुए मोबाइल पर बात करने को लेकर मनाही की जाती है साथ ही साथ गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल से बात न करने की भी सलाह दी जाती है। यह दुर्घटना का कारण बन सकती है। बाइक सवार अपने सिर व कंधे के बीच मोबाइल दबाकर सड़क पर चलते दिखाई देते हैं। इन सब बातों से दुर्घटना की पूरी संभावना रहती है। इन सब बातों पर न ही उनके अभिभावक ध्यान देते हैं और ना ही ट्रेफिक पुलिस। वहीं, आम आदमी इससे मतलब नहीं रखता है। इन दुर्घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक है कि मोबाइल पर बात करना अगर आवश्यक है,तो हम बाइक रोककर एक जगह बात कर सकते हैं। बाइक पर एक हाथ से बाइक चलाना और मोबाइल पर बात करना उनके लिए एवं अन्य लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से ऐसा करने वाले युवकों से अनुरोध करता हूं कि इस तरह बाइक पर मोबाइल से बात करके अपने औरों की जान जोखिम में नहीं डालें।

■ प्रदीप कुमार, मेदिनीनगर।

# डीएनए से उजागर होते रहस्य व मानव विकास की कहानी

अपने अस्तित्व के मोल को गहराई से समझना व अपने विकास की जड़ों तक पहुंचना मानव का एक कौतूहल भरा विषय रहा है। इसकी जिज्ञासा सदैव हमारे अंदर अपनी पैठ बनाकर रही है। प्रागैतिहासिक काल में जाए बिना हम अपने अस्तित्व और अपने संपूर्ण विकास की गहरी जानकारी उपलब्ध नहीं कर सकते। इस बार हम लाखों वर्ष लंबे इतिहास की खुदाई करके अपने अस्तित्व के विकास की जड़ों तक पहुंचने में सफल हो गये हैं। इसी सफलता के लिए स्वीडिश वैज्ञानिक स्वान्ते पाबो ने मानव विकास शोध के लिए इस वर्ष का चिकित्सा क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार जीता है। जर्मनी के लीपजिग में मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एवोल्यूशनरी एंथ्रोपोलॉजी (एमपीआई-ईवीऐ) में अनुवांशिकीविद 67 वर्षीय स्वान्ते पाबो ने निएंडरथल डीएनए के रहस्यों को उजागर किया, जिससे हमें यह समझने में सहायता मिली कि मनुष्य को क्या अद्वितीय बनाता है। निएंडरथल डीएनए का ज्ञान हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जिसमें गंभीर कोविड-19 जैसे रोगों के प्रति हमारी प्रतिरोध क्षमताओं का क्षीण पड़ जाना भी सम्मिलित है। इस शोध के साथ ही प्रारंभ हो गया है पैलियोजेनॉमिक्स का भयंकर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र। कई निएंडरथल और डेनिसोवन्स के जीनोम उपलब्ध होने के साथ, अब विशिष्ट मानव जीन की पहचान करना संभव है। पाबो के नेतृत्व में विकसित तकनीकों ने शोधकर्ताओं को आधुनिक मनुष्यों और अन्य होमिनिन-डेनिसोवन्स के साथ-साथ निएंडरथल के जीनोम की तुलना करने का आधार दिया। लीपजिग में मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एवोल्यूशनरी एंथ्रोपोलॉजी द्वारा आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, जैसे आप अतीत के बारे में पता लगाने के लिए पुरातात्विक खुदाई करते हैं, वैसे ही हम मानव जीनोम में खुदाई करते है यह स्पष्ट नहीं है कि निएंडरथल के अस्तित्व की लड़ी आधुनिक मनुष्यों की लड़ी से कब अलग हुई। अनेक अध्ययनों ने 3,15,000 से लेकर 8,00,000 साल पहले के विभिन्न अंतरालों के अनुमान लगाये हैं। निएंडरथल के अपने पूर्वज एच. हीडलबर्गेंसिस से विचलन की तिथि भी स्पष्ट नहीं है। सबसे पुरानी संभावित निएंडरथल हड्डियां 4,30,000 साल पहले की हैं, लेकिन वर्गीकरण अनिश्चित बना हुआ है। निएंडरथल कई जीवाश्मों से जाना जाता है, विशेष रूप से 1,30,000 साल पहले के बाद से निएंडरथल वर्तमान जर्मनी में निएंडर घाटी में 1856 में पाया गया था। 20वीं शताब्दी की शुरूआत में, यूरोपीय शोधकर्ताओं ने निएंडरथल को आदिम, मूर्ख और क्रूर के रूप में चित्रित किया। यद्यपि वैज्ञानिक समुदाय में तब से उनके बारे में ज्ञान और धारणा स्पष्ट रूप से बदल गई है। लोकप्रिय संस्कृति में अविकसित गुफाओं की छवि प्रचलित है। क्या केवल डीएनए की समझ से हम प्रजातियों के बीच संबंधों को पूरी तरह से समझने में सक्षम हैं? जीवन की संहिता को समझना है, तो उसे डीएनए के अध्ययन से समझा जा सकता है। परंतु चुनौती यह थी कि निएंडरथल और आधुनिक मानव प्रजाति लगभग 3,15,000 से 8,00,000 वर्ष पूर्व एक प्रजाति के रूप में अलग हो गये थे। इतने युगों के अंतराल में दोनों प्रजातियों के संबंधों (अथवा, अंतसंबंधों) को कैसे उजागर किया जा सकता है। लेकिन पाबो और उनकी टीम ने अपनी तकनीकों से इस चुनौती पर पार पा लिया। पाबो को डीएनए का विश्लेषण करने के तरीके विकसित करने थे, जो प्रकृति में अनेक तत्वों के संपर्क के हजारों वर्षों से क्षतिग्रस्त हो गये थे, और सूक्ष्म जीवों और आधुनिक मनुष्यों के अनुक्रमों से दूषित हो गये थे। उन्होंने और उनके सहयोगियों ने फिर इन तकनीकों को निएंडरथल जीनोम के अनुक्रम में काम करने के लिए रखा। इस आनुवंशिक विश्लेषण से यह पता चला कि निएंडरथल और होमो सेपियंस ने इंटरब्रीडिंग की, और यूरोपीय या आधुनिक मनुष्यों के जीनोम का एक से चार प्रतिशत एशियाई मूल का निएंडरथल में पता लगाया जा सकता है। 2008 में दक्षिणी साइबेरियाई गुफा में पाई गई 40,000 साल पुरानी उंगली की हड्डी की उत्पत्ति की पहचान करने के लिए पाबो की तकनीकों का भी इस्तेमाल किया गया था।

- वीर सिंह

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### एनआईए ने संभाली बंगाल के मोमिनपुर हिंसा की जांच

**कोलकाता (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को कोलकाता के मोमिनपुर में 9 अक्टूबर को हुई सांप्रदायिक हिंसा की जांच अपने हाथ में ले ली। केंद्रीय एजेंसी को आशा है कि उसके द्वारा दर्ज प्राथमिकी की एक प्रति बुधवार को कोलकाता की निचली अदालत में प्रस्तुत हो जाएगी और फिर वह आधिकारिक तौर पर कोलकाता पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच अपने हाथ में ले लेगी। इसके पहले 12 अक्टूबर को कलकत्ता उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति मैनपुरी जोयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति अपूर्व सिन्हा रे की खंडपीठ के आदेश पर एसआईटी का गठन किया गया था। इसका नेतृत्व कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत कुमार गोयल कर रहे थे। खंडपीठ ने मामले में एनआईए जांच के लिए कोई आदेश नहीं दिया था। केंद्रीय एजेंसी से जांच होगी या नहीं, यह केंद्रीय गृह मंत्रालय के विवेक पर छोड़ दिया था। खंडपीठ ने एसआईटी को दो सप्ताह के भीतर मामले में कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने के और राज्य सरकार को हिंसा से प्रभावित लोगों को मुआवजे का भुगतान करने व अदालत द्वारा की गई कार्रवाई पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। मामले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस को संबंधित वीडियो फुटेज इकट्ठा करने के लिए भी कहा गया था। कोर्ट के निर्देश के अनुसार एसआईटी ने जांच शुरू की और पांच प्राथमिकी दर्ज की। अब तक एसआईटी ने मामले में 57 लोगों को गिरफ्तार किया है। मोमिनपुर में दो गुटों के बीच हुई भिड़ंत में शहर के पुलिस उपायुक्त समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर शहर के अशांत क्षेत्रों में केंद्रीय बलों के जवानों की तैनाती की मांग की।

### सड़क हादसे में दंपत्ति समेत आधा दर्जन की मौत

**सहारनपुर (एजेंसी)।** सहारनपुर-मुजफ्फरनगर का स्टेट हाइवे सफर वाहन चालकों और यात्रियों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। कोई दिन ऐसा जाता है जब वहां हादसे ना होते हो और लोगों की जान ना जाती हो। पिछले 24 घंटे के भीतर अलग-अलग सड़क हादसों में इस स्टेट हाइवे पर कार सवार दंपत्ति और कार चालक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक नागल थाना क्षेत्र में सीडकी पुलिस चौकी के पास ट्रक और कार की भिड़ंत में 43 वर्षीय अकबर, 41 वर्षीय उनकी पत्नी हसरत और कार चालक साकिब निवासी सरधना की मौत हो गई जबकि दंपत्ति के दो बच्चे आरीस और लविस गंभीर रूप से घायल हो गए। एसपी देहात सूरज कुमार राय ने बताया कि क्रेटा कार सवार दंपत्ति सहारनपुर चिकित्सक को दिखाने जा रहे थे। महिला हसरत की मौत मौके पर ही हो गई और उनके पति अकबर एवं कार चालक साकिब ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ा।

### मुंगेर में शस्त्र-तस्करी के आरोप में उप सरपंच समेत दो गिरफ्तार

**मुंगेर (एजेंसी)।** बिहार में मुंगेर जिले के असरगज थाना क्षेत्र से पुलिस ने बुधवार को शस्त्र तस्करी करने के आरोप में तारापुर अनुमंडल के अमैया पंचायत की उप-सरपंच कल्पना देवी और उसके भतीजा दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष कौशलेन्द्र कुमार ने यहां बताया कि सूचना के आधार पर बैजलपुर गांव में छापेमारी कर उप-सरपंच कल्पना देवी और उसके भतीजा दीपक कुमार को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी की भनक मिलते ही उप सरपंच का पति पंकज सिंह फरार हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मौके से चार देसी पिस्तौल और 12 कारतूस बरामद किया गया है।

### बेगूसराय में चिमनी संचालक की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय (एजेंसी)।** बिहार में बेगूसराय जिले के मंसूरचक थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक चिमनी संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि बाजपुर गांव निवासी चिमनी संचालक राजेश झा (45) मंगलवार की देर रात अपनी चिमनी पर सोया हुआ था। इस दौरान अपराधियों ने राजेश झा की गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि हत्या के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### पटना में पूर्व मुखिया की गोली मारकर हत्या

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में राजधानी पटना के पाटलिपुत्रा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने बुधवार को नालंदा जिले के एक पूर्व मुखिया की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पानी टंकी के समीप अपराधियों ने नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड के दैली पंचायत के पूर्व मुखिया लाल सिंह धीरज की गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# अभाव व महंगाई की मार के बीच मिट्टी के दीये, कलशा और चौमुख बनाने में जुटे कुंभकार



**मोतिहारी (एजेंसी)।** दीपावली और सूयोर्पासना के महापर्व छठ की तैयारी जोरों पर है। पर्व को लेकर बाजार में रौनक दिखने लगी है। रंग बिरंगे कपड़ों से लेकर मिठाई, आभूषणों के दुकान संजाये जाने लगे है। व्यवसायी अपने अपने प्रतिष्ठानो में धनतेरस की खरीददारी पर कई आकर्षक उपहार के साथ छूट देने की भी विशेष तैयारी की है। इलेक्ट्रिक दुकानो पर रंग बिरंगी लाइट भी बेचे जा रहे है। वही दूसरी ओर कुंभकार भी परंपरागत रूप से मिट्टी के दीये, कलशा, ढकना चौमुख, हाथी सहित लक्ष्मी गणेश पूजन और महापर्व छठ में प्रयुक्त होने वाली बर्त्तनों को मूर्त्त रूप देने मे जुटे है। घर में बज रहे छठ के गीतों के बीच कुंभकारों का चाक भी तेजी से नाच रहा है। इनके परिवार के महिला पुरूष व बच्चे सहित सभी सदस्य सुबह से लेकर देर रात तक दीप, कलश चौमुख, हाथी और खिलौने बना रहे हैं। कोई मिट्टी के बर्त्तन को साकार कर रहा है तो इसे सुखाने और पकाने में जुटा है। तो कोई इसे आकर्षक रंग से रंगने मे जुटे है।

चायनीज दीयो के भरमार से निराश कुंभकारो के बच्चे भी इस काम में काफी उत्साह से भाग ले रहे है। जिले में तकरीबन 10 हजार से ज्यादा कुंभकारो का परिवार इस कार्य में दिन रात जुटे है लेकिन इस कार्य में जुटे कुंभकारो की बड़ी तादाद जिले के बंजरिया प्रखंड क्षेत्र के सिंघिया हीवन, चैलाहां व सिसवा अजगरी में है। जहां के लगभग तीस से ज्यादा परिवार इस कार्य में जुटे है। यहां के चुल्हाई पंडित, जर्मन पंडित, ललन पंडित, अमेरिका पंडित, विनोद पंडित, बिहारी पंडित, बजरंगी पंडित, सुरेन्द्र पंडित, चंद्रिका पंडित, मनोज पंडित व बुधन पंडित सहित अन्य कुंभकारो ने बताया कि भले ही आज आधुनिकता के दौर में लोग कितना भी चायनीज बल्ब जलाये लेकिन बिना मिट्टी के दीप चौमुख कलशा और हाथी के दीपावली और छठ पर्व अधूरा है। इन लोगो ने बताया कि अब इस काम में पहले जैसा मुनाफा नही है। फिर भी परंपरा के अनुरूप हम सब इस कार्य मे लगे है। चुल्हाई पंडित ने बताया कि मिट्टी पर भी महंगाई की मार पड़ी है। पहले पांच से छःसौ रुपए मे ट्रेलर मिट्टी मिल जाता था। अब तो वही मिट्टी तीन हजार प्रति ट्रेलर मिल रहा है। इन लोगो ने बताया कि इस काम में श्रम ज्यादा लगता है। उसकी अपेक्षा दीये की कीमत नही मिलती। वही विनोद पंडित ने बताया कि पिछले दो साल कोरोना ने परेशान किया। वही इस साल अक्टूबर माह में असमय बारिश ने भी काफी नुकसान किया है। कुछ अन्य कुंभकारो ने बताया कि सरकार से लंबे समय से आस लगाये बैठे है कि उनके परंपरागत पुश्तैनी काम को बढ़ाने के लिए हमे सहयोग करेंगा, ताकि उनकी कला जीवित रहे। क्योकी अब उनके इस काम पर महंगाई और गरीबी की जबरदस्त मार पड़ने लगी है। इन लोगो का मानना है कि यदि सरकार उनकी मदद करे तो उनकी परंपरागत कला जीवित रह सकती है।

# धन के अभाव में नहीं रुकेगा किसी का इलाज : योगी



**गोरखपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चिकित्सा सेवाओं को उन्नत बनाने की दिशा में किये जा रहे सरकार के उपायों को कारगर बनाने का जिक्र करते हुए कहा कि अब राज्य में किसी भी मरीज का धन के अभाव में इलाज रुकने नहीं दिया जायेगा। योगी ने बुधवार को यहां स्थित दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर परिसर में जनता दर्शन के दौरान करीब 500 लोगों की समस्याओं को सुना और सभी की शिकायतों को सुन कर अधिकारियों से इस पर तत्काल पुख्ता कार्रवाई करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद मांगने आये मरीजों से कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्हेंने मौजूद सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, उनके उच्च स्तरीय इलाज के खर्च का ब्योरा शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। खर्च का ब्योरा मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। उन्होने कहा कि जन स्वास्थ्य की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए खजाना खुला हुआ है।

उन्होंने फरियादियों से कहा कि किसी भी प्रकार की चिंता न करें। सरकार इलाज के लिए भरपूर धन देगी। कहीं कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान योगी ने मरीजों से उनका हालचाल भी जाना। उन्होंने आग से जलने से पीड़ित एक बच्चे की मां को आश्वस्त किया कि उसका इलाज सरकार कराएगी। योगी ने पुलिस से संबंधित समस्याओं को पुलिस अधिकारियों को तथा राजस्व से संबंधित समस्याओं को प्रशासनिक अधिकारियों को संदर्भित कर यथाशीघ्र सन्तुष्टिपरक और निष्पक्ष निस्तारण का निर्देश दिया।

जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आये बच्चों को भी मुख्यमंत्री ने खूब दुलारा। उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और चॉकलेट के साथ खूब पढ़ने, आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। जनता दर्शन में फरियादियों से मिलने के पूर्व उन्होंने गुरु गोरखनाथ का दर्शन, पूजन करने के साथ ही अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेककर उनका आशीर्वाद लिया। जनता दर्शन में बिहार की एक महिला रोजगार की फरियाद लेकर आई थी। मुख्यमंत्री ने उसकी समस्या सुनते हुए कहा, क्या बिहार में काम नहीं मिल रहा है तो महिला द्वारा नहीं जवाब दिए जाने पर योगी ने कहा कि काम तो वहां भी मिलना चाहिए पर यदि वहां नहीं मिल रहा है तो काम की व्यवस्था हम यहीं कराएंगे।

### न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने के लिए पीएम का योगी ने जताया आभार

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अन्नदाता किसानों को फसलों के लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 2023-24 के लिए रबी की 06 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया है। योगी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल का एमएसपी में वृद्धि का यह निर्णय अभिनन्दनीय है। यह किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करने में अपना योगदान देगा। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा रबी फसलों के विपणन सीजन 2023-24 के लिए एमएसपी में वृद्धि की गयी है, ताकि उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। इनमें मसूर के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 500 रुपये प्रति कुन्तल, सफेद सरसों और सरसों में 400 रुपये प्रति कुन्तल, कुसुंभ में 209 रुपये प्रति कुन्तल, गेहूं में 110 रुपये प्रति कुन्तल, चना में 105 रुपये प्रति कुन्तल तथा जौ में 100 रुपये प्रति कुन्तल की वृद्धि की गयी है। योगी ने ट्वीट कर कहा, अन्नदाता किसानों को फसलों के लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने हेतु आदरणीय प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए रबी की 06 फसलों पर टरढ बढ़ाने का निर्णय अभिनंदनीय है। किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करते इस निर्णय हेतु आभार प्रधानमंत्री जी।

## बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू करने में विफल रहे अधिकारी : पटना हाईकोर्ट




**पटना (एजेंसी)।** पटना उच्च न्यायालय ने शराबबंदी से संबंधित मामलों की बढ़ती संख्या पर संज्ञान लेते हुए आज स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य के अधिकारी बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सही मायने में लागू करने में विफल रहे हैं। न्यायमूर्ति पूर्णेंदु सिंह ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान कहा कि मौजूदा परिदृश्य में इस न्यायालय ने कई जमानत आवेदनों में प्रस्तुत रिपोर्टों के माध्यम से पाया कि शराबबंदी कानून को सही तरीके से लागू नहीं किया गया है। इस अदालत ने राज्य के अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण शराब निर्माण और तस्करी की बढ़ती प्रवृत्ति को भी देखा है। उनहोंने कहा कि राज्य में शराब आसानी से उपलब्ध है और राज्य के नागरिकों का जीवन राज्य मशीनरी की विफलता के कारण जोखिम में है। अदालत ने राज्य सरकार को जब्त शराब के निपटान के संबंध में वैज्ञानिक उपाय अपनाने के लिए पर्यावरण के अनुकूल नीति बनाने को कहा है। न्यायाधीश ने कहा कि बिहार में कई कारणों से शराबबंदी कानून का गलत पक्ष उजागर हुआ है। नाबालिगों को शराब की तस्करी में लगाया गया, शराब प्रतिबंध के बाद नशीली दवाओं की खपत में तेजी से वृद्धि हुई और राज्य में बड़ी संख्या में जहरीली शराब पीने से हुई त्रासदी भी देखी गई। इन सब से लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। न्यायाधीश ने अपने आदेश में राज्य की जेलों में भीड़भाड़ का उल्लेख भी किया। सरकार ने भी स्वीकार किया कि बड़ी संख्या में शराब पीने वालों की गिरफ्तारी के कारण राज्य की जेलों में भीड़ बढ़ रही है। उन्होंने राज्य सरकार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पिछले साल अक्टूबर तक बिहार मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम के तहत 348170 मामले दर्ज किए गए और 401855 गिरफ्तारियां की गईं। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के पहले के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को उस स्थिति से निपटने के लिए एक तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया था, जो राज्य द्वारा निचली अदालतों में मामलों की संख्या में वृद्धि का हवाला देते हुए नहीं किया गया।

## शिक्षक ने दोस्त की शादीशुदा बहन के साथ 5 सालों तक किया दुष्कर्म, मन भरने पर बोला- 25 लाख लाओ...



**समस्तीपुर (एजेंसी)।** बिहार के समस्तीपुर जिले में एक शिक्षक ने अपने दोस्त की शादीशुदा बहन को प्यार में फंसाकर 5 साल तक दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं जब उसका मन भर गया तो उसने महिला से 25 लाख रूपयों की मांग की। वहीं पुलिस ने यौन शोषण करने वाले शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। 5 सालों तक बनाता रहा हवस का शिकार जानकारी के मुताबिक, घटना जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के हरपुर ऐलौथ की है। आरोपी शिक्षक की पहचान ऐलौथ गांव निवासी कृष्ण मोहन राय का बेटा विवेक कुमार उर्फ सोनू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि एक शिक्षक ने अपने दोस्त की बहन को प्रेम जाल में फंसाया और उसके साथ 5 सालों तक संबंध बनाता रहा। इसके बाद जब उसका मन भर गया तो वह पीड़िता से 25 लाख की मांग करने लगा। महिला ने इस मामले में एसपी को आवेदन दिया है। एसपी ने पीड़िता के बयान पर मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की और आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। 2012 में हुई थी महिला की शादी पीडिता मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। पीड़िता ने कहा कि उसकी शादी 2012 में हुई थी। उसका पति दरभंगा जिले के का रहने वाला हैं। दोनों की शादी के बाद से ही बनती नहीं थी। इसलिए वह ज्यादातर अपने मायके में ही रहती थी। इसी बीच उसकी मुलाकात अपने भाई के दोस्त के साथ हो गई। आरोपी ने महिला का 3 बार करवाया गर्भपात महिला ने बताया कि हम दोनों ने एक मंदिर में शादी कर ली थी। विवाह के बाद वह काशीपुर में एक स्कूल के पास एक कमरा लेकर पति-पत्नी की तरह रहने लगे और युवक 5 सालों तक उसके साथ संबंध बनाता रहा। इतना ही नहीं 3 बार उसने महिला का गर्भपात भी करवाया दिया। महिला ने आरोप लगाया है कि जब उसका मन भर गया तो उसने 25 लाख की डिमांड की।

## कांग्रेस में 'इलेक्शन नहीं बल्कि परिवार का सिलेक्शन' हुआ : मुख्तार अब्बास नकवी



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के रामपुर में बुधवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कांग्रेस में अध्यक्ष पद के चुनाव पर तंज कसते हुए कहा कि यह 'इलेक्शन नहीं है बल्कि परिवार का सिलेक्शन' है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस में अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया महज एक औपचारिकता मात्र है। यह सही मायने में इलेक्शन नहीं बल्कि शीर्ष परिवार द्वारा किया गया सिलेक्शन है। उन्होंने कहा कि कोशिश इस बात के लिये हो रही है कि पार्टी का कोई 'रिमोट कंट्रोल' राष्ट्रीय अध्यक्ष कैसे बने। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की इन दिनों चल रही भारत जोड़ो यात्रा पर भी तंज कसते हुए कहा कि यह एक 'इवेंट' है। उन्होंने कहा कि अच्छा होता अगर कांग्रेस पहले खुद तो जुड़ जाये। नकवी ने कहा कि कांग्रेस का जब बुरी तरह कबाड़ा हो रहा है, उसके बाद भी वह सुधरने को तैयार नहीं है। इस बारे में वह कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हैं।

उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित स्थानीय निकाय चुनाव के सवाल पर नकवी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा है कि पार्टी ने नगर निकायों की सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है।

जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा यूपी के दो मजदूरों की हत्या किये जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नकवी ने कहा कि आतंकवादी घटना किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। ऐसे आतंकवादी धर्म, देश और मानवता को धोखा देते हैं।

इस दौरान वह रामपुर के टांडा बादली में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र शर्मा के निधन पर शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना देने भी पहुंचे। टांडा बादली में जनसंघ के समय के पुराने कार्यकर्ता रहे लाला राम किशोर से उन्होंने मुलाकात की। लाला राम किशोर के किराना स्टोर पर जाकर नकवी ने आशीर्वाद लिया। वह टांडा में बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में भी शामिल हुये।

### ओडिशा में टैक्स कलेक्टर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में निगरानी विभाग ने बुधवार को सुंदरगढ़ जिले के राजगांगपुर से एक टैक्स कलेक्टर को एक शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। निगरानी सूत्रों ने यहां बताया कि राजगांगपुर नगर पालिका के टैक्स कलेक्टर मोहम्मद नासिर को निगरानी अधिकारियों ने रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। उन्होंने बताया कि नासिर ने शिकायतकर्ता के दिवंगत पिता के नाम पर पिछले तीन वर्षों के होल्डिंग टैक्स को अपडेट करके, शिकायतकर्ता के नाम पर एक नया होल्डिंग नंबर बनाने के लिए फाइल संसाधित करना था, जिसके लिए कलेक्टर नासिर ने उससे 13 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। सूत्रों ने बताया कि शिकायतकर्ता ने निगरानी विभाग में इसकी शिकायत की। जिसके बाद अधिकारियों ने कलेक्टर नासिर को शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# पशुधन मंत्री के गृह क्षेत्र में नहीं थम रहा है लंपी का कहर




**बरेली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह के बरेली स्थित निर्वाचन क्षेत्र आंवला में लंपी वायरस का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। पशु चिकित्सा विभाग के सूत्रों ने माना कि अब तक सैकड़ों की तादाद में मवेशी लंपी वायरस की चपेट में आकर जान गवां चुके हैं। आंवला के मझगवां पशु चिकित्सालय में लंपी वायरस से संक्रमित औसतन 50 से 60 मवेशी रोजाना लाये जा रहे हैं। पशुपालकों का कहना है कि टीकाकरण न होने से यह बीमारी तेजी से पैर पसार रही हैं। एक अनुमान के मुताबिक आंवला इलाके में प्रतिदिन दर्जनों पशु लंपी वायरस से मर रहे हैं। बरेली के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ललित वर्मा ने आज बताया कि क्षेत्र के 100 सेंपल भारतीय पशु चिकित्सा अनुसन्धान संस्थान इज्जतनगर भेजे गए थे। इसमें 40 सेंपल पॉजिटिव पाए गए हैं। क्षेत्र में टीकाकरण व इलाज को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि जिले में लंपी वायरस से मृत्यु दर चिंताजनक स्तर पर तो नहीं पहुंची है, लेकिन पशुओं की मौत का सिलसिला जारी रहने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

बरेली के बड़े किसान और सपा सरकार में मंत्री रहे भगवत सरन गंगवार ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पशुधन मंत्री के इलाके में लंपी वायरस से बड़ी संख्या में पशु मर रहे हैं। उन्होंने पूछा कि जब मंत्री के क्षेत्र में मर्ज बेकाबू है, तो शेष प्रदेश का क्या हाल होगा? क्यारा ब्लॉक के गांव सूदनपुर निवासी दान सिंह यादव की गाय और दोदराज वर्मा का बैल लंपी वायरस से ग्रसित हैं। दोनों पशुओं का मझगवां पशु चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। मझगवां अस्पताल के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरसी यादव ने बताया कि लंपी बीमारी क्षेत्र के ज्यादातर गांवों में फैल चुकी है। उन्होंने कहा कि लंपी वायरस से संक्रमित 50 से 60 पशु रोजाना अस्पताल लाये जा रहे हैं। डा यादव ने बताया कि पशुओं का इलाज डोरामैक्टिन इंजेक्शन और एंटीबायोटिक दवाओं के अलावा नीम की पत्तियों से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी से संक्रमित हुए जानवरों को जल्द रिकवर कर लिया जा रहा है। इससे मृत्यु दर बहुत कम हुयी है।

गुलड़िया इलाके में लंपी वायरस जैसे लक्षणों से अब तक 12 से ज्यादा पशुओं की मौत हो चुकी है, जबकि सैकड़ों मवेशी इससे मिलते जुलते लक्षणों से ग्रसित हैं। विकासखंड मझगवां के गांव गुरुगांव, धीमर गौंटिया और गणेशपुर सहित अन्य गांवों में सैकड़ों पशु लंपी वायरस जैसे लक्षणों से पीड़ित हैं। गुरुगांव में ही अब तक एक दर्जन पशु जान गंवा चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के सत्यवीर, सुरेश,चोखे, हरपाल, नत्थू, धर्मपाल, पप्पू की एक-एक गाय और बैल, जबकि बनवारी की तीन पशु मर चुके हैं। इन गांवों में अन्य पशु भी बीमार हैं। ग्रामीणों ने बताया कि छुट्टा गायों में भी तेजी से इस तरह के लक्षण उभर रहे हैं। भोजीपुरा ब्लाक क्षेत्र में लंबी जैसे लक्षणों से भोजीपुरा इलाके में 50 पशुओं की मौत हो चुकी है गांव रायपुरा करीम बख्श में भोजराज की यह गाय और गांव को रामपुर में तोलाराम की तो प्रताप लाला की एक गाय रामगोपाल की एक गाय की मौत हो चुकी है गांव मोरिया चेतराम में रविंद्र कुमार अवस्थी की एक गाय और एक बछड़ा नवल किशोर मिश्रा की 6 गाय बछड़ा रघुवर दयाल गांव मोहम्मदपुर में राज राजपाल की एक गाय दो बछड़े और हरिश्चंद्र की एक गाय व एक बछड़ा भी इससे मिलते-जुलते लक्षण से जूझ रहे हैं पशुपालकों का आरोप है कि पशु चिकित्सा विभाग सूचना देने के बाद भी जांच के लिए नहीं पहुंचा।

### बिहार में शिक्षा विभाग का कारनामा

# प्रश्न पत्र में 'कश्मीर' को बताया अलग देश, बीजेपी ने उठाये सवाल




**किशनगंज (एजेंसी)।** बिहार में शिक्षा विभाग ने प्रश्नपत्रों में कश्मीर को अलग देश बताकर एक बार फिर से विवाद को हवा दे दी है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक प्रश्न पत्र काफी वायरल हो रहा हैं। इस वायरल हुए सातवीं कक्षा के प्रश्न पत्र में दावा किया गया है कि कश्मीर भारत का हिस्सा नहीं है, बल्कि एक अलग देश है। वहीं इस प्रश्न पत्र के सामने आने पर बीजेपी ने बिहार सरकार पर हमला बोला है। शिक्षा विभाग से हुई बड़ी गलती दरअसल, बिहार शिक्षा विभाग के आदेश पर कक्षा एक से कक्षा आठ तक की हाफ इयरली परीक्षाएं चल रही है। इसी क्रम में किशनगंज के माध्यमिक विद्यालयों में परीक्षा आयोजित की गई हैं। सोमवार 17 अक्टूबर को परीक्षा की दूसरी पाली में कक्षा 7 के लिए अंग्रेजी की परीक्षा थी, जिसमें पूछे गए पहले सवाल में कश्मीर को अलग देश बता दिया गया। यह प्रश्न पूछा गया कि निम्नलिखित देशों में रहने वाले लोगों को क्या कहा जाता है? (1) द पीपल ऑफ चाइना आर कॉल्ड द (2) द पीपल ऑफ नेपाल आर कॉल्ड द (3) द पीपल ऑफ इंग्लैंड आर कॉल्ड द (4) द पीपल ऑफ कश्मीर आर कॉल्ड द (5) द पीपल ऑफ इंडिया आर कॉल्ड द। जेडीयू और आरजेडी पीएफआई के समर्थक- संजय जायसवाल बिहार शिक्षा विभाग के अनुसार कश्मीर को एक अलग देश मानते हुए सवाल पूछा गया है। अब यह एक जांच का विषय है कि बिहार शिक्षा विभाग ने इतनी बड़ी गलती कैसे कर दी। बता दें कि कुछ इसी तरह का मामला वर्ष 2017 में भी हुआ था। इस मामसे में भाजपा के अध्यक्ष संजय जायसवाल ने अपनी प्रतिक्रिया दी हैं। उन्होंने कहा कि जेडीयू और आरजेडी पीएफआई के समर्थक हैं। एनआईए सीमांचल में तैनात अधिकारियों की जांच करें। शिक्षा पदाधिकारी ने कुछ भी कहने से किया मना बता दें कि इस पूरे मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कैमरा पर कुछ भी कहने से मना कर दिया। बीजेपी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंकित सिंह ने कहा कि जिसने इस प्रश्न सेट को तैयार किया है, उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री को इससे अवगत कराया जाएगा।

## न्यूज गैलरी

### रुतुराज की शतकीय पारी से महाराष्ट्र ने दर्ज की बड़ी जीत

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की आक्रामक शतकीय पारी के दम पर महाराष्ट्र ने सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी मैच में मंगलवार को यहां केरल पर 40 रन से जीत दर्ज की। कप्तान गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और फिर 68 गेंदों में 114 रन की पारी के दौरान सात छक्के और आठ चौके जड़े। महाराष्ट्र ने चार विकेट पर 167 रन बनाने के बाद केरल को 20 ओवरों में आठ विकेट पर 127 रन पर रोक दिया। केरल के लिए रोहन कुन्नुम्मल ने सबसे ज्यादा 44 गेंदों में 58 रन बनाये। महाराष्ट्र के लिए सत्यजीत बछाव (11 रन देकर तीन विकेट) और अजीम काजी (25 रन देकर दो विकेट) ने क्रमशः तीन और दो विकेट लिये, जबकि राजवर्धन हंगरगेकर (16 रन पर एक विकेट) और शमशुजामा काजी (आठ रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट लिया। ग्रुप के अन्य मैचों में कर्नाटक ने अरुणाचल प्रदेश को 10 विकेट जबकि हरियाणा ने जम्मू-कश्मीर को चार विकेट से हराया। कर्नाटक ने विधावत कावेरप्पा (22 रन पर तीन विकेट) और वी कौशिक (पांच रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर अरूणाचल को 19.2 ओवर में 75 रन पर आउट कर दिया। कर्नाटक ने महज 6.5 ओवरों में बिना किसी नुकसान के लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिये कप्तान मयंक अग्रवाल (नाबाद 47) और देवदत्त पडिक्कल ने 20 गेंद में नाबाद 28 रन बनाये। हरियाणा ने जम्मू कश्मीर को 20 ओवर में छह विकेट पर 134 रन पर रोकने के बाद 19.4 ओवर में छह विकेट पर 138 रन बनाकर जीत दर्ज की। ग्रुप सी की तालिका में कर्नाटक पांच मैचों में 16 अंक के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद हरियाणा और सेना की टीमें है।

### इंग्लैंड टीम में टोपली की जगह लेंगे मिल्स

**ब्रिस्बेन/लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रीस टोपली एड़ी की चोट के कारण टी-20 विश्व कप से बाहर हो गये हैं और आईसीसी की मंजूरी के बाद टाइमल मिल्स टीम में उनकी जगह लेंगे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के सूत्रों के हवाले से बुधवार को कहा कि टोपली वापस इंग्लैंड जाकर एड़ी की सर्जरी करवायेंगे। ईसीबी ने मंगलवार को यह घोषणा की थी कि पाकिस्तान के खिलाफ वॉर्म-अप मैच से पहले फील्डिंग अभ्यास के दौरान टोपली का टखना मुड़ गया था। ईसीबी को उम्मीद थी कि टूर्नामेंट में इंग्लैंड के पहले मैच से पूर्व टोपली फिट हो जायेंगे, लेकिन चोट अनुमान से अधिक गंभीर है। मिल्स ने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार मैचों में 15.42 की औसत के साथ सात विकेट लिये थे। उन्हें जांघ की चोट की चोट के कारण बीच टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। उस समय टोपली ने उनकी जगह ली थी। मिल्स ने 10 अगस्त को अपने दाहिने पैर के अंगूठे में चोट का ऑपरेशन कराने के बाद से कोई क्रिकेट नहीं खेला है। उन्होंने अपना आखिरी टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच जुलाई में भारत के खिलाफ एजबेस्टन में खेला था, जहां वह तीन ओवर में 35 रन देकर एक विकेट ले सके थे। इंग्लैंड के अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले मिल्स अपनी गति पर काम कर रहे थे। उन्होंने अब तक टी-20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड के सभी नेट सत्रों में पूरी तरह से भाग लिया है। इंग्लैंड अब अगली बार गुरुवार को अभ्यास करेगी।

# साजन ने अंडर-23 विश्व चैम्पियनशिप में जीता ऐतिहासिक पदक



**पोंटेवेदरा/स्पेन (एजेंसी)।** भारत के साजन भानवाला ने यहां अंडर-23 विश्व चैम्पियनशिप में ग्रीको रोमन का ऐतिहासिक कांस्य पदक जीत लिया है। साजन ने भारत को ग्रीको रोमन वर्ग में पहला पदक दिलाने के लिये मंगलवार को 77 किग्रा वर्ग के रोमांचक मुकाबले में यूक्रेन के दिमित्रो वासेत्स्की को हराया। भारतीय पहलवान दूसरे दौर में 4-10 से पीछे चल रहे थे। उन्होंने यहां से शानदार वापसी की और अंतिम 30 सेकंड में छह अंक हासिल करके अपने प्रतिद्वंद्वी को तकनीकी आधार पर 10-10 से हरा दिया। साजन को प्री-क्वार्टर फाइनल में मोर्दोविया के पहलवान अलेक्जेंड्रिन गुटू के हाथों 8-0 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने कांस्य पदक मुकाबल में प्रवेश करने के लिए रेपेचेज दौर में कजाकिस्तान के रसूल झुनिस को 9-6 से हराया। गुटू के फाइनल में पहुंचने से साजन को रेपेचेज नियम के तहत टूर्नामेंट में जिंदा रहने का मौका मिल गया। उल्लेखनीय है कि एक पहलवान रेपेचेज राउंड में प्रवेश कर सकता है यदि उनको हराने वाला पहलवान फाइनल में पहुंच जाए। इसके अलावा 72 किग्रा वर्ग में विकास सेमीफाइनल में क्रोएशिया के पावेल पुक्लावेक से हार गए।

## बारिश के कारण भारत-न्यूजीलैंड के बीच अभ्यास मैच रद्द

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार को खेला जाने वाला टी-20 विश्व कप 2022 का वॉर्म-अप मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। ब्रिस्बेन के गाबा में बारिश पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे दिन के पहले वॉर्म-अप मैच के दौरान ही शुरू हो गई थी। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 154 रन बनाये, जिसके बाद 2.2 ओवर में पाकिस्तान का स्कोर 19 रन पर पहुंचते ही काले-घने बादलों ने गाबा को घेर लिया। दो घंटे की लगातार बारिश के बाद दोनों मैच रद्द कर दिये गये। मेलबर्न में 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अभियान की शुरूआत करने से पहले यह भारत का आखिरी वॉर्म-अप मैच था। इससे पूर्व भारत ने अपने पहले वॉर्म-अप मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को छह रन से मात दी थी। न्यूजीलैंड भी केवल एक अभ्यास मैच के साथ ही शीर्ष टूर्नामेंट का रुख करेगी, जहां उसे गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला मैच खेलना है। न्यूजीलैंड को उसके इकलौते अभ्यास मैच में दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट से हराया था। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले से टी-20 विश्व कप के सुपर-12 चरण की शुरूआत होगी। इसके बाद रोहित शर्मा की टीम सुपर-12 में अपना पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को खेलेगी।

# आयरलैंड ने स्कॉटलैंड को हरा कर सुपर-12 की उम्मीदें जगायी



**होबार्ट (एजेंसी)।** आयरलैंड ने कर्टिस कैम्फर (72 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और की जॉर्ज डॉकरेल (39 नाबाद) की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर स्कॉटलैंड को आईसीसी टी-20 विश्व कप 2022 के पहले दौर के मुकाबले में बुधवार को छह विकेट से मात दी। पहले मैच में जिम्बाब्वे से हारने वाली आयरलैंड ने इस जीत के साथ सुपर-12 में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवित कर लिया। स्कॉटलैंड ने ग्रुप-ए मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए माइकल जोन्स के 86 (55) रनों की बदौलत आयरलैंड को 177 रन का लक्ष्य दिया। आयरलैंड ने कैम्फर-डॉकरेल की शतकीय साझेदारी की बदौलत यह लक्ष्य छह गेंदें शेष रहते हुए हासिल कर लिया। आयरलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 ओवर में 65 रन के स्कोर पर चार विकेट गंवा दिये थे। उन्हें अगले 10 ओवरों में 112 रन हासिल करने के लिए बड़ी और विस्फोटक साझेदारी की जरूरत थी। कैम्फर और डॉकरेल ने आयरलैंड के लिए संकटमोचक की भूमिका निभाते हुए 57 गेंदों पर 119 रन की साझेदारी करके 19 ओवर में ही टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। कैम्फर ने 32 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 72 रन बनाये जबकि डॉकरेल ने 27 गेंदों पर चार चौके और एक छक्का लगाकर 39 रन की नाबाद पारी खेली।

## चोट के कारण टी-20 विश्व कप से बाहर हुए चमीरा



**जीलॉन्ग (एजेंसी)।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा पिंडली की चोट के कारण शेष आईसीसी टी-20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। क्रिकबज ने बुधवार को श्रीलंका क्रिकेट के हवाले से यह जानकारी दी। चमीरा इससे पहले पिंडली की चोट के कारण एशिया कप 2022 में भी हिस्सा नहीं ले सके थे, हालांकि पूर्णतः फिट होने के बाद उन्हें विश्व कप टीम में शामिल किया था। चमीरा ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप-ए मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर श्रीलंका की 79 रन की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने अपने 3.5 ओवरों में 15 रन देकर तीन विकेट लिये, हालांकि चोट के कारण वह अपना चौथा ओवर पूरा नहीं कर सके और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। इसी बीच, क्रिकबज ने बताया कि बल्लेबाज दनुष्का गुनतिलका और तेज गेंदबाज प्रमोद मदुशन भी मांसपेशी की चोट से जूझ रहे हैं। यह नामीबिया के खिलाफ पहला मैच हारने वाली श्रीलंका के लिये चिंता का विषय है क्योंकि उन्हें सुपर-12 में जगह बनाने के लिये गुरुवार को नीदरलैंड पर हर हाल में जीत दर्ज करनी है।

## भारत ने जीतकर खत्म किया अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफायर अभियान



**कुवैत (एजेंसी)।** भारत ने एएफसी अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफिकेशन में अपने अभियान का समापन कुवैत के ऊपर 2-1 की जीत के साथ किया है। अली सबाह अल-सलेम स्टेडियम पर मंगलवार को खेले गये मुकाबले में भारत के गोल टाइसन सिंह (आठवां मिनट) और गुरकीरत सिंह (77वां मिनट) ने किये। मेजबान टीम का गोल सालेह अलमहताब (73वां मिनट) ने जमाया। इस जीत के साथ भारत ने एएफसी अंडर-20 एशियाई कप उजबेकिस्तान 2023 के ग्रुप-एच में ऑस्ट्रेलिया और इराक के बाद तीसरा स्थान हासिल कर लिया। भारत ने मुकाबले की दमदार शुरुआत करते हुए कप्तान टाइसन के गोल की बदौलत शुरूआती बढ़त बना ली। इसके बाद दोनों टीमों ने कई प्रयास किये, लेकिन पहले हाफ में गोल नहीं कर सकीं। दूसरे हाफ में कुवैत आक्रामकता के साथ पिच पर उतरी। मुकाबले के समापन में जब 20 मिनट बाकी थे तब कप्तान सालेह ने एक फ्री-किक को गोल में तब्दील करके मैच को बराबरी पर ला खड़ा किया। कुवैत की बढ़त केवल तीन मिनट की रही और भारत ने 77वें मिनट में गुरकीरत के गोल से मैच जीत लिया।

# दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट पर राजा स्पोर्ट का कब्जा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/ओरमांझी।** शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता में राजा स्पोर्ट बरियामू ने कब्जा जमाया। इससे पहले युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई की देखरेख में तीन दिवसीय मैच के तीसरे दिन बुधवार को पहला सेमीफाइनल का उद्घाटन मैच में राजा स्पोर्ट बरियातू बनाम मुन्ना ब्रदर्स बूटी के बीच खेला गया। जिसमें राजा स्पोर्ट बरियातू 1-0 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनायी। जिसमें मैन ऑफ दा मैच का खिताब तौहिद अहमद चुने गये। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल मैच सूरज महतो फुटबॉल क्लब कुट्टे बनाम सींगसराय फुटबॉल क्लब अनगड़ा के बीच खेला गया। जिसमें सींग सराय ट्राई ब्रेकर में विजयी होकर फाइनल में पहुंचा जहां उसका मुकाबला राजा स्पोर्ट बरियातू के साथ हुआ। जिसमें राजा स्पोर्ट बरियातु ट्राई ब्रेकर में 4-3 से विजयी हुई। मैन ऑफ द मैच जीशन राजा एंव टूर्नामेंट ऑफ दी सीरीज का खिताब अविनाश नायक, सींगसराय अनगड़ा के खिलाड़ी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं, विजेता टीम को 15 हजार रुपये नकद, बड़ा खस्सी एवं शील्ड जबकि उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये नगद, छोटा खस्सी एवं शील्ड दिया गया। वहीं, तीसरा एवं चौथा स्थान प्राप्त करनेवाली टीम को 4100 रुपये व फुटबॉल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि अर्चित आनंद, मुख्य सलाहकार शिव शिष्य परिवार, उद्घाटनकर्त्ता शिव कुमार विश्वकर्मा, सोमेन्द्र कुमार प्रभात रंजन एवं सावित्री देवी, जयडीहा, संतोष गुप्ता, उपमुखिया ओरमांझी ने संयुक्त रुप से मैच का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष नीलांबर सिंह, सचिव विनोद कुमार महतो, कोषाध्यक्ष दीपक नायक, उपाध्यक्ष सनी सिंह, उपसचिव जीवनलाल मुंडा, उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह एवं प्रदीप मुंडा, दिलीप मुंडा, नितेश मुंडा, सत्यनारायण मुंडा, भरत मुंडा, सत्या सिंह, अजय गंझू, राम गंझू, चंदू मुंडा, धर्मनाथ मुंडा, रामदयाल गंझू, सेवाराम महतो, नकुल बेदिया, जयवीर बेदिया एवं सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# शाहीन ने सटीक यॉर्कर से तोड़ा बल्लेबाज का अंगूठा

## वार्म अप मैच में यॉर्कर से अफगानिस्तानी बल्लेबाज को किया घायल



**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी काफी समय से चोटिल चल रहे थे। उन्होंने जुलाई के बाद कोई मैच नहीं खेला था। अब घुटने की चोट से उबर कर उन्होंने मैदान पर वापसी कर ली है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप का वार्म अप मैच खेला था। पाकिस्तान का दूसरा मुकाबला अफगानिस्तान से हो रहा है। इस मैच में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। शाहीन अफरीदी ने पाकिस्तान के लिए पहला ओवर डाला और इसी ओवर में वह छा गये। पहली चार गेंदों पर एक रन देने के बाद अफरीदी ने 5वीं गेंद पर सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुजबाज को सटीक यॉर्कर मारा। गुरबाज पूरी कोशिश के बाद भी अपना पैर गेंद की लाइन से नहीं हटा पाये। गेंद उनके अंगुठे पर लगी और वह दर्द से कराह उठे। पाकिस्तान टीम की अपील पर अंपायर ने उंगली उठाकर बल्लेबाज को आउट दे दिया।

### गुरबाज को चलने में भी परेशानी

**गेंद** पर गेंद लगने की वजह से गुरजाब ठीक से चल भी नहीं पा रहे थे। फिजियो ने उन्हें मैदान पर आकर देखा। इसके बाद साथी खिलाड़ी उन्हें पीठ पर उठाकर मैदान से बाहर ले गये। उनकी चोट कितनी गंभीर है, इसपर अभी तक आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन यह देखने से काफी गंभीर लग रही थी। इसके बाद अफरीदी ने अपने दूसरे ओवर में दूसरे सलामी बल्लेबाज हजरतुल्लाह जजई को भी बोल्ड कर दिया।

# विश्व कप 2023 में हिस्सा न लेने पर विचार कर रहा है पाकिस्तान : सूत्र

**लाहौर (एजेंसी)।** एशिया कप 2023 के लिए टीम को पाकिस्तान भेजने से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के इनकार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भारत में होनेवाले विश्व कप-2023 में हिस्सा न लेने पर विचार कर रहा है। जियो न्यूज ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई सचिव एवं एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने मंगलवार को कहा कि भारत एशिया कप-2023 में हिस्सा लेने पाकिस्तान नहीं जायेगा और टूर्नामेंट का आयोजन किसी तीसरी तटस्थ जगह होगा। श्री शाह ने अपने बयान में कहा कि एशिया कप-2023 का आयोजन किसी तीसरे स्थान पर होगा। मैं यह बात एसीसी के अध्यक्ष के तौर पर कह रहा हूं। हम (भारत) वहां (पाकिस्तान) नहीं जा सकते, वह भी यहां नहीं आ सकते। पहले भी एशिया कप का आयोजन तटस्थ जगह पर हुआ है। जियो न्यूज ने सूत्रों के हवाले से कहा कि पीसीबी ने मंगलवार को यहां एक बैठक बुलायी जिसमें एशिया कप में हिस्सा लेने और भारत के बयान पर चर्चा की गयी।

पाकिस्तान एशिया में क्रिकेट की संचालन संस्था एसीसी से निकलने पर भी विचार कर रहा है। सूत्रों के अनुसार पीसीबी जल्द ही बयान जारी कर शाह के एकतरफा फैसले को अनावश्यक और जल्दबाजी में लिया गया घोषित कर सकता है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) के अनुसार एशिया कप 2023 के अलावा चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 की मेजबानी भी पाकिस्तान के पास है, जबकि भारत को विश्व कप 2023 की मेजबानी करनी है। भारत ने 2006 से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। दोनों देशों की सरकारों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण 2012 से भारत-पाकिस्तान ने द्विपक्षीय क्रिकेट भी नहीं खेला है। बीसीसीआई ने पिछले हफ्ते राज्य संघों को भेजे गये वार्षिक आम सभा एजेंडा नोट में पाकिस्तान में होनेवाले एशिया कप-2023 को महत्वपूर्ण आयोजन कहा था, जिससे लगभग 15 वर्षों में पहली बार भारत की पाकिस्तान यात्रा की संभावना सामने आई थी। भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी मैच अगस्त-सितंबर में 2022 एशिया कप में खेला गया था। दोनों टीमें 23 अक्टूबर को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में भी आमने-सामने होंगी।

## टी-20 वर्ल्ड कप : रोमांचक मुकाबले में जीता नीदरलैंड



**गीलोंग (एजेंसी)।** नीदरलैंड ने बास डी लीड (30 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और विक्रमजीत सिंह के 39 रनों की बदौलत नामीबिया को आईसीसी टी-20 विश्व कप के पहले दौर के मुकाबले में पांच विकेट से मात दी। नामीबिया ने ग्रुप-ए मैच में नीदरलैंड को 122 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे डच टीम ने तीन गेंदें शेष रहते हुए हासिल कर लिया। नीदरलैंड 13 ओवर में 90/1 के स्कोर के साथ आसानी से लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी, लेकिन अगले चार ओवरों में उन्होंने केवल 12 रन बनाकर चार विकेट गंवाये। सेट बल्लेबाज मैक्स ओडॉ के रनआउट होने के बाद जेजे स्मिट ने टॉप कूपर और कॉलिन ऐकरमैन को आउट किया जबकि जैन फ्राइकलिंन ने स्कॉट एडवड्र्स का विकेट लिया जिससे मैच रोमांचक मोड़ पर आ खड़ा हुआ। इसके बाद डी लीड ने टिम प्रगल (9 नाबाद) के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। डी लीड ने 30 गेंदों पर दो चौकों के साथ नाबाद 30 रन बनाये और आखिरी ओवर की तीसरी गेंद पर दो रन भागकर नीदरलैंड को विजय दिलायी।



## न्यूज गैलरी

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं




**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत के 90 डॉलर प्रति बैरल पर आ जाने के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दामों में बुधवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.51 प्रतिशत बढ़कर 90.49 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.07 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 83.71 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में चार महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### ट्रीव्यू ने की आरजू के साथ भागीदारी

मुंबई। थाईलैंड की अग्रणी एलईडी टीवी और उपकरण निमार्ता ट्रीव्यू कंपनी लिमिटेड ने भारत में विपणन के लिए खुदरा कारोबार पर केंद्रित प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म आरजू के साथ भागीदारी की घोषणा की है। थाईलैंड की यह कंपनी स्मार्ट टीवी बाजार में काम करती है और अपनी अत्याधुनिक तकनीक के साथ, ट्रीव्यू मध्य-पूर्व और अफ्रीकी देशों जैसे भौगोलिक क्षेत्रों में फैला हुआ है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि भारत में वर्तमान में विश्व स्तरीय स्मार्ट टीवी की भारी मांग देखी जा रही है। कंपनी ने एक बयान में उम्मीद जाहिर की है कि भारत में आरजू के ऑफलाइन रिटेल चैनल का विशाल नेटवर्क उसको कम से कम समय में पूरे भारत में पैठ बनाने और हासिल करने में सक्षम बनाएगा। आरजू में टीवी श्रेणियों के निदेशक साई कृष्णा ने कहा, यह साझेदारी आगे चलकर बड़े उपकरणों के हमारे पोर्टफोलियो को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है।

### अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने एयर वर्क्स का किया अधिग्रहण

**अहमदाबाद।** अडाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (एडीएसटीएल) ने जहाजों की मरम्मत और ओवरहालिंग सेवाएं देने वाली एयर वर्क्स का अधिग्रहण करने के लिए एक पक्के समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। अडाणी डिफेंस की ओर से मंगलवार को एक बयान में कहा गया है कि इस सौदे में अधिग्रहीत की जा रही कंपनी का मूल्य 400 करोड़ रुपये आंका गया है। बयान में अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के सीईओ आशीष राजवंशी ने कहा, भारत की वृद्धि तथा हवाई संपर्क को देश भर में फैलाने पर सरकार के जोर को देखते हुए आने वाले समय में एयरलाइन और हवाईअड्डा क्षेत्र का विकास होना ही होना है। रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल सेवाओं की रक्षा और नागरिक विमानन दोनों क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा, एयर वर्क्स की इस क्षेत्र में 70 साल की प्रमाणित क्षमता तथा त्रुटिहीन कार्य का रिकार्ड है। इसने भारत में और इस उद्योग में कई नए काम किए हैं।

### बाल्को ने छत्तीसगढ़ में कोयला खदान के लिए बोली जीती

**नयी दिल्ली।** वेदांता लिमिटेड की इकाई बाल्को ने छत्तीसगढ़ के एक कोयला खदान के लिए बोली जीत ली है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकार ने वाणिज्यिक कोयला खदान की नीलामी के चौथे दौर का आयोजन किया था जिसमें कंपनी सफल बोलीदाता रही। वेदांता ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, यह कोयला खदान जिस स्थान पर है उसे देखते हुए, यह बाल्को के लिए पूरी तरह से उपयुक्त है। इस खदान में अनुमानित 90 करोड़ टन का भंडार है। इसका परिचालन शुरू जाने पर ईंधन सुरक्षा मिलेगी, बिजली उपलब्धता बढ़ेगी और इससे बाल्को का परिचालन तथा प्रदर्शन और भी मजबूत होगा। केंद्र ने 2001 में भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) की 51 फीसदी हिस्सेदारी वेदांता लिमिटेड की अनुषंगी स्टरलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड को बेच दी थी।

# डिफेंस स्टॉक को लगे पंख, तीन महीने में दोगुना किया निवेशकों का पैसा



> ब्रोकरेज फर्म एलारा कैपिटल का कहना है कि छोटे व मध्यम डिफेंस स्टॉक्स जैसे डाटा पैटर्न, एमटीएआर टेक्नोलॉजी, पारस डिफेंस, अस्त्रा माइक्रोवेव, डायनामेटिक टेक्नोलॉजिस, और तनेजा एयरोस्पेस को इन योजनाओं से लाभ मिलने की उम्मीद है।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लिमिटेड के शेयरों ने बुधवार को बीएसई पर 1480 रुपये का अपना नया उच्चतम स्तर छुआ। डाटा पैटर्न के शेयर पिछले साल 24 दिसंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हुए थे। पिछले 3 महीने में ये शेयर 85 फीसदी चढ़ा है। अगस्त मं इस शेयर की कीमत करीब 750 रुपये थी और आज ये 1400 रुपये के स्तर को पार कर गया है। इसके आईपीओ का इश्यू प्राइस 585 रुपये प्रति शेयर था। आईपीओ में निवेश करने वालों को ये शेयर 139 फीसदी का रिटर्न दे चुका है। हालांकि, बुधवार को इसके शेयरों में तेज गिरावट देखने को मिली है और ये दोपहर 3 बजे 3.86 फीसदी टूटकर 1356 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहा है। वर्ष दर तिथि आधार पर इस साल ये शेयर 79 फीसदी बढ़ा है जबकि इसका बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स केवल 0.1 फीसदी ऊपर गया है। डाटा पैटर्न डिफेंस के क्षेत्र में कार्यरत सरकारी कंपनियों जैसे एचएल व बीईएल के साथ बेहद करीब से काम करती है। इसके अलावा ये कंपनी सरकारी संस्थान जैसे डीआरडीओ के साथ स्पेस और डिफेंस रिसर्च के काम में शामिल है। कंपनी इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, फर्मवेयर, मैकेनिकल, प्रोडक्ट प्रोटोटाइप बनाती है। साथ ही उनकी टेस्टिंग, वैलिडेशन और वैरिफिकेशन भी करती है। पिछले महीने डिफेंस उत्पादों के लिए घोषित छटी पीआईएल से यह सकेंत मिलते हैं कि भारत लगातार डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहा है। साथ ही सरकार का मकसद रक्षा क्षेत्र में आयात को घटाकर छोटी और मध्यम आकार की कंपनियों को विकसित करने की है। ब्रोकरेज फर्म एलारा कैपिटल का कहना है कि छोटे व मध्यम डिफेंस स्टॉक्स जैसे डाटा पैटर्न, एमटीएआर टेक्नोलॉजी, पारस डिफेंस, अस्त्रा माइक्रोवेव, डायनामेटिक टेक्नोलॉजिस, और तनेजा एयरोस्पेस को इन योजनाओं से लाभ मिलने की उम्मीद है। इसके आईपीओ को 119 गुना सब्सक्राइब किया गया था। कंपनी ने 240 करोड़ रुपये के फ्रेश इश्यू जारी किए थे जबकि 59.52 लाख इक्विटी शेयर भी जारी किए गए थे। इसका आईपीओ 16 दिसंबर को बंद हुआ था और शेयर 24 दिसंबर को लिस्ट हुए थे। कंपनी ने इश्यू प्राइस 555-585 रुपये के बीच रखा था।

## बेंगलुरु टेक समिट के 25वें संस्करण का आयोजन 16-18 नवंबर तक




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** तकनीकी क्षेत्र के मेले बेंगलुरु टेक समिट 2022 का आयोजन 16 से 18 नवंबर को किया जायेगा और इसमें 300 से अधिक स्टार्ट-अप हिस्सा लेंगे। बेंगलुरु टेक समिट के 25वें संस्करण से पहले यहां आयोजित कार्यक्रम के अनुसार इसमें 50 से अधिक देश अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे और 350 से अधिक वक्ता हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में टेक्निकल, नॉन टेक्निकल, रोबोटिक्स, क्लाउड कम्प्यूटिंग जैसे विषयों पर 70 से अधिक सत्रों का आयोजन होगा जिसमें 2500 से अधिक संस्थान और 5000 से अधिक उद्यमी आएंगे। देश की सिलिकॉन वैली कही जाने वाले बेंगलुरु में आयोजित इस सम्मेलन में 400 से अधिक प्रदर्शनी होंगी और इससे 2000 से अधिक स्टार्ट अप जुड़ेगें। कर्नाटक के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी, बीटी एवं एसएंडटी मंत्री सी एन अश्वथ नारायण ने कहा कि यह सम्मेलन प्रयासों को कामयाबी में बदलने की दिशा प्रदान करता है। तकनीक केवल उच्च आय वाले वर्ग के लिए नहीं है यह तो समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े युवक तक पहुंचने के लिए है। सभी तक लाभ पहुंचने के बाद ही तकनीक सही मायनों में सार्थक है। समाज की वृद्धि में तकनीक का अहम योगदान है और इससे यह आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में हम इस विशाल सम्मेलन के आयोजन के लिए तैयार है जो तकनीकी क्षेत्र से जुड़े संस्थानों, स्टार्ट अप और विशेषज्ञों के लिए किसी महोत्सव से कम नहीं है।

## निसान इंडिया ने तीन नये वाहनों का किया प्रदर्शन




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी निसान इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आज तीन ऐसे स्पोर्ट यूटिलिटी और हैचबैक वाहनों का प्रदर्शन किया जो वैश्विक बाजार के लिए है। निसान इंडिया के अध्यक्ष फ्रेंक टोरेस ने आज यहां सात सीटर एक्स ट्रेल, क्वाशकाई और जूक के प्रदर्शन के मौके पर कहा कि उनकी कंपनी ने एक्स ट्रेल और क्वाशकाई को भारतीय सड़कों पर उतराने का परीक्षण कर रही है जबकि जूक का प्रदर्शन किया गया है। यह कंपनी के भारतीय बाजार के अनुरूप नये उत्पाद पेश करने की योजना के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षण इन दोनों वाहनों को भारतीय सड़कों और विभिन्न मार्गों के अनुरूप स्वीकार्यरता पर केन्द्रित है। परीक्षण के दौरान भारतीय ग्राहकों की आवश्यकता के अनुरूप मूल्यांकन किया जायेगा। निसान के प्रमुख इंजीनियर सड़कों पर ये परीक्षण करेंगे और यह परीक्षण चेन्नई स्थित कंपनी के संयंत्र के आसपास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार में अपार संभावनायें है और उनकी कंपनी आधुनिक भारतीय ग्राहकों की इच्छा और जरूरतों को पूरा करने के लिए बेहतर वाहन पेश करेगी। निसान मेग्नाइट को मिली सफलता को देखते हुये अब उनकी कंपनी ने एसयूवी पर ध्यान केन्द्रित करने और उच्च गुणवत्ता के एसयूवी पेश करना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण के बाद सबसे पहले एक्स ट्रेल को पेश करने की योजना है और उसके बाद दूसरे वाहन उतारे जायेंगे।

## जेनवर्क्स ने लॉन्च किया ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग का उपकरण

**बेंगलुरू।** महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए मेडिकल तथा हेल्थकेयर समाधान प्रदान करने वाली कंपनी जेनवर्क्स ने एक नया डिवाइस ब्रेस्टर प्रो लॉन्च किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह डिवाइस बीमारी का जल्द पता लगाने के लिये है। उपयोग में आसान, रेडिएशन-फ्री यह डिवाइस संपर्क पर आधारित स्क्रीनिंग पर निर्भर करती है और अस्पतालों के लिये एक गेमचेंजर साबित हो सकती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च के अनुसार, ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित दो में से एक महिला इस बीमारी के कारण दम तोड़ देती हैं। इससे होने वाली मृत्यु की वजह बीमारी का देरी से पता चलना है। स्क्रीनिंग के मौजूदा तरीके जैसे मोमोग्राफी और सोनोग्राफी, आमतौर पर उम्रदराज महिलाओं के लिये हैं, क्योंकि पहले आमतौर पर 50 साल से अधिक उम्र की महिलाओं पर इसे किया जाता था।

# दुबई में मुकेश अंबानी ने खरीदी सबसे महंगी हवेली, न्यूयॉर्क में भी प्रॉपर्टी की है तलाश

> ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक मुकेश अंबानी ने पिछले हफ्ते कुवैती टाइकून मोहम्मद अलशाया के परिवार से लगभग 163 मिलियन डॉलर में पाम जुमेराह हवेली खरीदी है।



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और अरबपति मुकेश अंबानी ने दुबई में अब तक की सबसे महंगी प्रॉपर्टी खरीदी है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक मुकेश अंबानी ने पिछले हफ्ते कुवैती टाइकून मोहम्मद अलशाया के परिवार से लगभग 163 मिलियन डॉलर में पाम जुमेराह हवेली खरीदी है। दुबई भूमि विभाग ने खरीदार की पहचान का खुलासा किए बिना डील की जानकारी दी है। रिलायंस और अलशाया के प्रतिनिधियों की ओर से आधिकारिक तौर पर बयान नहीं आया है। बता दें कि कुवैत के दिग्गज कारोबारी अलशाया समूह के पास स्टारबक्स, एचएंडएम और विक्टोरिया सीक्रेट सहित खुदरा ब्रांडों की स्थानीय फ्रेंचाइजी है। वहीं, मुकेश अंबानी भारत की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन हैं और उनकी कुल संपत्ति 84 अरब डॉलर है। वह एशिया के अरबपतियों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। दुबई में दूसरी डीलः ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि दुबई में अंबानी की नई हवेली इस साल की शुरूआत में खरीदे गए 80 मिलियन डॉलर के घर से थोड़ी दूर है। बता दें कि रिलायंस ने प्रतिष्ठित यूके कंट्री क्लब स्टोक पार्क को खरीदने के लिए पिछले साल 79 मिलियन डॉलर खर्च किए थे। वहीं, मुकेश अंबानी न्यूयॉर्क में भी एक संपत्ति की तलाश कर रहे हैं।

## अगस्त में देश में टेलीफोनधारकों की संख्या 0.12 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** इस वर्ष अगस्त में देश में टेलीफोनधारकों की कुल संख्या 0.12 प्रतिशत बढ़कर 117.50 करोड़ पर पहुंच गयी। इसमें से मोबाइल फोन धारकों की संख्या 0.09 प्रतिशत बढ़कर 114.91 करोड़ रही है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने आज यहां जारी मासिक आंकड़ों के अनुसार अगस्त में कुल मोबाइल ग्राहकों की संख्या में 10.08 लाख की बढोतरी हुयी है जबकि 14.3 लाख बेसिक टेलीफोन धारकों की संख्या बढ़ी है। इसमें से शहरी क्षेत्रों में 65.10 करोड़ ग्राहक हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में 52.40 करोड़ ग्राहक हैं। अगस्त में देश में टेली घनत्व 85.15 प्रतिशत रहा है। ट्राई के अनुसार अगस्त में 1.13 करोड़ लोगों ने मोबाइल नंबर पोर्टिबिलिटी के लिए आवेदन किया। अब तक कुल मिलाकर 73.61 करोड़ लोगों ने इसके लिए आवेदन कर चुके हैं। अगस्त में सक्रिय मोबाइल धारकों की कुल संख्या 101.34 करोड़ रही है। ट्राई के अनुसार अगस्त में वोडाफोन आइडिया के सबसे अधिक 1.04 प्रतिशत अर्थात 1958358 ग्राहकों ने कंपनी का दामन छोड़ दिया। इस दौरान बीएसएनएल से 567634 लोगों ने अपना नाता तोड़ लिया। एमटीएनएल के भी 470 ग्राहकों ने कंपनी को छोड़ दिया।

### अत्याधुनिक डिजिटल इंजीनियरिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार से किया समझौता

# टेक महिंद्रा गुजरात में 3000 आईटी पेशेवरों को देगी रोजगार




> गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि राज्य सरकार कारोबारियों का सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है जिससे राज्य में कारोबारी सुगमता में सुधार आ सके।

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टेक महिन्द्रा ने गुजरात में अत्याधुनिक डिजिटल इंजीनियरिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार के साथ समझौता किया है। इसके तहत कंपनी की राज्य में अपने परिचालन का विस्तार करने की योजना है। टेक महिंद्रा का अगले पांच वर्षों में 3000 से अधिक पेशेवरों को नियुक्त करने का लक्ष्य है। टेक महिंद्रा ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि गठबंधन के तहत कंपनी ऐसी डिजिटल इंजीनियरिंग सेवाएं उपलब्ध कराएगी जिससे कारोबार करने वाले लोग अधिक संपर्क बनाकर डिजिटल परिवर्तन की चुनौतियों पर नजर रख पाएंगे। वह डिजिटल उत्पादों का निर्माण करते हुए आय के नए स्त्रोत तैयार कर सकेंगे। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि राज्य सरकार कारोबारियों का सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है जिससे राज्य में कारोबारी सुगमता में सुधार आ सके। इसी दिशा में टेक महिंद्रा के साथ इस समझौते से न केवल कारोबारी सुगमता में हमें मदद मिलेगी बल्कि इस नगर का सर्वांगीण विकास भी होगा। टेक महिंद्रा के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीपी गुरनानी ने कहा कि इस समझौते से कंपनी को गुजरात में और विकास के लिए इस सरकार द्वारा पैदा किए गए। अवसरों का न केवल लाभ उठाने में मदद मिलेगी बल्कि इससे हम स्थानीय प्रतिभाओं के लिए रोजगार सृजन करने और उन्हें सीखने और आगे बढ़ने का अवसर उपलब्ध कराने में समर्थ होंगे। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने गुजरात आईटी और आईटी से जुड़े क्षेत्रों की नीति (2022-27) पेश की है। इससे राज्य में डिजिटल नवप्रवर्तन में तेजी आई है और अब यह छोटे और मझोले कारोबारों को सशक्त करने को तैयार है, जिससे वे डिजिटलीकरण के मूल्य का दोहन कर सकें और राज्य की अर्थव्यवस्था बढ़ाने में योगदान कर सकें। इस नीति को पेश किए जाने के प्रथम सात महीनों में गुजरात सरकार ने देश और विदेश की 15 अग्रणी आईटी कंपनियों के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर चुकी है जिससे आईटी के क्षेत्र में उच्च कौशल वाले करीब 26,750 नौकरियों के अवसर पैदा होंगे।

## प्रतिभूति बाजार में गड़बड़ियों का पता लगाने के लिए डेटा प्रौद्योगिकी पर जोर: सेबी

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बढ़ाने के मकसद से बाजार नियामक सेबी प्रतिभूति बाजार में गड़बड़ियों का पता लगाने के साथ ही अपनी नीतियां बनाने में उपयोगी डेटा समाधानों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने वित्त वर्ष 2021-22 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया है। सेबी ने कहा कि डेटा के अलावा प्रौद्योगिकी के उपयोग पर भी उसका विशेष ध्यान है। सेबी ने अपनी रिपोर्ट में कहा, ₹डेटा और प्रौद्योगिकी ऐसे दो नए साधन हैं जिन्हें सेबी अपने लिए बना रहा है। इस कदम से प्रतिभूति बाजार में पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा मिलेगा।

# पेज एक के शेष

### स्कूली बच्चियों को...

पढ़ाई का जिम्मा सरकार ले रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार कम बारिश के कारण राज्य के कई इलाकों में सुखाड़ जैसी स्थिति है, लेकिन सरकार ने सुखाड़ से निपटने के सभी उपाय कर लिये हैं। ग्रामीणों के लिए कई रोजगारपरक योजनाएं चलायी जा रही हैं। किसानो-मजदूरों का पलायन नहीं हो, इसे रोकने की दिशा में अधिकारियों को निर्देश दिये जा चुके हैं।

**किसान-पशुपालकों का एटीएम है पशुधन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे ग्रामीण परिवेश वाले राज्य में ग्रामीणों के लिए पशुधन किसी भी मायने में एटीएम से कम नहीं है। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत पशुपालकों को पशु के साथ पशु शेड के लिए भी राशि दी जा रही है ताकि उनकी आय बढ़ायी जा सके। वहीं, तीस लाख हरा राशन कार्ड भी जारी किया जा रहा है। ऐसी कई योजनाएं हैं, जिसका मकसद राज्यवासियों का कल्याण है।

**योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास, लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का हुआ वितरण :** मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 219 करोड़ 69 लाख 09 हजार 548 रुपये की लागत से 109 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 32 करोड़ 72 लाख 45 हजार 362 रुपये की लागत से 42 योजनाओं का उद्घाटन और 186 करोड़ 96 लाख 64 हजार 186 रुपये की लागत से 67 योजनाओं की आधारशिला रखी गयी। इसके अलावा इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के लगभग 1 लाख 96 हजार लाभुकों के बीच 104 करोड़ 02 लाख 42 हजार 51 रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इसमें शिक्षा विभाग के द्वारा 176957 बच्चों के बीच स्कूली पोशाक का वितरण किया गया। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक उमाशंकर अकेला, अंबा प्रसाद, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, नगर पर्षद अध्यक्ष गुंजा देवी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, चतरा जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन...

पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सात सितम्बर से 'भारत जोड़ो यात्रा' पर हैं। वह जब तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक की अपनी पद यात्रा पूरी करेंगे, तब तक ऐसे में वह हिमाचल व गुजरात में चुनाव प्रचार करने जायेंगे या नहीं, कहा नहीं जा सकता। राहुल गांधी जब तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक की अपनी 150 दिनों तक चलने वाली 3570 किलोमीटर की पैदल यात्रा यात्रा पूरी करेंगे, तब तक हिमाचल व गुजरात का चुनाव हो चुका होगा। एक तरफ जहां सत्ताधारी पार्टी भाजपा के हुक्मरान हिमाचल व गुजरात दोनों ही जगह प्रचार, रैली, घोषणाओं के लिए रात-दिन एक कर दिये हैं, वहीं कांग्रेस दोनों ही जगह इन सब मामले में उससे बहुत-बहुत पीछे है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी हिमाचल में प्रचार के लिए गयी भी थीं तो कम ही जगह। चर्चा है कि हिमाचल में प्रियंका ही चुनाव प्रचार संभाल रही हैं। वह प्रचार करने अभी गुजरात नहीं गयीं। गुजरात में राज्यसभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल अभी मोर्चा संभाले हुए हैं। वहां के पार्टी चुनाव प्रभारी अशोक गहलोत तो अभी तक अपने राज्य में चल रही उठापटक व सचिन पायलट से टकराव की वजह से गुजरात पर ध्यान ही नहीं दे पा रहे हैं। इन हालात में अब सारी जिम्मेदारी नये चुने गये कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर आ पड़ी है। पूर्व सांसद हरिकेश बहादुर का कहना है कि खड़गे दलित समाज के हैं और छात्र जीवन से ही कांग्रेस में हैं। इसका देश के दलित समाज में कुछ तो संदेश जायेगा ही। एक दलित को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने से भाजपा व अन्य दलों पर थोड़ा दबाव तो पड़ेगा ही। भाजपा की लगातार कोशिश दलितों, आदिवासियों में पैठ बनाने की है। इसी के मद्देनजर द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया गया। खड़गे दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य के हैं। भाजपा दक्षिण भारत में विजय अभियान के लिए हर हथकंडा अपनाने में जुटी हुई है। खतरा कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनाव में हारने का है। ऐसे में खड़गे के कांग्रेस अध्यक्ष बनने से कर्नाटक में भाजपा की परेशानी थोड़ी और बढ़ जायेगी।

### खड़गे का राजनीतिक...

संयुक्त मजदूर संघ के प्रभावशाली नेता रहे। 1969 में ही वह कांग्रेस में शामिल हो गये। पार्टी ने उनकी लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें गुलबर्गा कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बना दिया। 1972 में पहली बार कर्नाटक की गुरमीतकल विधानसभा सीट से विधायक बने। खड़गे गुरमीतकल सीट से नौ बार विधायक चुने गये। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों में मंत्री का पद भी संभाला। 2005 में उन्हें कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। 2008 तक वह इस पद पर बने रहे। 2009 में पहली बार सांसद चुने गये। खड़गे को गांधी परिवार का भरोसेमंद माना जाता है। वर्ष 2014 में उनको लोकसभा में कांग्रेस पार्टी संसदीय दल का नेता बनाया गया। लोकसभा चुनाव 2019 में हार के बाद कांग्रेस ने उन्हें 2020 में राज्यसभा में भेज दिया। बीते वर्ष गुलाम नबी आजाद का कार्यकाल खत्म हुआ तो खड़गे को राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष बना दिया गया।

### सीएम की पहल...

इधर, रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन की ओर से मुसाटोली के प्रभावित परिवारों के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया था। बैठक में प्रभावित परिवारों के सदस्यों से बातचीत करते हुए रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ अमित कुमार ने आश्वस्त किया कि सरकार आपके बेहतर पुनर्वास के साथ-साथ आपके लिये रोजगार और अन्य समस्याओं के समाधान में भी आपके साथ खड़ी है। प्रभावित परिवारों की मांग पर सूडा निदेशक ने उन्हें बताया कि सरकार शहरी क्षेत्र में जमीन की बंदोबस्ती नहीं कर सकती है। जब प्रभावित परिवारों ने शहर के आसपास भूखंड की मांग की, तो सूडा निदेशक ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि इनके पुनर्वास के लिए बेहतर और सुरक्षित जगह की पहचान करें।

रांची के एसी राजेश बरवार और सीओ नामकुम विनोद प्रजापति ने कहा कि जिला प्रशासन इसपर काम कर जल्द ही उचित कदम उठायेगा ताकि उनका पुनर्वास हो सके। स्मार्ट सिटी के सीईओ अमित कुमार ने कहा कि हमारी कोशिश होगी कि इस बस्ती के युवाओं को स्मार्ट सिटी में चल रही विकास योजनाओं में ही रोजगार का अवसर मिले। उन्होंने सभी परिवारों से कहा कि आप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें और इसके लिये सरकार हरसंभव मदद कर रही है। बैठक में मौजूद सोमा सांगा सहित अन्य ने खुशी जताते हुए कहा कि अब हमें नयी उम्मीद जगी है कि हमें सरकार सम्मान के साथ पुनर्वास करायेगी और हमें भी अपने ही शहर में रोजगार मिलेगा। इसके लिये उन्होंने मुख्यमंत्री, नगर विकास सचिव और स्मार्ट सिटी सीईओ तथा रांची जिला प्रशासन का आभार जताया। संतोष तिग्गा और सुनील मिंज ने भी जिला प्रशासन और स्मार्ट सिटी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि हम लोग कई दिनों से सहमे हुए थे कि कहीं हम सड़क पर न आ जायें, पर बैठक से एक नयी उम्मीद जगी है।




## न्यूज गैलरी

### जम्मू-कश्मीर में ऊंचाईवाले इलाकों में बर्फबारी

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की बर्फबारी हुई, जिससे दिन के तापमान में गिरावट आई। मौसम विज्ञान ने बुधवार को कहा कि अगले 24 घंटों में मुख्य रूप से साफ आसमान के साथ हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, पिछले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई है। अगले 24 घंटों के दौरान मुख्य रूप से साफ आसमान के साथ हल्की बारिश की संभावना है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान पांच, पहलगाम में 0.6 और गुलमर्ग में माइनस 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लद्दाख क्षेत्र के द्रास कस्बे में न्यूनतम तापमान माइनस 3.4 और कारगिल में 0.4 रहा। जम्मू में न्यूनतम तापमान 16.8, कटरा में 14.2, बटोटे में 6.5, बनिहाल में 4.6 और भद्रवाह में 4.9 रहा।

### जापान ने शुरू की दूसरे विश्वयुद्ध के बाद सबसे बड़ी जंगी तैयारी

**टोक्यो (एजेंसी)।** चीन में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं पार्टी कांग्रेस शुरू हो गई है और जल्द ही शी जिनपिंग के तीसरी बार चीन के राष्ट्रपति चुने जाने का ऐलान हो सकता है। इसके बाद कम्युनिस्ट पार्टी की अगली कांग्रेस साल 2027 में होगी। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग लगातार राष्ट्रवाद को हवा दे रहे हैं और ताइवान पर ड्रैगन के हमले का खतरा तेज हो गया है। इस बीच जापान ने अगले पांच साल में पूर्वी एशिया में चीनी ड्रैगन के किसी भी दुस्साहस का करारा जवाब देने के लिए दूसरे विश्वयुद्ध के बाद सबसे बड़ी जंगी तैयारी शुरू कर दी है। जापान 77 साल बाद इतने बड़े पैमाने पर घातक हथियारों को जुटा रहा है। जापान सरकार के अधिकारियों और सुरक्षा विश्लेषकों ने बताया कि टोक्यो ने चीन की किसी भी नापाक चाल को करारा जवाब देने की तैयारी तेज कर दी है। इससे पहले साल 2019 में जापान ने अपने रक्षा श्वेत पत्र में चीन को सबसे बड़े खतरे के रूप में बताया था। जापान ने कहा था कि चीन अंतरराष्ट्रीय मानको का उल्लंघन कर रहा है, ताइवान पर दबाव डाल रहा है और बहुत तेजी से अपनी सेना का आधुनिकीकरण कर रहा है जिससे गंभीर सुरक्षा खतरा पैदा हो गया है। सुरक्षा विश्लेषकों का कहना है कि जापान में यह चिंता और ज्यादा उस समय बढ़ गई जब रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया। विश्लेषकों का कहना है कि जापान में जो गुट हथियारों का विरोध कर रहे थे, वे यूक्रेन जंग के बाद बहुत कमजोर हो गए हैं। जापान के ताकूशोकू यूनिवर्सिटी के एक प्रफेसर तकाशी कावाकामी के मुताबिक जापान की सरकार ने हवा का रुख मोड़ दिया है और वह चीज करेगी जो वह कर सकती है।

# विदेश मंत्री की युवाओं से अपील- मैं क्या करता हूं, यह आपको जानना चाहिए



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार में विदेश मंत्री (ईएएम) एस जयशंकर ने युवाओं को विदेशी मामलों में सक्रिय रुचि लेने के लिए प्रोत्साहित किया। गुजरात के अहमदाबाद में मोदी युग में भारतीय विदेश नीति विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि लोग जानें कि एक विदेश मंत्री क्या करता है और विदेश नीति आज सभी को कैसे प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि मैं चाहूंगा कि आप समझें कि मैं क्या करता हूं। एक विदेश मंत्री के दो बड़े कार्य होते हैं। पहला भारत को दुनिया से परिचित कराना। साथ ही दुनिया को यह समझाना कि भारत नया क्या कर रहा है। एस जयशंकर ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पिछले आठ वर्षों में बहुत कुछ बदल गया है। उन्होंने कहा कि हमारी विदेश नीति की तीन मुख्य परतें हैं। पहला सुरक्षा केंद्रित है। दूसरा विकास केंद्रित है। तीसरा जनता केंद्रित है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि आज जो कुछ भी कहीं भी होता है वह दुनियाभर में सभी को प्रभावित करता है। जयशंकर ने कहा कि आज दुनिया के बारे में हमने जो दीवारें बनायी हैं वे टूटी हुई हैं।

- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने युवाओं को विदेशी मामलों में सक्रिय रुचि लेने के लिए किया प्रोत्साहित

दुनिया में कहीं भी जो कुछ भी होता है उसका प्रभाव हर जगह महसूस किया जाता है। यूक्रेन में युद्ध और कोविड महामारी दिखाती है कि दुनिया का हम पर क्या प्रभाव है। इसने हमें किसी विशेष देश पर निर्भर नहीं होने के बारे में सिखाया है। हमें वैश्विक कार्यस्थल और वैश्विक बाजार को बढ़ाना होगा। विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले 20-30 वर्षों में जब दुनिया में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ रही थी, तब भारत पिछड़ गया था। आज भारत में आई-फोन का निर्माण हो रहा है। अमेरिका और चीन के बदलते स्वरूप का जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि बदलती दुनिया में दो सबसे महत्वपूर्ण घटनाएं राइजिंग चाइना और चेंजिंग यूएस हैं। चीन आर्थिक, राजनीतिक और सैन्य रूप से आगे बढ़ा है। अमेरिका ने अपने संबंधों और साझेदारियों को लेकर बदलाव किया है। विदेश मंत्री ने आगे कहा कि आतंकवाद और सीमा मुद्दों को लेकर पिछले आठ सालों में भारत के रवैये में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि भारत हमेशा आतंकवाद का शिकार रहा है। लेकिन अब इसके बारे में हमारा दृष्टिकोण बदल गया है। आप इसकी तुलना 2008 में मुंबई, इसके बाद उरी और पुलवामा में हुई घटनाओं से कर सकते हैं। आप देख सकते हैं कि अपनी नीतियों को लेकर हमारी सरकार कितनी आश्वस्त है।

### अरमाने गिरधर नये रक्षा सचिव होंगे

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में सचिव अरमाने गिरधर रक्षा मंत्रालय में नये सचिव नियुक्त किये गये हैं। श्री गिरधर डॉ. अजय कुमार का स्थान लेंगे जो इस महीने के अंत में सेवानिवृत हो रहे हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने विभिन्न नियुक्तियों को मंजूरी दी है। इनमें श्री गिरधर को रक्षा मंत्रालय में विशेष अधिकारी बनाया गया है और आगामी 31 अक्टूबर को डॉ. अजय कुमार के सेवानिृत होने के बाद वह रक्षा सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। श्री गिरधर आंध्र प्रदेश कैडर के 1988 बैच के अधिकारी हैं। अन्य नियुक्तियों में ग्रामीण विकास मंत्रालय में सचिव नगेंद्रनाथ सिन्हा को इस्पात मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है।

# यूक्रेन के कब्जाये इलाकों से लोगों को हटायेगा रूस

- नये सैन्य कमांडर की चेतावनी से बढ़ी चिंता, बड़े हमले की तैयारी में है यूक्रेन

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन का युद्ध लगातार जारी है। रूस ने कुछ हिस्सों पर जनमतसंग्रह कराया है और जमीन को कब्जे में ले लिया है। अब रूस के नये कमांडर ने कहा है कि नागरिकों को कब्जाए हुए खेरसॉन से दूसरी जगह बसाया जाएगा। इसके पीछे का कारण तनावपूर्ण सैन्य स्थिति है। इस महीने की शुरुआत में सर्गेई सुरोविकिन की नियुक्ति की गई थी। अपने पहले टीवी इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'दुश्मन लगातार हम पर हमले की कोशिश करता रहता है।' इसके साथ ही उन्होंने यह भी माना कि खेरसॉन के कब्जे वाले दक्षिणी शहर के आसपास स्थिति विशेष तौर से कठिन थी। सुरोविकिन का ये बयान ऐसे समय में आया है जब लगातार रूसी सेना को अलग-अलग मोर्चों पर झटका लग रहा है और उसकी निर्भरता ईरान की मिसाइलों और ड्रोन पर बढ़ रही है। मंगलवार को न्यूयॉर्क टाइम्स ने बताया कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉप्स के सैन्य सलाहकार क्रीमिया में एक रूसी सैन्य अड्डे पर हैं। रूस को युद्ध में ईरान कामीकाजे या शाहीद-136 ड्रोन दे रहा है। कथित तौर पर ईरानियों को इन ड्रोन में आनी वाली दिक्कतों को हल करने के लिए भेजा गया है।

### खेरसॉन में मिल रही यूक्रेन से टक्कर



**यूक्रेनी** सेना दक्षिणी क्षेत्र खेरसॉन में भयानक तरीके से जवाबी हमला कर रही है। सुरोविकिन ने माना कि इस इलाके में स्थिति अच्छी नहीं है। उन्होंने आगे कहा, 'खेरसॉन शहर के बारे में आगे की कार्रवाई और योजनाएं विकासशील सैन्य-सामरिक स्थिति पर निर्भर करेंगी, जो आसान नहीं है।' सुरोविकिन का ये बयान रूसी सेना के सामने आने वाली कठिनाइयों की स्वीकृति दिखाता है। खेरसॉन से रूसी सेना की वापसी पर भी उन्होंने इशारा किया है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि रूसी सेना पीछे नहीं हट रही, बल्कि संभव है कि ये हवाई हमलों की एक बार फिर शुरुआत करें।

### बड़ा हमला कर सकता है यूक्रेन

**खेरसॉन** नीप्रो नदी के पश्चिमी तट पर है। 24 फरवरी को रूस के हमले के बाद से खेरसॉन उन पहले इलाकों में से एक है, जिस पर रूस ने कब्जा जमाया था। यूक्रेन की सेना ने खेरसॉन में एक न्यूज ब्लैकआउट की घोषणा की है। अनुमान लगाया जा रहा है कि यूक्रेन एक बड़ी जवाबी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। वह पहले भी ऐसा कर चुके हैं। रॉयल यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूट के पूर्व महानिदेशक माइकल क्लार्क ने कहा कि जब यूक्रेनी न्यूज ब्लैकआउट करते हैं तो इसका मतलब है कि कुछ चल रहा है।

#### ऑनर किलिंग का रोंगटे खड़े करनेवाला केस

### ऊंची जाति की प्रेमिका व दलित प्रेमी को मार लाशें मगरमच्छों को खिला दीं



**बागलकोट (एजेंसी)।** कर्नाटक के बागलकोट में ऑनर किलिंग का दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। 17 वर्षीय प्रेमिका ऊंची जाति की थी, जबकि 25 वर्षीय उसका प्रेमी दलित था। इसी से नाराज होकर लड़की के परिजनों ने दोनों को शादी की बात करने के बहाने एक सुनसान जगह पर बुलाया और फिर मारकर गहरी नदी में फेंक दिया। आशंका है कि लाशों को नदी में रहनेवाले मगमच्छों और बड़ी मछलियों ने खा लिया। आरोपियों ने लड़की के दुपट्टे से ही उसका गला घोंट दिया था। जबकि लड़के को भी इसी तरह मार डाला। लड़की के पिता परसप्पा कराडी ने पुलिस को गुमराह करने की उसकी मिसिंग रिपोर्ट दर्ज करायी थी। हालांकि, पुलिस की जांच में सामने आया लड़की के पिता, भाइयों और चाचाओं ने लड़के की पिटाई की और उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि उसके सिर, चेहरे, छाती और निजी अंगों पर चोटें आयी थीं। जबकि लड़की का गला घोंटा गया। इसके बाद शवों को बेविनमट्टी और बागलकोट के बीच कृष्णा नदी में फेंक दिया। यह कथित अपराध एक अक्टूबर को किया गया था। परसप्पा कराडी ने 10 अक्टूबर को बागलकोट ग्रामीण थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी थी। उन्होंने दावा किया कि उनकी बेटी घर से भाग गयी है। उन्होंने लड़की के अपहरण का शक जताया था, लेकिन किसी का नाम नहीं लिया था। पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने दोनों की हत्या की साजिश रची थी। वे लड़की को वैन में बिठाकर ले गये और लड़के को शादी का झांसा देकर उठा लिया। पुलिस ने लड़की के पिता सहित भाइयों 19 वर्षीय रवि हुल्लान्नावर, 22 वर्षीय हनुमंत मलनादाद और 18 वर्षीय बीरप्पा दलवाई को गिरफ्तार किया।

# थरूर को आनेवाले दिनों में शर्मिंदा किया जायेगा : भाजपा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में पराजित हुए शशि थरूर को आड़े हाथों लेते हुए उन्हें चेताया कि आनेवाले दिनों में उन्हें गांधी परिवार की मुखालफत करने के लिए शर्मिंदा किया जायेगा। भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रभारी अमित मालवीय ने एक ट्वीट में कहा कि शशि थरूर एक हारे हुए व्यक्ति की तरह रो रहे हैं। क्या उन्हें वास्तव में कांग्रेस में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होने की उम्मीद थी? उसे आभारी होना चाहिए कि उसे बाथरूम में बंद नहीं किया गया था... सबसे बुरा अभी आना बाकी है। अगले कुछ महीनों में गांधी परिवार से



मुकाबला करने के लिए उनका उपहास किया जायेगा और उन्हें शर्मिंदा किया जायेगा। कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर के समर्थकों ने अध्यक्षीय चुनाव के प्रभारी मधुसूदन मिस्त्री को पत्र लिखकर मतदान में धांधली का आरोप लगाया है। इस पत्र के सार्वजनिक होने पर कांग्रेस में हंगामा मच गया है और श्री मिस्त्री ने कहा है कि यह पार्टी का आंतरिक मामला है और इसे सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए था। उन्होंने यह भी कहा है कि पार्टी अध्यक्ष के चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हुई है और इस संबंध में जो शिकायत की गयी है उनका एक-एक करके जवाब दिया जायेगा और श्री थरूर को बुलाकर पूछा जायेगा कि उन्होंने किस वजह से सवाल उठाये हैं।

# फर्जी परिवार शादी का रिश्ता लेकर पहुंचा युवती के घर

- आरएनएम



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सक्ती में पुलिस ने एक शातिर ठग परिवार को गिरफ्तार किया है। इस परिवार में हर रिश्ता नकली है। इस बात का पता तब चला, जब एक युवती शिकायत लेकर थाने पहुंची। युवती से नाम बदलकर शादी की, खुद को रेलवे में कर्मचारी बताया और 13.5 लाख रुपये भी ठग लिये। शादी के चार साल बाद यह सब फर्जीवाड़ा सामने आया। तब पता चला कि पति, सास-ससुर और रिश्तेदार सब फर्जी हैं। इस दौरान महिला के एक बच्ची भी हो गयी। मामला जैजैपुर थाना क्षेत्र का है।

- पति, सास, ससुर, रिश्तेदार सब फर्जी
- शादी हो गयी, एक बच्ची भी हो गयी, फिर पत्नी से 13.5 लाख लेकर हो गया चंपत

**कैसे युवती के यहां शादी के लिए पहुंचे :** ओडेकरा निवासी युवती के परिवार का संपर्क साल 2019 में सोनादुला निवासी अरविंद चंद्रा, दिलहरण महंत, आनंद राम, सक्ती निवासी विमला चौहान और ब्रजराजनगर निवासी पनिका दास से हुआ। लोगों ने खुद को एक परिवार बताया। इसमें अरविंद ने खुद का नाम विवेक दास, विमला चौहान का नाम चमेली बाई और अपनी मां बताया। वहीं, आनंद राम को आनंद दास व अपना बड़ा भाई, दिलहरण महंत को रिश्तेदार और पनिका दास को अपना मामा बताया था। आरोपियों ने झांसा दिया कि दूल्हा अरविंद रायगढ़ में रेलवे के पार्सल विभाग में काम करता है। यह सभी लोग परिवार की तरह युवती के घर शादी की बात करने पहुंचे थे। आरोपियों ने युवती के परिवारवालों से कहा कि आप शादी में कोई सामान मत दीजियेगा, जो देना हो कैश में दे देना। इसके बाद अप्रैल 2019 में युवती से अरविंद ने विवेक दास बनकर जांजगीर के शिव मंदिर में शादी कर ली। साथ ही दहेज में 10 लाख रुपये कैश लिये। शादी के बाद युवती को ससुराल न ले जाकर उसी के घर रहने आ गया।

**पति ससुराल में रहने आ गया :** इस दौरान युवती जब भी आरोपी से ससुराल चलने को कहता तो वह टाल जाता। इस तरह चार साल बीत गये। इस बीच शादी के दो साल बाद उन्हें एक बेटी भी हुई। एक दिन आरोपी अरविंद ने युवती से कहा कि उसकी मां की तबीयत बहुत खराब है। उन्हें कैंसर हो गया है। इलाज के लिए रुपए चाहिए। फिर तीन किश्त में 3.80 लाख रुपये ले गया। इसके बाद युवती को छोड़कर भाग निकला। काफी संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस बीच उन्हें जानकारी मिली की पूरा परिवार फर्जी है। जैजैपुर थाना प्रभारी डीआर टंडन ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाश की जा रही थी। इस बीच सूचना मिली कि सभी आरोपी अपने-अपने घरों में मौजूद हैं। इस पर पुलिस टीम ने दबिश दी। वहां से सभी आरोपियों अरविंद कुमार चंद्रा, दिलहरण महंत, पनिक राम जायसवाल और विमला बाई चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पूछताछ जारी है, क्योंकि आरोपियों के और भी इस तरह की वारदात किये जाने की आशंका है।

# भारत से चोरी हुई 307 प्राचीन चीजें लौटायेगा अमेरिका

- कुख्यात व्यापारी सुभाष कपूर के पास से मिला ज्यादातर सामान

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिका ने करीब 15 साल की जांच के बाद 307 प्राचीन वस्तुओं को भारत को लौटाया जिन्हें चुराकर या तस्करी के जरिये देश से बाहर ले जाया गया था। इन वस्तुओं की कीमत करीब 40 लाख अमरीकी डॉलर है। इनमें से अधिकतर वस्तुएं कुख्यात व्यापारी सुभाष कपूर के पास से बरामद की गयीं। मैनहट्टन जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने भारत को करीब 40 लाख डॉलर की 307 प्राचीन वस्तुएं लौटाने की सोमवार को घोषणा की। ब्रैग ने बताया कि इनमें से 235 वस्तुओं को मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय द्वारा कपूर के खिलाफ की गयी छापेमारी में जब्त किया गया था। कपूर अफगानिस्तान, कंबोडिया, भारत, इंडोनेशिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, थाईलैंड और अन्य देशों से वस्तुओं की तस्करी करने में मदद करता है। मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय के अनुसार, न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में एक समारोह के दौरान ये प्राचीन वस्तुएं भारत को सौंपी गयीं।



**चोरी की गयी थी चीजें :** भारत के महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल और अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग के इंवेस्टिगेशन एक्टिंग डिप्टी स्पेशल एजेंट-इन-चार्ज क्रिस्टोफर लाउ ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। ब्रैग ने कहा कि इन प्राचीन वस्तुओं को तस्करों के गिरोहों ने कई स्थानों से चोरी किया था। इन गिरोह के सरगनाओं ने वस्तुओं के सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्व के प्रति कोई सम्मान नहीं दिखाया। उन्होंने कहा कि हमें भारत के लोगों को ये सैकड़ों वस्तुएं लौटाने पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान पिछले साल भी अमेरिका ने 157 प्राचीन वस्तुएं लौटायी थीं।

### इजरायल का लौटाया गया था सिक्का

**अमेरिका** ने सितम्बर में रोमन साम्राज्य के खिलाफ यहूदी विद्रोह से जुड़ा एक सिक्का लौटाया था। तस्करी से जुड़ी जांच के बाद ये फैसला लिया गया था। न्यूयॉर्क के मैनहैटन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के कार्यालय ने तब बताया था कि ये सिक्का 69 ईस्वी में ढाला गया था, जो बेहद दुर्लभ है। इसकी कीमत 10 लाख डॉलर यानी लगभग 8 करोड़ रुपए बताई जा गई थी। इजरायल के अधिकारियों को मुखबिरों से सूचना मिली थी कि यरुशलम के दक्षिण में एला घाटी में प्राचीन चीजों के लुटेरों के हाथ ये सिक्का लगा था।